देवघर
शनिवार, 29 मार्च 2025
चैत्र कृष्ण अमावस्या विक्रम संवत् 2081
~~मूल्य ₹ 3.00~~ कुल पृष्ठ 12
आमंत्रण मूल्य ₹ 2.00
epaper.indianpunch.com
वर्ष : 44, अंक : 85, रजिस्ट्रेशन : 39728/84

संताल परगना से प्रकाशित प्रथम हिन्दी दैनिक

# इंडियन पंच

तत्थ दिखे, निष्पक्ष लिखे


झारखण्ड सरकार GOVERNMENT OF JHARKHAND

# झारखण्ड के लगभग 4 करोड़ लोगों का अबुआ बजट 2025-26

## ₹1 लाख 45 हजार 400 करोड़ का कुल बजट












**हेमन्त सोरेन**
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

### मंईयां सम्मान के लिए
**₹13 हजार 363 करोड़ 35 लाख**



### सामाजिक सुरक्षा के लिए
₹22 हजार 23 करोड़ 33 लाख 85 हजार

### ग्रामीण क्षेत्र में आय के स्रोत के लिए
**12 करोड़** मानव दिवस सृजन

### सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमियों के लिए
MSME निदेशालय
की स्थापना

### बच्चों के लिए
**₹9 हजार 411 करोड़ 27 लाख**

### किशोरियों के लिए
- सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना एवं
- मुख्यमंत्री कन्यादान योजना हेतु

**₹310 करोड़**



### शिक्षा के लिए



### प्रारंभिक/माध्यमिक के लिए
**₹15 हजार 198 करोड़ 35 लाख**

### उच्च एवं तकनीकी के लिए
**₹2 हजार 409 करोड़ 20 लाख 96 हजार**

### स्वास्थ्य सुविधा के लिए
₹7 हजार 470 करोड़ 50 लाख 86 हजार

### पंचायती राज व्यवस्था के लिए
**₹2 हजार 144 करोड़ 78 लाख 14 हजार**

### पेयजल के लिए
₹4 हजार 710 करोड़ 2 लाख 56 हजार

### युवाओं को स्वरोजगार के लिए
**आसान और कम ब्याज पर लोन सुविधा**

### उद्योग विस्तार के लिए
**₹486 करोड़ 31 लाख 61 हजार**



### ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति
पलाश मार्ट को **₹30 करोड़**



### किसानों के लिए
**₹259 करोड़**
से 118 गोदाम निर्माण

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार
PR.349529(IPRD)24-25

## न्यूज अपडेट

### दो साल में ही जर्जर हो गया 5.87 लाख में बना नाला

**गिद्धौर। संवाददाता।** गिद्धौर प्रखंड अंतर्गत रतनपुर पंचायत के वार्ड संख्या 6 में 15वां वित्त आयोग के तहत मुख्य सड़क से ट्रॉसफार्मर तक कराया गया नाला निर्माण दो साल में ही जर्जर हो गया। जिसको लेकर ग्रामीणों में जबरदस्त आक्रोश है। बताया गया कि 15वें वित्त आयोग के तहत रतनपुर पीडब्लूडी रोड से ट्रांसफार्मर तक नाला निर्माण कार्य योजना संख्या 03/21-22 की प्राक्कलित राशि 5,87,650 रुपए से अभिकर्ता श्रवण कुमार एवं रतनपुर पंचायत समिति सदस्य सुनील राम ने कराया था। इस नाला के निर्माण होने के दो साल में ही यह जर्जर हो गया है। नाला का प्लास्टर झड़ गया है। ईंटों की कई परतें हट गई हैं। प्रमुख स्थानों पर डाले गए ढक्कन के स्लैब से भी सीमेंट, बालू का मसाला झड़ गया है और छड़ बाहर आ गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि नाला का निर्माण तो हुआ है लेकिन इसका सदुपयोग नहीं हो पाया। वहीं इस बारे में गिद्धौर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी बिपिन कुमार से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि 15वें वित्त आयोग की यह योजना प्रखंड विकास पदाधिकारी के मद के अंतर्गत आती है।

### गर्मी शुरू होते ही बढ़ने लगी प्यास, अलीगंज में 40 फीट नीचे पहंचा भूजल

**अलीगंज। संवाददाता।** गर्मी का मौसम शुरू हो गया है। इसके साथ ही हर तरफ पानी की मांग भी बढ़ी है। जैसे-जैसे गर्मी और बढ़ेगी लोगों के कंठ और सूखने लगेंगे। प्यास अधिक सतायेगी। बाजार से लेकर गांव-देहात में पानी का भूजल स्तर पाताल की ओर भागेगी। अभी ही अलीगंज इलाके में पानी का औसत भूजल स्तर 40 फीट को पार कर गया है। अलीगंज प्रखंड जिले का सर्वाधिक जल संकट वाला क्षेत्र है। पानी की बर्बादी नही हो, इसकी अहमियत समझते हुए लोग जागरूक रहें। प्रखंड में अनेकों जगहो पर अभी ही पानी की संकट की सूचनाऐं मिलने लगी है। अनेको जगहों पर खराब पड़े चापाकल की वजह से उन इलाकों में पानी की किल्लत है। पीएचडी जेई मुकेश कुमार से पूछा गया तो बताया कि गर्मी में जल संकट से निपटने के लिए विभाग अभी से ही पूरी तरह से चौकसी बरत रहा है। इलाके में खराब चापाकलों की मरम्मत के लिए हर दिन दल सक्रिय होकर काम कर रहा है। आमजनों से अपील है कि लोग पानी को बर्बाद नही करें, नल जल के पानी से खेंतो का पटवन नही करें, पेयजल के महत्व को समझें।

### ईद और रामनवमी को लेकर हुई शांति समिति की बैठक



**कुंडहित। संवाददाता।** शुक्रवार को कुंडहित अंचलाधिकारी सीताराम महतो की अध्यक्षता में बागडेहरी थाना परिसर में ईद एवं रामनवमी को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से बागडेहरी थाना प्रभारी अमित कुमार एवं एसआई अजय कुमार करकट्टा उपस्थित थे। बैठक में ईद और रामनवमी को शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। बताया गया कि पूजा एवं जुलूस के दौरान गाइडलाइन का पालन किया जाना है। रामनवमी का जुलूस शांतिपूर्ण ढंग से निर्धारित मार्ग एवं समय पर हीं निकाला जाए। जुलूस में डीजे कम साउंड से बजाया जाना है और सिर्फ धार्मिक गीत हीं बजाना है और किसी भी प्रकार के अफवाह पर ध्यान नहीं देना है। वहीं सोशल मीडिया पर विशेष नजर रखना है और किसी प्रकार की कोई बात होगी तो तत्काल पुलिस को सूचना देने को कहा गया। वही ईद के नमाज को लेकर समय सारणी की भी चर्चा की गई और शांतिपूर्ण ढंग से नमाज अदा करने की अपील की गई। कहा कि इस दौरान किसी प्रकार का आपत्तिजनक धार्मिक पोस्ट ना करें और नियम को पालन करते हुए शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार का मनाएं। मौके पर बनमाली मंडल, दुलाल माजी, शेख साबिर, रफीक खान, अरुण मुखर्जी, नारायण चंद्र घोष, अनवर खान, जाकिर खान, भीम चंद्र माजी, आशिक शेख, धर्मदास मंडल आदि शांति समिति के सदस्य गण उपस्थित थे।

### अबुआ आवास योजना के तहत कई लाभुकों का डीडीसी ने कराया गृह प्रवेश

**नाला। संवाददाता।** उप विकास आयुक्त निरंजन कुमार ने जिले के नाला, जामताड़ा आदि प्रखंड अंतर्गत विभिन्न पंचायतों एवं ग्रामों में अबुआ आवास योजना, पीएम आवास प्लस सर्वे एवं पीएम जनमन के तहत पीवीटीजी परिवारों की स्वीकृति आदि कार्य के भौतिक निरीक्षण किया। इस क्रम में उप विकास आयुक्त ने नाला एवं जामताड़ा प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में अबुआ आवास योजना के लाभुकों के द्वारा बनाए जा रहे आवासों का भौतिक निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवास निर्माण कार्य सतत अनुश्रवण करने एवं लाभुकों के तृतीय किस्त के जल्द से जल्द भुगतान के लिए निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने पीएम आवास योजना एवं अबुआ आवास योजना के लाभार्थियों का भौतिक सत्यापन कर आवास निर्माण कार्य को लेकर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अबुआ आवास के तहत जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूर्ण करते हुए लाभुकों को गृह प्रवेश कराएं। इसी क्रम में उन्होंने नाला प्रखंड के श्रीपुर पंचायत के लाभुक जगबंधु महतो एवं जामताड़ा प्रखंड के उदलबनी पंचायत अंतर्गत आसनचुआ के लाभुक मिरु देवी को अबुआ आवास योजना के तहत गृह प्रवेश कराया। इसके अलावा उप विकास आयुक्त ने पीएम आवास योजना के तहत आवास प्लस सर्वे कार्य का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को 31 मार्च तक सर्वे कार्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया। इसके अलावा पीएम जनमन योजन के तहत पीवीटीजी परिवारों की स्वीकृति को लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिया। मौके पर संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी परवीन चौधरी, आकांक्षा कुमारी, सहायक अभियंता, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, कनीय अभियंता, प्रखंड समन्वयक, पंचायत सचिव एवं रोजगार सेवक सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

**एडीएम ने जनता दरबार में फरियादियों की सुनी पीड़ा**

# जनता की पीड़ा को दूर करना जिला प्रशासन का मुख्य मकसद है : एडीएम

जमुई। संवाददाता।




अपर समाहर्ता सुभाष चंद्र मंडल ने समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जनता दरबार का आयोजन कर पीड़ित लोगों की गंभीरता से व्यथा सुनी। उन्होंने मौके पर कई मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन भी किया साथ ही कुछ प्रकरणों को इससे जुड़े विभाग को अग्रसारित कर विधि सम्मत कार्रवाई किए जाने का निर्देश दिया। जिले के दूर-दराज से आए लोग जनता दरबार में अपनी बात रखकर संतुष्ट दिखे। एडीएम ने जनता दरबार में भूमि विवाद, अतिक्रमण, दाखिल खारिज, रैयति भूमि का निबंधन, अनुग्रह अनुदान, खतियान, दखल-कब्ज़ा, जमीन की नापी, प्रधानमंत्री आवास योजना, विकलांग पेंशन, चयन प्रक्रिया, जमाबंदी, सेवान्त लाभ, सामाजिक सुरक्षा से लाभ, अनुज्ञप्ति रद्द, अनुकम्पा नियुक्ति, राशि-गबन, रास्ता अवरुद्ध, मार-पीट, बासगीत पर्चा, पक्की नली गली, आंगनबाड़ी, गैर मजरूआ विवाद, बिजली समेत अन्य मामले उपस्थापित किए गए। उन्होंने तमाम प्रकरणों को गंभीरता से लिया और इस पर यथोचित कार्रवाई किए जाने की बात कही। एडीएम ने इस अवसर पर कहा कि जनता की पीड़ा को दूर करना जिला प्रशासन का मुख्य मकसद है। सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ कमजोर वर्गो को मिले, इसके लिए कारगर कदम उठाए जा रहे हैं। जनता इन योजनाओं का लाभ उठाएं और सरकार की सोच को साकार करने में सहयोग दें। राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को गति देने में शिथिलता और अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके लिए अधिकारियों को निष्ठा के साथ काम करने का निर्देश दिया।डीपीआरओ वीरेंद्र कुमार, जिला नीलाम पदाधिकारी शशांक बरनवाल, वरीय उप समाहर्ता नागमणि कुमार वर्मा, सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी भानू प्रकाश समेत कई विभागीय पदाधिकारी मौके पर उपस्थित थे।

### एक नाबालिग लड़की सहित चार महिलाओं के साथ नशे में धुत तीन लोगों ने की मारपीट



झाझा। संवाददाता।

थाना क्षेत्र के डोमयमधु गांव में एक घर में घुसकर घर की तीन महिला और एक नाबालिग लड़की के साथ नशे की हालत में तीन लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। घायल की पहचान 45 वर्षीय चंपा देवी, 31 वर्षीय संजू देवी, 30 वर्षीय अनरवा देवी और 15 वर्षीय चांदनी कुमारी के रूप में हुई है। सूचना मिलने पहुंची डायल 112 की पुलिस की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए रेफरल अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टर ने सभी घायलों का इलाज किया और स्थिति गम्भीर देखकर सभी घायलों को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल जमुई रेफर कर दिया। घायल चंपा देवी ने बताई की हमसभी अपने घर पर थे कि तभी विनोद यादव एवं अन्य दो लोग नशे में धुत होकर मेरे घर में घुस गया। उस वक्त घर पर कोई पुरुष नही था, उसके बाद वे तीनों हमलोगों के साथ वाद विवाद करने लगा, जब हमलोगों ने विरोध किया तो उक्त तीनों ने हम सभी घर की महिला और नाबालिग लड़की के साथ मारपीट करते हुए घायल कर दिया। हल्ला मचाने पर जब गांव के लोग एकजुट होने लगा तो उक्त तीनों लोग मौके स्थल से फरार हो गया।

# नारगंजो के जंगलों में आग का तांडव

**वन विभाग की लापरवाही से पर्यावरण को खतरा**

झाझा। संवाददाता।



प्रखंड अंतर्गत उत्तरी नारगंजो के जंगलों में बार-बार लग रही आग ने पर्यावरण, वनस्पतियों और जंगली जीवों को गंभीर संकट में डाल दिया है। इस क्षेत्र में आग की घटनाएं इतनी बढ़ गई है कि अब यह जंगल से निकलकर रिहायशी इलाकों तक पहुंच रही है। तो कही खेतों में तैयार खड़ी फसल को भी अपने आगोश में ले रही है। जंगलों की भीषण आग की घटना ने बाराकोला पंचायत के गुटिगजार के रिहायशी इलाके को अपनी चपेट में ले लिया है। स्थानीय लोगों ने नल जल योजना के पानी का इस्तेमाल कर किसी तरह आग पर काबू पाया, वरना पूरा इलाका जलकर राख हो सकता था। लेकिन सवाल यह उठता है कि वन विभाग और केंद्रीय पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग इस संकट की रोकथाम के लिए गंभीर क्यों नहीं है। जानकारी के मुताबिक, जंगलों में आग लगने की मुख्य वजह ग्रामीणों द्वारा महुआ चुनने के लिए जानबूझकर आग लगाते हैं। लोग जानकारी के अभाव में ऐसा करते हैं, जिससे छोटी सी चिंगारी पूरे जंगल को अपनी चपेट में ले लेती है। इस बार की आग इतनी भयावह थी कि जंगल की वनस्पतियां और जीव-जंतु तो प्रभावित हुए ही, मृदा की उर्वरता भी खतरे में पड़ गई। विशेषज्ञों का कहना है कि बार-बार आग लगने से मिट्टी सख्त हो जाती है और उसकी मृदा शक्ति क्षीण हो जाती है। जंगल में प्राकृतिक पुनर्चक्रण की प्रक्रिया भी बाधित हो रही है। बड़े पेड़ों के बीज, जो बारिश के मौसम में अंकुरित होकर नए पेड़ बनते हैं, आग की भेंट चढ़ रहे हैं। इससे जंगल का पारिस्थितिकी तंत्र संकट में है। केंद्रीय पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग ने जंगलों की आग पर नजर रखने के लिए सैटेलाइट तकनीक का इस्तेमाल शुरू किया है लेकिन तकनीक कितनी भी उन्नत हो, जमीनी स्तर पर कार्रवाई के अभाव में यह नाकाफी साबित हो रही है। वन विभाग के अधिकारियों और फॉरेस्टरों पर लापरवाही के आरोप लग रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अगर वन विभाग स्थानीय लोगों के साथ मिलकर जागरूकता अभियान चलाए और जंगल की निगरानी बढ़ाए, तो इन घटनाओं पर काफी हद तक काबू पाया जा सकता है। स्थानीय निवासी ने बताया कि हमारे पास आग बुझाने के लिए संसाधन नहीं है। अगर समय पर वन विभाग मदद करता, तो शायद इतना जंगल का नुकसान न होता। वहीं, विशेषज्ञों के अनुसार, अगर जंगलों को आग से बचाने के लिए तत्काल कदम नहीं उठाए गए, तो इसका असर न सिर्फ जैव विविधता पर पड़ेगा, बल्कि जलवायु परिवर्तन की समस्या भी गंभीर हो सकती है।

### एमजी कॉलेज, रानेश्वर में एनएसएस का सात दिवसीय विशेष शिविर का हुआ आयोजन



विशेष शिविर में एसकेएमयू समन्वयक और स्वयंसेवक।

रानेश्वर/निज सनवाददाता।




मयूराक्षी ग्रामीण कॉलेज में शुक्रवार को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से सात दिवसीय विशेष शिविर शुक्रवार से प्रारंभ हुआ। विशेष शिविर में कॉलेज के एनएसएसएस इकाई 1, 3 एवं 5 के स्वयंसेवक शामिल हुए। शिविर का आयोजन प्रभारी प्राचार्य प्रो नव कुमार पाल की अध्यक्षता में आयोजितहुई। इस बावत कॉलेज के मीडिया प्रभारी डॉ रूपम कुमारी ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के कार्यक्रम समन्वयक डॉ धनंजय कुमार मिश्रा मौजूद थे। कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद के फोटो पर दीप प्रज्जवलित कर पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समन्वयक डॉ धनंजय कुमार ने तीनो यूनिट का निरीक्षण कर बताया कि सभी यूनिट से 50-50 स्वयंसेवक शामिल है। समन्वयक डॉ मिश्रा ने एनएसएस झंडोतलन कर विशेष शिविर का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि समन्वयक डॉ मिश्रा का इकाई 1 कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ अवर्णा रॉय ने पुष्पगुच्छ एवं अंग वस्त्र देकर स्वागत किया। प्रभारी प्राचार्य प्रो पाल का इकाई 3 कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ रूपम कुमारी ने पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र देकर स्वागत की। हिंदी प्राध्यापक डॉ हिमांशु कुमार सिंह को पुष्प गुच्छ अंग वस्त्र देकर स्वागत किया गया। राष्ट्रगान कर कार्यक्रम की समाप्ति हुई। मौके पर शिक्षक, स्वयंसेवक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### विभिन्न मुद्दों को लेकर रसोईया संघ की बैठक आयोजित

**चकाई। संवाददाता।** चकाई प्रखंड अंतर्गत प्रखंड कार्यालय के परिसर में अवस्थित अंबेडकर चबूतरा में शुक्रवार को बिहार राज्य मध्याह्न भोजन रसोईया संघ की एक बैठक जिला अध्यक्ष रूबी देवी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में रसोइया के विभिन्न समस्याओं के समाधान को लेकर विस्तृत विमर्श किया गया। साथ ही, सम्मानजनक वेतन की घोषणा नहीं होने पर विरोध का निर्णय लिया गया। मौके पर रूबी देवी ने कहा कि वर्तमान समय में रसोईया को महज 1650 रूपये मानदेय मिलता है, जो काफी कम है। यह राशि इस भीषण महंगाई में ऊंट के मुंह में जीरा के समान है। संघ ने रसोइयों की समस्याओं से केंद्र सरकार एवं बिहार सरकार के मंत्रियों को आगत करा दिया है। लेकिन अबतक उन समस्याओं को दूर करने करने के लिए कोई ठोस प्रयास नहीं किया गया है। वहीं पटना से आए संघ के प्रधान सचिव ऋषि कुमार ने कहा कि सरकार लगातार रसोईया भाई बहनों का शोषण कर रही है। ऐसे में अगर अब सम्मानजनक वेतन रसोईया के खाते में नहीं आता है तो सभी रसोईया झाड़ू, छोलनी एवं छनौटा लेकर मुख्यमंत्री के दरवाजे पर जाकर बैठ जाएंगे। उन्होंने कहा कि बीते 8 मार्च को राजभवन घेराव के बाद समाचार पत्रों के माध्यम से सरकार ने मानदेय वृद्धि की घोषणा भी की है। इसके अतिरिक्त बैठक में मृतक रसोईया के आश्रित को अनुदान राशि उपलब्ध कराने सहित अन्य मुद्दे पर चर्चा की गई। बैठक में बड़ी संख्या में रसोईया उपस्थित थे।

# अवध किशोर सिंह के निधन से शोक की लहर

जमुई। संवाददाता।

शहर के बाबू टोला, महिसौड़ी मोहल्ला निवासी एवं जाने-माने समाजसेवी अवध किशोर सिंह का हृदय गति रुकने से निधन हो गया। वे करीब 86 वर्ष के थे। उन्होंने अंतिम सांस अपने पैतृक आवास पर ली। श्री सिंह अपने पीछे अपनी धर्मपत्नी, एक पुत्र, एक पुत्री समेत भरा-पुरा परिवार छोड़ गए हैं। उनका पार्थिव शरीर अंतिम दर्शन के लिए उनके पैतृक आवास पर रखा गया है, जहां इंसानों का हुजूम उन्हें नमन कर रहा है। श्री सिंह का अंतिम संस्कार शुक्रवार को जमुई शहर के समीप बहने वाली किऊल नदी के तट पर किया जाएगा। जमुई के दिग्गजों ने अपने-अपने ढंग से संवेदना प्रकट करते हुए उन्हें भावांजलि दी है। जानी-मानी समाजसेविका एवं विदुषी महिला डॉ. स्मृति पासवान ने अवध किशोर सिंह के निधन को जमुई के लिए अपूर्णीय क्षति बताया है। उन्होंने उन्हें मानवता का पर्याय बताते हुए कहा कि वे देव तुल्य थे। जिला विधिज्ञ संघ के पूर्व अध्यक्ष अश्विनी कुमार यादव ने अवध किशोर सिंह के निधन पर गहरा शोक प्रकट कर कहा कि उनके निधन से समाज के एक युग का अंत हो गया है। शहर के प्रसिद्ध समाजसेवी चंद्रमौलेश्वर सिंह उर्फ दामोदर बाबू ने कहा कि अवध किशोर सिंह के निधन से पूरा समाज शोकाकुल है। उनके जैसे मानव को खोकर हर इंसान के आंखों में आंसू है। जदयू के पूर्व जिलाध्यक्ष ई. शंभू शरण ने कहा कि अवध बाबू के निधन से समाज का एक मजबूत स्तंभ ढह गया है। एक समर्पित, कर्मठ और निष्ठावान व्यक्तित्व हमारे बीच से चला गया। राज्य उद्घोषक डॉ. निरंजन कुमार ने कहा कि पिता तुल्य अवध किशोर सिंह महान विभूति के साथ महामानव थे। वे अब हमारे बीच नहीं रहे लेकिन उनकी प्रेरणा, उनका मार्गदर्शन हर इंसान को हमेशा मिलता रहेगा। प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. विशाल आनंद सिंह, डॉ. नेहा सिंह, बीजेपी जिलाध्यक्ष कन्हैया कुमार सिंह, बीजेपी नेता निर्मल कुमार सिंह उर्फ बबलू जी, कुशल इंसान झून्ना सिंह, निखिल कुमार सिंह, अधिवक्ता रूपेश कुमार सिंह, पत्रकार राजेश कुमार सिंह, अधिवक्ता बलवंत सिंह, मुखिया प्रतिनिधिन कुणाल सिंह, गंगा सिंह, बबन सिंह आदि ने भी अवध किशोर सिंह के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। अंकित करने वाली बात है स्मृतिशेष अवध किशोर सिंह बिहार विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष दिवंगत त्रिपुरारी प्रसाद सिंह के अनुज थे।

### सेमेस्टर-3 की परीक्षा शांतिपूर्ण आयोजित

**चकाई। संवाददाता।** फाल्गुनी प्रसाद यादव महाविद्यालय चकाई में स्नातक सेमेस्टर थ्री की परीक्षा शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त आयोजित हुई। जानकारी देते हुए प्रभारी प्राचार्य सह केंद्राधीक्षक डॉ. रविशंकर यादव ने बताया कि शुक्रवार को भी सेमेस्टर थ्री की परीक्षा शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त आयोजित हुई, जिसमें प्रथम पाली में 440 में से 435 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया जबकि 5 परीक्षार्थी परीक्षा से अनुपस्थित रहे। वहीं दूसरी पाली में 528 परीक्षार्थियों में से 520 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया, जबकि 8 परीक्षार्थी परीक्षा से अनुपस्थित पाए गए। वहीं परीक्षा के सफल संचालन में परीक्षा नियंत्रक पर प्रो. चंद्रशेखर पंडित, रामनारायण यादव, प्रमोद कुमार, राजीव कुमार, राधिका कुमारी, पिंकी कुमारी, संगीता कुमारी सहित अन्य कॉलेज कर्मी मौजूद थे।

# प्रखंड कांग्रेस कमेटी और युवा कांग्रेस ने किया दावत-ए-इफ्तार का आयोजन

डुमरी। संवाददाता।



प्रखंड कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष नागेश्वर मंडल व युवा कांग्रेस के जिला महासचिव गुड्डु मलिक के नेतृत्व में अनुमंडल कार्यालय परिसर में शुक्रवार को रमजान के पावन अवसर पर दावत-ए-इफ्तार का आयोजन किया गया। इस दौरान पार्टी के उपरोक्त दोनों पदाधिकारियों ने इफ्तार में शामिल हुए सभी रोजेदारों को रमजान की मुबारकबाद देते हुए। क्षेत्र की तरक्की, प्रेम, आपसी सौहार्द और खुशहाली की दुआ की। कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष ने कहा कि रमजान का महीना त्याग, प्रेम और एकता का प्रतीक है और इस तरह के आयोजनों से आपसी भाईचारा और मजबूत होता है। वहीं युवा कांग्रेस के जिला महासचिव गुड्डु मलिक ने कहा कि ऐसे आयोजनों से सामाजिक समरसता और सौहार्द बढ़ता है तथा एक-दूसरे के प्रति प्रेम और विश्वास मजबूत होता है।इस इफ्तार पार्टी में उपस्थित सभी लोगों ने क्षेत्र एवं देश में शांति,सद्भाव और विकास की दुआ मांगी। इफ्तार पार्टी में गुलाम सरवर (बगोदर) युवा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष कपिल ठाकुर, रोहित कुमार मुखिया हसमुद्दीन अंसारी, संतोष महतो, सनाउल्लाह अंसारी, युसूफ अंसारी अभिभावक एकता मंच के प्रदेश अध्यक्ष रामेश्वर महतो, सादिक खान, फुलमणी देवी, सुमित्रा देवी, नुरेशा खातुन, अपसीर हसन, असलम अंसारी बीस सूत्री अध्यक्ष डेगलाल महतो आदि दर्जनों लोग उपस्थित थे।

**चैत्र शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाता है पर्व**

# गौर ए गणगौर माता खोल किवाड़ी बाहर ऊबी थारी पूजन हाली

**श्री श्याम मंदिर में एक अप्रैल को मनाया जाएगा पर्व**

झाझा। संवाददाता।




गणगौर के आते ही मारवाड़ी समाज के घरों में गणगौर के गीत गुंजायमान होने लगते हैं। उक्त पर्व चैत्र शुक्ल तृतीया को मनाया जाता है, इसलिए इसे गणगौर तीज भी कहते हैं। राजस्थान के लोकपर्व में गणगौर भी एक प्रमुख पर्व है। गण अर्थात शिव, गौर यानी माता पार्वती। लोकमान्यतानुसार, शिव पार्वती का स्वरूप है गणगौर। मुख्यतः गणगौर सुहागन महिला अपने पति के दीर्घायु एवं युवतियां अपने लिए सुंदर वर के लिए करती है। सर्वप्रथम मिट्टी से ईशर, गणगौर की प्रतिमा बनाई जाती है, जिसे सोलह कुओं का पानी पिलाया जाता है। काजल व रोली की टिक्की से गणगौर का तिलक किया जाता है। चना एवं गेहूं से एक विशेष प्रकार का प्रसाद जिसे घुघरी कहा जाता है, गणगौर को अर्पित करने की सनातन प्रथा है। समाज की सभी महिला एवं युवतियां अपने प्रारम्पिक राजस्थानी परिधान में सज धज कर गणगौर की पूजा अर्चना करती है। उक्त गणगौर तीज महोत्सव आगामी 1 अप्रैल को स्थानीय श्री श्याम मंदिर, झाझा में बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा।

प्रातः गणगौर की पूजा अर्चना एवं संध्या वेला में गणगौर की प्रतिमा का विसर्जन स्थानीय रेल तालाब में किया जाएगा। उक्त जानकारी अग्रवाल पंचायत समिति के मीडिया प्रभारी संजय बंका, नवनिर्वाचित मंडलीय उपाध्यक्ष अमन शर्मा ने देते हुए बताया कि गणगौर को लेकर समाज की महिलाओं एवं युवतियां में काफी उत्साह देखा जा रहा है। श्री बंका ने समाज के सभी सदस्य विशेषकर महिलाओं से अनुरोध किया है कि उक्त महोत्सव में सम्मिलित होकर अपने सामाजिक एकता व भव्यता का परिचय दें।

### दिल का दौरा पड़ने से शिक्षक की मौत

**चंद्रमंडी। संवाददाता।** चकाई प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय मोहलिया में कार्यरत शिक्षक नरेश दास का दिल का दौरा पड़ने से शुक्रवार को निधन हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही शिक्षकों में शोक की लहर दौड़ गई। बताया जाता है की अवकाश रहने के कारण शिक्षक नरेश दास अपने घर पर ही थे। इसी बीच दोपहर बाद उन्हें सीने में दर्द की शिकायत हुई। घर वालों द्वारा उन्हें आनन-फानन में इलाज के लिए देवघर ले जाया जा रहा था, देवघर पहुंचने के पहले ही उनकी मौत हो गई। मृतक पेटरपहाड़ी पंचायत के जलखारिया गांव के निवासी थे। वह अपने पीछे दो बेटी एक बेटा पत्नी सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके निधन की सूचना मिलते ही पत्नी किरण देवी और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक की पहचान कुशल व्यवहार एवं जानकार शिक्षक के रूप में होती थी। घटना की सूचना मिलते ही प्रमुख उर्मिला देवी, प्रमुख प्रतिनिधि अमीर दास मृतक के घर पहुंचे और गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। इधर कई शिक्षकों ने भी नरेश दास के निधन पर गहरा दुख जताते हुए मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।

### अखिल भारतीय किसान महासभा ने किसानों की मांगों को लेकर उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन



गिरिडीह। संवाददाता।

अखिल भारतीय किसान महासभा के बैनर तले अखिल भारतीय किसान महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी पुरण महतो, विजय सिंह, अशोक पासवान, राजेश सिन्हा, शंकर पांडेय, कन्हाई पांडेय, मेहताब अली मिर्जा, रामलाल मुर्मू, प्रीति भास्कर की अगुवाई में माले ऑफिस पेपरवाटांड़ ऑफिस से प्रतिवाद मार्च लेकर निकला और डीसी कार्यालय तक पहुंचा। इसके बाद उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा से मिलकर राष्ट्रपति के नाम किसानों के हित में ज्ञापन दिया। अखिल भारतीय किसान महासभा के वरिष्ठ नेता पूरण महतो ने कहा कि किसानों को केंद्र सरकार लगातार तंग कर रही है। केंद्र सरकार किसानों के हित में काम करें और किसानों को धोखा देना बंद करें। किसान नेता विजय सिंह और अशोक पासवान ने भी अपने अपने विचार उपायुक्त के सामने रखा। राजेश सिन्हा, शंकर पांडेय, कन्हाई पांडेय, मेहताब अली मिर्जा आदि जिला कमिटी के सदस्यों ने अपने अपने विचार रखा। अखिल भारतीय किसान महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी पुरण महतो, विजय सिंह, अशोक पासवान, राजेश सिन्हा, रामलाल मुर्मू, नागेश्वर महतो, शंकर पांडेय, प्रीति भास्कर, मेहताजी मिर्जा, कन्हाई पांडेय, रीतलाल प्रसाद, कन्हैया सिंह, निशान्त भास्कर, रुद्र प्रताप आदि मौजूद थे।

देवघर
शनिवार, 29 मार्च 2025
चैत्र कृष्ण अमावस्या विक्रम संवत् 2081
~~मूल्य ₹ 3.00~~ कुल पृष्ठ 12
आमंत्रण मूल्य ₹ 2.00
epaper.indianpunch.com
वर्ष: 44, अंक: 85, रजिस्ट्रेशन: 39728/84

संताल परगना से प्रकाशित प्रथम हिन्दी दैनिक
# इंडियन पंच
तल्ख दिखे, निष्पक्ष लिखे

राजभवन में राज्यपाल संतोष गंगवार से ... 9

## प्रधानमंत्री अगले हफ्ते करेंगे थाईलैंड और श्रीलंका की यात्रा

**नयी दिल्ली/एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 4 अप्रैल को आयोजित होने वाले 6वें बिमस्टेक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए 3-4 अप्रैल तक बैंकॉक, थाईलैंड का दौरा करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी की यह थाईलैंड की तीसरी यात्रा होगी। थाईलैंड से प्रधानमंत्री 4 से 6 अप्रैल तक श्रीलंका की राजकीय यात्रा पर जाएंगे। प्रधानमंत्री 3 अप्रैल को थाईलैंड के प्रधानमंत्री के साथ बैठक करेंगे। बैठक के दौरान दोनों द्विपक्षीय सहयोग की समीक्षा करने के साथ भविष्य की साझेदारी का मार्ग प्रशस्त करेंगे।

## पंच अपडेट

### म्यांमार में शक्तिशाली भूकंप, 20 लोगों की मौत

**यांगून/एजेंसी।** म्यांमार में शुक्रवार को भूकंप के शक्तिशाली झटके महसूस किये गये, जिसके कारण 20 लोगों की मौत हो गयी। अमेरिकी अखबार 'द न्यूयॉर्क टाइम्स' ने शुक्रवार को मांडले के एक अस्पताल के हवाले से यह जानकारी दी। अखबार की पहले की रिपोर्ट में संकेत दिया गया था कि आपदा में 13 लोग मारे गये और कम से कम 200 अन्य घायल हो गये। इससे पहले मांडले में एक मस्जिद के ढहने से कम से कम 10 लोगों की मौत की सूचना मिली थी। गौरतलब है कि म्यांमार के सागाइंग से 16 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में आये इस भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 7.7 आंकी गयी। भूकंप का केंद्र 22.01 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 95.92 डिग्री पूर्वी देशांतर पर सतह से 10.0 किलोमीटर की गहराई में था। इसके झटके थाईलैंड सहित पांच पड़ोसी देशों बंगलादेश, भारत, लाओस, चीन और थाईलैंड में भी महसूस किये गये।

### झारखंड के तापमान में आज से 2-3 डिग्री होगी गिरावट

**रांची/एजेंसी।** झारखंड के कई इलाकों में 29 मार्च से अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री की कमी होने की सम्भावना है। यह जानकारी मौसम विभाग ने दी है। तापमान में कमी का कारण दिन में चलनेवाली 30 से 40 किमी की गति से हवाएं चलने की संभावना है। वहीं राज्य के कई जिलों में तापमान बढ़कर 40 या उससे पार कर गया है। पूर्वी सिंहभूम का बहरागोड़ा, पलामू और पलामू में तापमान मार्च माह में ही 40 डिग्री पहुंच गया है, जबकि गढ़वा और देवघर में तापमान 40 डिग्री के करीब है। हालांकि राजधानी में अभी भीषण गर्मी शुरू नहीं हुई है, लेकिन हर दिन तापमान में एक से दो डिग्री की वृद्धि दर्ज की जा रही है।

### आजसू नेता की हत्या के खिलाफ प्रदर्शन

**रांची/एजेंसी।** पंडरा ओपी क्षेत्र के रवि स्टील के पास स्थित विशाल फुटवियर दुकान के संचालक और आजसू पार्टी के रातू प्रखंड उपाध्यक्ष भुपल साहू की हत्या के विरोध में शुक्रवार को झिरी चौक के पास सड़क जाम कर दिया गया। आक्रोशित लोगों ने सड़क पर बांस-बली लगाकर रास्ता जाम कर दिया और टायर जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने आसपास की दुकानों को भी बंद करा दिया। सूचना पर पंडरा पुलिस मौके पर पहुंची और आक्रोशित लोगों को समझा-बुझाकर कर जाम हटाने का प्रयास किया। आरोपितों के गिरफ्तारी की मांग को ले स्थानीय लोग सड़क पर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।

### भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन को मिली बड़ी सफलता

**नयी दिल्ली/एजेंसी।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शुक्रवार को एक और बड़ी सफलता दर्ज की। इसरो ने शुक्रवार को लॉक्स केरोसीन 200 टी थ्रस्ट सेमी-क्रायोजेनिक इंजन का पहला बड़ा सफल परिक्षण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। इसरो सेमी-क्रायोजेनिक इंजन विकसित कर रहा है। इसका मकसद प्रक्षेपण यान मार्क-3 (एलवीएम3) की पेलोड क्षमता बढ़ाना है। शुक्रवार को केंद्रीय मंत्री डॉ जितेन्द्र सिंह ने ट्वीट करके जानकारी दी कि इसरो ने अपनी अंतरिक्ष मिशन क्षमताओं को अगले स्तर तक बढ़ाने में एक और कामयाबी दर्ज कर ली है। लॉक्स केरोसीन 200 टी थ्रस्ट सेमी-क्रायोजेनिक इंजन का पहला बड़ा हॉट टेस्ट सफलतापूर्वक पूरा हो गया है। सफल परीक्षण की जानकारी देते हुए केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि लॉक्स केरोसीन 200 टी थ्रस्ट सेमी-क्रायोजेनिक इंजन का भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) द्वारा नई सुविधा में सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया, जिसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तिरुवनंतपुरम की अपनी यात्रा के दौरान राष्ट्र को समर्पित किया।

### केंद्रीय कैबिनेट ने दी कई परियोजनाओं को स्वीकृति, बिहार की कोसी और मेची लिंक परियोजना को मंजूरी

# नदी जोड़ो परियोजना होगी कृषि सिंचाई योजना में शामिल

**नयी दिल्ली । एजेंसी**

केंद्र सरकार ने बिहार की कोसी और मेची नदियों को जोड़ने को मंजूरी प्रदान की है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को इस अंतरराज्यीय नदी जोड़ो परियोजना को प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना में शामिल किए जाने को मंजूरी प्रदान की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने आज इस निर्णय को मंजूरी दी। सीसीईए ने 6,282.32 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत वाली इस परियोजना को मार्च, 2029 तक पूरा करने के लिए बिहार को 3,652.56 करोड़ रुपये की केंद्रीय सहायता को भी मंजूरी दी है। केन्द्रीय मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्वनी वैष्णव ने बताया कि कोसी नदी बिहार के पूरे राज्य से बहने वाली पानी का एक प्रमुख स्रोत है और 6,282 करोड़ रुपये की परियोजना को मंजूरी देकर कोसी नदी के जल प्रवाह को मेची नदी के साथ जोड़ा जाएगा। यह परियोजना से आर्थिक रूप से लाभकारी और आपदा प्रबंधन में मददगार साबित होगी। लिंक परियोजना बिहार के अररिया, पूर्णिया, किशनगंज और कटिहार जिलों में खरीफ सीज़न में 2,10,516 हेक्टेयर अतिरिक्त वार्षिक सिंचाई प्रदान करेगी। परियोजना में प्रस्तावित लिंक नहर के माध्यम से कोसी के अधिशेष पानी के लगभग 2,050 मिलियन क्यूबिक मीटर को मोड़ने/उपयोग करने की क्षमता है।



## सरकारी कर्मचारियों के डीए में 2 प्रतिशत बढ़ोतरी को मिली मंजूरी

**पेंशनभोगियों के लिए महंगाई राहत की एक अतिरिक्त किस्त जारी करने का रास्ता साफ**

**नयी दिल्ली । एजेंसी**

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ते (डीए) और पेंशनभोगियों के लिए महंगाई राहत (डीआर) में 2 प्रतिशत की बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी। यह बढ़ोतरी 1 जनवरी, 2025 से लागू होगी और इससे एक करोड़ से अधिक कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को लाभ होगा। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में केंद्रीय मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री शेष पेज 9 पर

## पटना-आरा-सासाराम ग्रीनफील्ड और ब्राउनफील्ड कॉरिडोर स्वीकृत

**120.10 किमी लंबे कॉरिडोर पर 3,712.40 करोड़ रुपये होगा खर्च**

**नयी दिल्ली । एजेंसी**

केंद्र सरकार ने चार लेन के पटना-आरा-सासाराम ग्रीनफील्ड और ब्राउनफील्ड कॉरिडोर को मंजूरी दी है। हाइब्रिड वार्षिकी मोड (एएएम) से बनने वाले 120.10 किमी लंबे कॉरिडोर पर 3,712.40 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्र की आर्थिक मामलों (सीसीईए) की मंत्रिमंडलीय समिति ने निर्माण को आज मंजूरी दी। मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्वनी वैष्णव ने बताया कि पटना-आरा-सासाराम कॉरिडोर क्षेत्रीय आर्थिक विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इससे लखनऊ, पटना, रांची और वाराणसी के बीच कनेक्टिविटी में सुधार होगा।

वर्तमान में सासाराम, आरा और पटना के बीच कनेक्टिविटी मौजूदा राज्य राजमार्गों (एसएच2, 12, 81 और 102) पर निर्भर है और आरा शहर में भारी भीड़ के चलते 3-4 घंटे लगते हैं। एक ग्रीनफील्ड कॉरिडोर, मौजूदा ब्राउनफील्ड हाइवे के 10.6 किमी के उन्नयन के साथ बढ़ती भीड़ को कम करने के लिए विकसित किया जाएगा। इससे घनी आबादी वाले आरा, गड़हनी, पीरो, बिक्रमगंज, मोकर और सासाराम की जरूरतें पूरी होंगी। परियोजना को प्रमुख परिवहन गलियारों के साथ जोड़ा जाएगा, जिसमें एनएच-19, 319 922, 131जी और 1220 शामिल हैं। इससे औरंगाबाद, कैमूर और पटना को जोड़ेंगे। परियोजना 2 हवाई अड्डों (पटना के जय प्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे और आगामी बिहिता हवाई अड्डे), 4 प्रमुख रेलवे स्टेशनों (सासाराम, आरा, दानापुर, पटना) और 1 अंतर्देशीय जल टर्मिनल (पटना) को कनेक्टिविटी प्रदान करेगी और पटना रिंग रोड तक सीधी पहुंच बढ़ाएगी।

## इलेक्ट्रॉनिक्स घटक विनिर्माण योजना को मिली मंजूरी

**नयी दिल्ली । एजेंसी**

केन्द्र सरकार ने इलेक्ट्रॉनिक्स आपूर्ति श्रृंखला में भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स घटक विनिर्माण योजना को 22,919 करोड़ फंड के साथ मंजूरी दी है। सरकार का कहना है कि योजना इलेक्ट्रॉनिक्स घटक विनिर्माण पारिस्थितिक तंत्र में बड़े निवेश (वैश्विक/घरेलू) को आकर्षित करके एक मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने में मदद करेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने आज इलेक्ट्रॉनिक्स घटक विनिर्माण योजना को मंजूरी दी। मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्वनी वैष्णव ने बताया कि योजना के अंतर्गत 59,350 करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित करने, 4,56,500 करोड़ रुपये का उत्पादन करने तथा 91,600 व्यक्तियों के लिए अतिरिक्त प्रत्यक्ष रोजगार तथा अनेक अप्रत्यक्ष नौकरियां सृजित किए जाने की परिकल्पना की गई है। यह शेष पेज 9 पर

## लोकसभा में समुद्री माल परिवहन विधेयक 2024 को मंजूरी

**नयी दिल्ली । एजेंसी**

लोकसभा में शुक्रवार को समुद्र के रास्ते माल ढुलाई के नियमों को आधुनिक और सरल बनाने से जुड़े विधेयक को मंजूरी प्रदान कर दी गई। समुद्री माल परिवहन विधेयक, 2024 को चर्चा के बाद आज ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। विधेयक इसी से जुड़े 1925 के अधिनियम का स्थान लेगा। यह विधेयक भारत के एक बंदरगाह से दूसरे या दुनिया के किसी बंदरगाह में माल ढुलाई से जुड़ी जिम्मेदारियों, अधिकारों सुरक्षा और और देनदारियों को तय करता है। विधेयक पर हुई चर्चा का संक्षिप्त जवाब देते हुए केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी एवं जलमार्ग मंत्री सर्वानंद सोनोवाल ने कहा कि नया कानून औपनिवेशिक काल के कानून को खत्म करने और व्यापार करने में आसानी सुनिश्चित करने की सरकार की व्यापक पहल का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि विधेयक को लाते समय सभी हितधारकों का पक्ष लिया गया है और हमारा उद्देश्य कानून को सरल करना है।

## ईद और सरहुल को ले पूरे राज्य में रहेंगे सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

**रांची । एजेंसी**

ईद और सरहुल को लेकर राजधानी रांची सहित पूरे राज्य में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। सभी संवेदनशील जगहों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए राज्य के विभिन्न जिलों में 4533 जवानों की अतिरिक्त तैनाती की जायगी। वही हजारीबाग, गिरीडीह, जमशेदपुर और रांची में विशेष चौकसी बरतने का निर्देश पुलिस मुख्यालय की ओर से दिया गया है। इन चारों जिलों में रैप को भी तैनात किया जाएगा। विशेष सुरक्षा और विधि-व्यवस्था के लिए बलों की प्रतिनियुक्ति 29 मार्च से दो अप्रैल तक के लिए की गई है। जहां पूर्व में सांप्रदायिक घटनाएं हुई हैं। उन जिलों में विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश पुलिस मुख्यालय ने दिया है। डीजीपी के आदेश पर आईजी अभियान ने इसे लेकर शुक्रवार को आदेश जारी कर दिया है। पुलिस कर्मियों को सुरक्षा उपकरणों के साथ प्रतिनियुक्त किया जाएगा। आईजी अभियान सह पुलिस प्रवक्ता एवी होमकर ने बताया कि ईद और सरहुल को लेकर पूरे राज्य में सुरक्षा की पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। पर्याप्त संख्या में पुलिस वालों की तैनाती की गई है। सोशल मीडिया पर सांप्रदायिक उपद्रव फैलाने वालों पर सीसीए की तहत कार्रवाई की जाएगी। डीजीपी अनुराग गुप्ता ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया है कि सोशल मीडिया पर सम्प्रदायिक उपद्रव फैलाने वाले को न सिर्फ चिन्हित कर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी, बल्कि आरोपित के विरुद्ध एनएसए और सीसीए के तहत भी कार्रवाई की जाएगी। सोशल मीडिया पर पुलिस कड़ी निगरानी रखेगी। किसी तरह की अफवाह फैले तो तत्काल उसका सत्यापन का निर्देश दिया गया है। डीजीपी ने सोशल मीडिया पर जहर फैलाने वाले तमाम आसामाजिक तत्वों को शेष पेज 9 पर



- **राजधानी रांची सहित हजारीबाग, गिरिडीह और जमशेदपुर में विशेष चौकसी बरतने का निर्देश**
- **विभिन्न जिलों में की जाएगी 4533 जवानों की अतिरिक्त तैनाती**
- **उपद्रव फैलाने वालों पर एनएसए व सीसीए के तहत होगी कार्रवाई : डीजीपी**

## गृहमंत्री अमित शाह दो दिवसीय दौरे पर आज पहुंचेंगे बिहार

**पटना । एजेंसी**

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 29 मार्च को दो दिवसीय दौरे पर बिहार आ रहे हैं। अपने दौरे में वे 30 मार्च को गोपालगंज में रैली को संबोधित करेंगे। उनके दौरे को बिहार विधानसभा चुनाव प्रचार अभियान से जोड़ कर देखा जा रहा है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल की तरफ से दी गई जानकारी के मुताबिक दो दिवसीय बिहार दौरे के तहत गृहमंत्री 29 मार्च की रात 8 बजे पटना आएंगे। 30 मार्च को गृहमंत्री बापू सभागार में 11 बजे से आयोजित सहकारिता विभाग के कार्यक्रम में शामिल होंगे। जिसमें विभाग की ओर से पैक्स से संबंधित चलाई जा रही योजनाओं और कुछ नई योजनाओं का शुभारंभ होगा। दिन के साढ़े 12 बजे वे पटना से गोपालगंज के लिए रवाना होंगे, जहां रैली को संबोधित करेंगे। शाम में फिर गृह मंत्री पटना के राजकीय अतिथिशाला में आयोजित राजग की बैठक में शामिल होंगे। इसमें मुख्यमंत्री नीतीश के साथ घटक दल के अन्य नेता शामिल हो सकते हैं। गोपालगंज में आयोजित रैली में अमित शाह के साथ बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के अतिरिक्त राजग के घटक दलों के अन्य वरिष्ठ नेता भी मंच साझा कर सकते हैं। इसमें केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी, चिराग पासवान और रालोमो प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा प्रमुख चेहरे हो सकते हैं। हालांकि इसे लेकर फिलहाल पार्टी की ओर से कुछ नहीं कहा जा रहा है। अमित शेष पेज 9 पर

**गोपालगंज से करेंगे चुनावी प्रचार का शंखनाद**



## राहुल 7 अप्रैल को पहुंचेंगे बिहार

**पटना । एजेंसी**

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी 7 अप्रैल को बिहार आ रहे हैं। राहुल गांधी पटना के श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में 'संविधान सुरक्षा सम्मेलन' में शामिल होंगे। कांग्रेस के प्रभारी सचिव सुशील कुमार पासी ने आज सदाकत आश्रम में पत्रकारों को संबोधित करते हुए बताया कि राहुल गांधी 7 अप्रैल को पटना के श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में आयोजित 'संविधान सुरक्षा सम्मेलन' में भाग लेंगे। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को कांग्रेस के साथ आने का आग्रह किया जाएगा। बिहार में इस वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव के पहले राहुल शेष पेज 9 पर

**संविधान सुरक्षा सम्मेलन में होंगे शामिल**



## झारखंड में 639 पदों पर पूर्व सैनिकों की होगी नियुक्ति

**नक्सल विरोधी अभियान को मजबूती देने की पहल**

**रांची । एजेंसी**

झारखंड में नक्सल विरोधी अभियान को मजबूती देने और जेल, औद्योगिक प्रतिष्ठान तथा थानों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 639 पदों पर पूर्व सैनिकों की नियुक्ति की जाएगी। झारखंड पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, राज्य में पर्याप्त सशस्त्र बल उपलब्ध कराने के लिए विशेष सहायक पुलिस (सैप) की दो बटालियनों का गठन किया गया है। इनमें से एक बटालियन रांची के टाटीसिलवे में और दूसरी जमशेदपुर के हलुदबनी में स्थित है।

इन दोनों बटालियनों में भारतीय सेना से भूतपूर्व सैनिकों जैसे सूबेदार, मेजर, नायक, हवलदार, सिपाही, चालक, लिपिक और रसोईयों को अनुबंध के आधार पर अस्थाई नियुक्त किया शेष पेज 9 पर

## बालू की बढ़ती कीमतों को ले हेमंत सरकार पर हमलावर हुए बाबूलाल

**रांची । एजेंसी**

- **अवैध कारोबार को लेकर सरकार पर साधा निशाना**
- **मरांडी ने मामले में ईडी से हस्तक्षेप की मांग की**

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने झारखंड में बालू की किल्लत और बढ़ती कीमतों को लेकर गंभीर चिंता जतायी है। उन्होंने आरोप लगाया कि बालू के अवैध कारोबार में सरकार, खनन माफिया, ट्रांसपोर्टर, अधिकारी और दलालों की मिलीभगत है, जिससे आम जनता को भारी कीमत चुकानी पड़ रही है। मरांडी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि राज्य में बालू के लिए हाहाकार मचा हुआ है और आम जनता की जेब से मनमानी कीमत वसूली जा रही है। मरांडी ने कहा है कि रांची में निर्माण कार्य के लिए इस्तेमाल होने वाला बालू मुख्यतः सिल्ली, बुंडू और सोनाहातू से लाया जाता है। बालू घाट से निकलने पर इसकी कीमत लगभग 5,000 रुपये होती है, लेकिन रांची पहुंचते-पहुंचते कीमत 45,000 के पार शेष पेज 9 पर

**चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया को मनेगा पर्व**

## अखंड सौभाग्य के लिए 01 अप्रैल को महिलाएं मनायेंगी गणगौर पर्व

**रांची । एजेंसी**

हिंदू धर्म में आस्था और श्रद्धा का पर्व गणगौर एक अप्रैल को राजधानी रांची समेत पूरे राज्य और देश में धूमधाम से मनाया जाएगा। हिंदू कैलेंडर के अनुसार इस पर्व को चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाने की परंपरा है। गणगौर पूजा भगवान शिव और माता पार्वती को समर्पित है। इसलिए इस दिन महिलाएं भगवान शिव और माता पार्वती की मिट्टी की प्रतिमा बनाकर उनकी पूजा करती हैं। इस संबंध में जिला मारवाड़ी सम्मेलन के संयुक्त महामंत्री और प्रणामी ट्रस्ट के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने शुक्रवार को बताया कि गणगौर शब्द गण और गौर दो शब्दों से मिलकर बना है। जहां गण का अर्थ शिव और गौर का अर्थ माता पार्वती से है। उन्होंने कहा कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, माता पार्वती भगवान शिव के साथ सुहागन महिलाओं को अखंड सौभाग्य का आशीर्वाद देने के लिए भ्रमण करती हैं। महिलाएं परिवार में सुख-समृद्धि और सुहाग की रक्षा की कामना करते हुए पूजा करती हैं।

**17 दिनों तक महिलाएं बनाती हैं भगवान शिव और पार्वती की प्रतिमा**



**गौरी तृतीया के नाम से भी जाना जाता है गणगौर**

इस पर्व को गौरी तृतीया के नाम से भी जाना जाता है। मान्यता है कि इस व्रत को करने से महिलाओं को अखंड सौभाग्य की प्राप्ति होती है। भगवान शिव जैसा पति प्राप्त करने के लिए अविवाहित युवतियां भी इस व्रत को करती हैं।

**फाल्गुन पूर्णिमा से शुरू होता है गणगौर**

मारवाड़ी सम्मेलन के संयुक्त महामंत्री और प्रणामी ट्रस्ट के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि गणगौर का त्योहार फाल्गुन माह की पूर्णिमा यानी होली के दिन से शुरू होता है, जो अगले 17 दिनों तक चलता है। साथ ही हर रोज भगवान शिव और माता पार्वती की प्रतिमा बनायी जाती है और पूजा के गीत गाए जाते हैं। इसके बाद चैत्र नवरात्रि के तीसरे दिन महिलाएं सोलह श्रृंगार कर व्रत और पूजा करती हैं और शाम के समय गणगौर की कथा सुनती हैं। बाद में गणगौर की प्रतिमाओं का नदी और तालाबों में पूरे विधि विधान से विसर्जन करती हैं।

## लंदन में ममता बनर्जी को करना पड़ा विरोध प्रदर्शन का सामना

**लंदन । एजेंसी**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को लंदन में ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के केलॉग कॉलेज में भाषण के दौरान कुछ छात्रों के विरोध का सामना करना पड़ा। सुश्री बनर्जी विश्वविद्यालय के निमंत्रण पर वहां गुरुवार को 'पश्चिम बंगाल में महिला सशक्तीकरण और सफलता' विषय पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रही थी। तभी कुछ छात्रों के शोर शराबे कारण उन्हें अपना भाषण बीच में रोकना पड़ा। विरोध कर रहे ये छात्र हाथों में तख्तियां लेकर राज्य में चुनाव के बाद हुई हिंसा और आरजी कर कॉलेज के मुद्दे पर अपना विरोध प्रकट कर रहे थे। हालांकि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बहुत ही शालीनता से स्थिति को शेष पेज 9 पर



- **ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में भाषण के दौरान छात्रों ने की नारेबाजी**
- **चुनाव के बाद हिंसा और आरजी कर कॉलेज मुद्दे पर जतायी नाराजगी**

## न्यूज अपडेट

### क्रेडिट कार्ड से 38451 रुपए की अवैध निकासी

**देवघर/संवाददाता।** नगर थाना क्षेत्र के राममंदिर झौसागढ़ी मोहल्ला निवासी रिंकू प्रसाद गुप्ता ने साइबर थाना में ठगी का शिकार होने की शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित का कहना है कि उसका एसबीआइ बैंक में एकाउंट है। बैंक की ओर से उसे क्रेडिट कार्ड मुहैया कराया गया है। हालांकि क्रेडिट कार्ड की जरूरत नहीं होने पर उसे बैंक को वापस लौटा दिया था। इसी बीच बैंक की ओर से लगातार फोन आ रहा था। फोन करने वाले बैंक कर्मी द्वारा 5380 रुपये का लोन का भुगतान करने को कहा गया। जबकि उसने ना तो उसे लोन लिया और ना ही क्रेडिट कार्ड का कभी इस्तेमाल किया। बाद में बैंक जाकर पता करने पर उसे बताया गया कि उसके साथ साइबर ठगी हुआ है। उसे अब तक यह पता नहीं चल पाया है कि उसके खाते से कैसे 38451 रुपये की कटौती हो गई और उसपर 5380 रुपये का लोन हो गया। साइबर थाना की पुलिस शिकायत के आधार पर मामले की छानबीन में जुटी है।

### कंपनी में नौकरी दिलाने के नाम पर छात्राओं से 65 हजार की ठगी

**देवघर/संवाददाता।** जिस कंपनी में नौकरी दिलाने की बात हुई थी, उस कंपनी की बजाय दूसरी कंपनी में नौकरी दिलाने के नाम पर 63 हजार रुपये की ठगी किए जाने का मामला सामने आया है। मामले को लेकर करौं थाना क्षेत्र के डुमरथर निवासी नीतु कुमारी सहित अन्य दो अन्य युवतियों ने साइबर थाना में शिकायत दर्ज की है। पीड़िता कहना है कि किसी रुपा नाम के व्यक्ति से उन तीनों की बात हुई थी। नौकरी दिलाने के नाम पर 65 हजार रुपये की डिमांड की गई थी। मांगी गई रकम में से 30 हजार रुपये का भुगतान ऑनलाइन के माध्यम से कर दिया गया जबकि शेष राशि का भुगतान नकद दिया गया। इसके बाद तीनों को रांची बुलाया गया। यहां आरएचआइ में डाइरेक्ट सेलिंग कंपनी में काम दिला दिया जबकि बात सिप्रा कंपनी में नौकरी दिलाने की हुई थी। साइबर थाना की पुलिस शिकायत की छानबीन में जुटी है।

### पत्नी सहित 10 लोगों पर हत्या करने का आरोप

**देवघर/संवाददाता।** नगर थाना इलाके के सिंघवा वाटर फिल्ट्रेशन प्लांट के समीप एक कुएं से बीते बुधवार को मोहल्ला निवासी 24 वर्षीय राहुल महथा का शव बरामद किया गया था। इस मामले में मृतक की मां अन्नू देवी के बयान पर नगर थाना में 10 लोगों पर बेटे की हत्या के आरोप में मामला दर्ज कराया गया है। मामले में मृतक की पत्नी मुस्कान देवी, अनीता देवी, शिवम महथा, रामलाल महथा, निकू महथा, दिपाली देवी साकिन सिंघवा थाना नगर, रोहित महथा, राहुल महथा साकिन थाढ़ी थाना रिखिया और चंदन ठाकुर और दीपक महथा को आरोपी बनाया है। नगर पुलिस मामला दर्ज कर छानबीन में जुट गयी है।

■ कुएं में मिला था युवक का शव

# शुभ संयोग में होगी हिंदू नववर्ष और नवरात्रि की शुरुआत

**देवघर/नगर संवाददाता।**

हिंदू नव वर्ष के आगमन को लेकर आयोजन समिति द्वारा भव्य तैयारी की जा रही है। हिंदू नववर्ष के मौके पर 30 मार्च को आयोजन समिति की ओर से आतिशबाजी किया जाएगा। जबकि 29 मार्च शनिवार को स्थानीय केकेएन स्टेडियम से भव्य शोभायात्रा आयोजन समिति की ओर से निकाला जाएगा। शोभायात्रा शहर के विभिन्न चौक-चौराहों का भ्रमण कर शिवलोक परिसर हनुमानगढ़ी मंदिर पहुंचकर समाप्त होगा। जहां पूजन व आरती के बाद प्रसाद का वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम की सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। उक्त बातें हिंदू नववर्ष आयोजन समिति के संरक्षक सह शहर के प्रसिद्ध दंत चिकित्सक डॉ राजीव रंजन ने कही। उन्होंने कहा कि यह सुखद संयोग है कि इस वर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा 30 नवंबर रविवार से चैत्र नवरात्रि का भी आरंभ होगा। सनातन संस्कृति को मानने वाले लोग पवित्र मन से घर में कलश स्थापन कर मां दुर्गा के उपासक उपवास करते हैं। उन्होंने कहा कि ज्योतिष शास्त्र के जानकार कहते है कि इस दिन से हिंदू नववर्ष विक्रम संवत 2082 का आरंभ भी होगा। इस बार का संवत्सर 2082 होगा और इसका नाम भी सिद्धार्थी संवत होगा। इस दिन सर्वार्थ अमृत सिद्धियोग का शुभ संयोग बन रहा है।



डा राजीव रंजन ने अपील की कि सनातन संस्कृति के लोग 30 नवंबर को हिंदू नववर्ष को भव्य स्वरूप देते हुए मनाने का कार्य कर सनातन संस्कृति के मजबूत एकता व प्रकृति प्रेम, धर्म संस्कृति का परिचय दें। उन्होंने शहरवासियों से अपील की कि हिंदू नववर्ष को भव्य स्वरूप देने के लिए हिंदू नववर्ष आयोजन समिति देवघर की ओर से 29 मार्च को शहर में भव्य शोभायात्रा केकेएन स्टेडियम से निकल जाएगा। जिसमें सपरिवार, दोस्तों व सनातन धर्म प्रेमियों के साथ भारी संख्या में शामिल हो। शोभायात्रा को सफल बनाने का काम करें। शोभायात्रा में देवी देवताओं के साथ स्वतंत्रता सेनानियों, महापुरुषों, महाऋषियों, प्रयागराज में इस वर्ष आयोजित महाकुंभ की झांकी आयोजन सहित कई झांकियां प्रस्तुत की जाएगी। डा राजीव रंजन ने शहरवासियों से अपील करते हुए कहा कि 30 मार्च को चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को हम सनातनियों का नववर्ष का आगमन होता है। जिसको भव्य स्वरूप देने के लिए 2016 में पहली बार शहरवासियों ने आगे बढ़कर कर हिंदू नववर्ष के आगमन पर शोभायात्रा निकालने के परंपरा का शुभारंभ हुआ। जैसे-जैसे समय बीतता गया वैसे-वैसे शोभायात्रा की भव्यता बढ़ती गई। इस वर्ष आयोजन समिति की ओर से 29 मार्च को दसवें साल शोभायात्रा निकाली जाएगी। हिंदू नववर्ष को लेकर शहरवासी घर की साफ सफाई कर घर की साज सज्जा कर दीपक जलाएं और घर पर भगवा झंडा जरूर लागाए। वहीं हिंदू नववर्ष आयोजन समिति के महामंत्री महेश प्रसाद राय ने कहा कि भूलवश 28 मार्च को आतिशबाजी कर आमंत्रण देने की कही थी। जबकि आतिशबाजी सनातन नववर्ष के मौके पर 30 मार्च को किया जाएगा।

#### शोभायात्रा के लिए निर्धारित मार्ग

शनिवार को हिंदू नववर्ष के मौके पर हिंदू नववर्ष आयोजन समिति की ओर से निकाले जाने वाले भव्य शोभायात्रा का मार्ग निर्धारित किया गया है। शोभायात्रा दोपहर 2 बजे केकेएन स्टेडियम से निकलकर बाजला चौक, बजरंगी चौक, राय एंड कंपनी मोड़, टावर चौक, वीआईपी चौक, वीआईपी चौक से वापसी टावर चौक, आजाद चौक, बुधु साह चौक, शिक्षासभा चौक, मंदिर मोड़, विद्यापति चौक, फव्वारा चौक से होते हुए शिवलोक परिसर हनुमानगढ़ी में पहुंच कर समाप्त होगा।

- हिंदू नववर्ष को ले आयोजन समिति ने टावर चौक पर आतिशबाजी कर शहरवासियों को दिया आज निकलने वाली शोभायात्रा में शामिल होने का आमंत्रण
- केकेएन स्टेडियम से निकलेगी शोभायात्रा और शिवलोक परिसर पहुंचकर होगी समाप्त
- शहरवासी घर की सफाई कर जलाएं दीपक और लगाएं भगवा झंडा : डॉ राजीव रंजन

## नगर आयुक्त ने की ईद, सरहुल और रामनवमी की तैयारियों की समीक्षा




**देवघर/नगर संवाददाता।**

शुक्रवार को आगामी ईद, सरहुल और रामनवमी त्योहारों के मद्देनजर देवघर नगर निगम की ओर से शहर की सफाई व्यवस्था, जलापूर्ति, चलंत शौचालय और स्ट्रीट लाइट की सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए नगर निगम सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नगर आयुक्त सह प्रशासक रोहित कुमार सिन्हा ने की। मौके पर सहायक नगर आयुक्त, सहायक अभियंता, नगर प्रबंधक, नगर मिशन प्रबंधक, कनीय अभियंता और अन्य सहायक कर्मचारी उपस्थित थे। बैठक में 11 मस्जिदों, 25 मंदिरों और तीन प्रमुख अखाड़ों शांति अखाड़ा, शंकर अखाड़ा, महावीर अखाड़ा तथा सरहुल उत्सव से संबंधित परिसर की विशेष सफाई और स्वच्छता व्यवस्था को लेकर निर्देश दिए गए। नगर प्रबंधकों को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया कि इन स्थलों पर नियमित सफाई हो और सेनेटेशन हेतु ब्लीचिंग का छिड़काव किया जाए। सहायक अभियंता और कनीय अभियंता को जल टैंकरों की व्यवस्था और निर्बाध जल आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। आवश्यकता पड़ने पर, चलंत शौचालय की भी व्यवस्था की जाएगी। स्ट्रीट लाइट प्रभारी को निर्देश दिया गया कि त्योहारों के दौरान सभी स्ट्रीट लाइटें सुचारू रूप से कार्यरत रहें। नगर आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे समन्वय बनाकर कार्य करें ताकि त्योहारों के दौरान श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। नगर निगम प्रशासन ने जनता से भी सहयोग की अपील की है ताकि साफ-सफाई और सुव्यवस्था बनी रहे।

## साइबर ठगी में संलिप्त गिरोह के 10 सदस्य गिरफ्तार, गये जेल

**देवघर/संवाददाता।**

- व्हाट्सएप पर फ्रॉड लिंक भेजकर करते थे ठगी
- 16 मोबाइल और 15 सिमकार्ड बरामद

साइबर ठगी में संलिप्त गिरोह के सदस्यों के खिलाफ साइबर थाना की पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में शुक्रवार को साइबर थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर जसीडीह थाना क्षेत्र के रायडीह के समीप जंगल से 10 साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है। मामले में दो किशोर को भी निरुद्ध किया गया है। पकड़े गए साइबर ठगों के पास से 16 मोबाइल फोन व 15 सिम कार्ड बरामद किया गया है। वहीं गिरफ्तार होने वाले साइबर ठगों में पथरड्डा ओपी क्षेत्र के झुनाकी गांव निवासी सिकंदर कुमार दास, रिखिया थाना क्षेत्र के नवाडीह गांव निवासी सुधीर मोदी, मोहनपुर थाना क्षेत्र के जयसिंघाडीह निवासी सुनील यादव, दुमका जिला के मसलिया थाना क्षेत्र के बड़ाडुमरिया गांव निवासी कासेद अंसारी व मो. शबाब अंसारी, सारठ थाना क्षेत्र के रंगामटिया गांव निवासी बबलु कुमार दास व फुलचुवां गांव निवासी अनिल महरा, पाथरोल थाना क्षेत्र के मलमला गांव निवासी उज्वल कुमार दास व रूपाबाद निवासी राजेश दास व पथरहड्डा ओपी क्षेत्र के घघरजोर निवासी प्रफुल्ल कुमार दास शामिल है। इससे पहले पुलिस को साइबर ठगों द्वारा झांसे में लेकर लोगों को ठगी का शिकार बनाए जाने की सूचना मिली थी। जिसके आलोक में पुलिस उप महानिरीक्षक सह अधीक्षक अजीत पीटर डुंगडुंग से प्राप्त निर्देश के आलोक में साइबर थाना की पुलिस ने कार्रवाई करते हुए इन साइबर ठगों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद इन सभी को पूछताछ के लिए साइबर थाना लाया गया। यहां सभी ने साइबर ठगी में अपनी संलिप्तता स्वीकार करते हुए बताया कि लोगों को विभिन्न बैंकों के ग्राहकों को उनके व्हाट्सएप के माध्यम से फ्राड लिंक भेजकर उनके खाते में ऑनलाइन लागिंग कर ठगी का शिकार बनाते थे।

## प्रखंड मुख्यालय, बैंक, पोस्ट ऑफिस, बीआरसी और सीएससी केंद्रों पर हो रहा है आधार सेंटर का संचालन

### आधार कार्ड बनवाने या फिर अपडेट कराने में किसी प्रकार की समस्या हो तो 06432-235719 कॉल कर दें जानकारी : उपायुक्त

**देवघर/वरीय संवाददाता।**

उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी विशाल सागर द्वारा देवघर जिलांतर्गत आधार कार्ड अपडेट कराने व नया आधार कार्ड बनाने में आ रही समस्याओं पर संज्ञान लेते हुए उसके समाधान को लेकर जिला स्तरीय बैठक का आयोजन उपायुक्त कक्ष में किया गया। इस दौरान उपायुक्त द्वारा जानकारी दी गई कि जिले में आधार कार्ड बनाने और अपडेट करने हेतु कुल 142 जगहों पर केन्द्र का संचालन किया जा रहा है। ऐसे में वैसे आमजन जिन्होंने अपना आधार कार्ड नहीं बनवाया है या उनके बने आधार कार्ड में मोबाइल नंबर, पता, उम्र इत्यादि में किसी प्रकार की त्रुटि है तो वो अपना सुधार करा सकते हैं। साथ ही उपायुक्त द्वारा जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि आप सभी अपना आधार कार्ड बनवाने या फिर अपडेट कराने हेतु अपने नजदीकी केंद्र पर जाए जहां बिना किसी असुविधा का आधार कार्ड बनाया जा रहा है। आधार कार्ड बनवाने या फिर अपडेट कराने में किसी भी प्रकार का समस्या हो तो जिला द्वारा उपलब्ध कराए गए कॉल सेंटर के नबर- 06432-235719 पर कॉल कर जानकारी दे सकते हैं। जिला स्तर से उसका उचित समाधान कराया जाएगा।

इसके अलावा उपायुक्त द्वारा जानकारी दी गई कि देवघर जिला अंतर्गत कुछ केंद्र हैं, जहां पर नया आधार कार्ड के साथ-साथ आधार कार्ड में अपडेट से संबंधित कार्य भी कराए जाते हैं। साथ ही कुछ ऐसे भी केंद्र है जहां सिर्फ आधार कार्ड में अपडेट से संबंधित कार्य होता है।



#### प्रखंडवार केंद्र इस प्रकार हैं

देवघर प्रखंड : बैंक ऑफ बड़ोदा (वीआईपी चौक देवघर), बैंक ऑफ इंडिया (आसाम एक्सेस रोड), कैनरा बैंक टावर चौक, रेखा भवन केजी रोड बरमसिया, पंजाब नेशनल बैंक मंदिर मोड़ (आसाम एक्सेस रोड), प्रखंड कार्यालय देवघर, हेड पोस्ट ऑफिस देवघर एवं सत्संग नगर पोस्ट ऑफिस में केन्द्र बनाये गये हैं।

**मधुपुर प्रखंड :** बैंक ऑफ इंडिया गांधी चौक, प्रखंड कार्यालय मधुपुर एवं बीआरसी कार्यालय मधुपुर, एसबीआई मधुपुर में केन्द्र बनाये गये हैं।
**मोहनपुर प्रखंड :** प्रखंड कार्यालय मोहनपुर।
**सारठ प्रखंड :** बीआरसी सारठ (प्रखंड कार्यालय)।
**करौं प्रखंड :** उप डाकघर, प्रखंड कार्यालय एवं बीआरसी कार्यालय।
**पालोजोरी प्रखंड :** पीईसी पालोजोरी एवं बीआरसी कार्यालय (प्रखंड कार्यालय)।
**सोनरायठाढ़ी प्रखंड :** प्रखंड कार्यालय एवं बीआरसी कार्यालय।
**देवीपुर प्रखंड :** पंचायत भवन रामूडीह एवं बीआरसी कार्यालय।
**मारगोमुंडा प्रखंड :** प्रखण्ड कार्यालय एवं बीआरसी कार्यालय फागो (यूएचएस पंदनियां) में केन्द्र बनाये गय हैं।
जन्मतिथि सुधार हेतु आवश्यक दस्तावेज : जिला या प्रखंड स्तर से जारी की गयी जन्म प्रमाण, मैट्रिक प्रमाण पत्र, मार्कशीट, पास्पोर्ट आदि अनिवार्य है।

#### पते में सुधार के लिए

वोटर कार्ड, राशन कार्ड, आवासीय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र के अलावा मुखिया स्तर से जारी प्रमाण पत्र आवश्यक है। इसके अलावे उपायुक्त द्वारा जानकारी दी गयी कि नया आधार कार्ड बनाने हेतु नि:शुल्क है, बॉयोमैट्रिक अपडेट हेतु (फिंगर प्रिंट आईरिस, फोटो) के लिए 100 शुल्क लगेगा परन्तु 05 से 07 वर्ष, 15 से 17 वर्ष के बीच अगर बॉयोमैट्रिक अपडेट कराना है तो कोई शुल्क की आवश्यकता नहीं है। साथ ही डेमोग्राफिक अपडेट (लिंग, जन्मतिथि, पता, मोबाईल नंबर एवं ई-मेल) एवं दस्तावेज अपडेट हेतु 50 रूपया का शुल्क लिया जाता है। बैठक में उपरोक्त के अलावे जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी, डीपीओ यूआईडी, सीएससी मैनेजर व संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मी आदि उपस्थित थे।

## कांग्रेस उपाध्यक्ष ने सीएम से की मुलाकात

**देवघर/वरीय संवाददाता।**

झारखंड प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष मणि शंकर ने मुख्यमंत्री से मंईयां आरोग्य योजना को समस्त झारखंड में लागू करने का प्रस्ताव रखा है।

रांची में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर अपने प्रस्ताव के माध्यम से मणि शंकर ने कहा है कि निरोग तथा स्वस्थ जीवन के लिए आज शहर की महिलाएं व्यस्त सड़कों पर मॉर्निंग वॉक करने को मजबूर है। जबकि जिला मुख्यालय, अनुमंडल मुख्यालय एवं प्रखंड मुख्यालय के समीप कई एकड़ में फैले प्लस टू उच्च विद्यालय का प्लेग्राउंड (क्रीड़ा स्थल) का इस्तेमाल सिर्फ महिलाओं के लिए सुबह-शाम विद्यालय समय सारणी को बिना बाधित करते हुए मॉर्निंग वॉक तथा इवनिंग वॉक के लिए खोलना चाहिए। मणिशंकर ने प्रस्ताव में उल्लेख किया है कि हर उच्च विद्यालय चार दिवारी से घिरा हुआ है तथा गेट पर चौकीदार की ड्यूटी होती है। उन्होंने देवघर का उदाहरण देते हुए कहा कि आर मित्रा, शर्राफ एवं जीएस उच्च विद्यालय शहर के बीचो-बीच स्थित है जहां कई एकड़ में फैले क्रीड़ा मैदान अप्रयुक्त पड़ा है। ऐसे सारे प्लेग्राउंड का सकारात्मक इस्तेमाल विद्यालय सारणी से पहले एवं पश्चात सिर्फ महिलाओं को स्वास्थ्य-लाभ के लिए दिया जा सकता है। मणि शंकर ने इस बात पर जोर दिया कि पहले से मौजूद संरचना के इस्तेमाल से सरकार पर आर्थिक बोझ भी नहीं पड़ेगा साथ ही उक्त उपेक्षित खेल मैदान का साकारात्मक उपयोग होगा।

मणि शंकर ने इस और ध्यान आकृष्ट किया कि शहर में स्थित स्टेडियम का इस्तेमाल ज्यादातर खेलकूद तथा खिलाड़ियों द्वारा किया जाता है। साथ ही स्टेडियम का रख-रखाव भी उचित ढंग से नहीं हो पा रहा है। कई स्टेडियम में तो आज के युवा द्वारा नशा लेने का अड्डा बना दिया गया है। ऐसी स्थिति में महिलाओं का वहां जाना खतरे से खाली नहीं है। शहर में महिलाएं सड़कों पर प्रातः टहलने को मजबूर हैं जहां अहले सुबह कई बार महिलाएं तेज रफ्तार वाहनों के चपेट में आ चुकी है। मणि शंकर ने विश्वास व्यक्त किया है कि "मंईया आरोग्य योजना" लाचार शहरी महिलाओं के स्वास्थ्य लाभ की ओर एक ऐतिहासिक कदम होगा जिसका दूरगामी सकारात्मक प्रभाव झारखंड में पड़ेगा। प्रस्ताव के माध्यम से मणि शंकर ने गैर-सरकारी तथा सरकारी शिक्षण संस्थानों (स्कूल) में मोबाइल फोन के इस्तेमाल पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का आग्रह किया है। इस निर्णय से न सिर्फ शिक्षक स्कूल टाइम में पूर्णतः शिक्षा के प्रति समर्पित होंगे बल्कि इस कदम से छात्रों को भी अनुशासित किया जा सकता है।



#### दिये कई निर्देश...

## उपायुक्त ने की जिलास्तरीय वन अधिकार समिति की बैठक

**देवघर/वरीय संवाददाता।**

उपायुक्त सह अध्यक्ष जिला वनाधिकार समिति विशाल सागर की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिलास्तरीय वन अधिकार समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त द्वारा जानकारी दी गयी कि वनाधिकार अधिनियम, 2006 के तहत अनुमंडल स्तरीय वनाधिकार समिति के द्वारा हंसडीहा-जसीडीह संचरण लाईन के निर्माण हेतु प्रस्ताव जिला स्तरीय वन अधिकार समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया था, जिसपर समिति के माध्यम से निर्णय लेते हुए झारखंड ऊर्जा संचरण निगम लिमिटेड द्वारा 132 केवी द्विपथ हंसडीहा-जसीडीह संचरण लाईन के निर्माण के लिए वनभूमि अपयोजन हेतु एफआरए का आदेश दिया गया। साथ ही देवघर अंचल अंतर्गत गरीबखिल, मौजा एवं मोहनपुर अंचल अंतर्गत रोपनी, मौजा में भूमि संचरण लाईन का निर्माण हेतु जिलास्तरीय वन अधिकार समिति की बैठक में जांच उपरांत पारित किया गया।

बैठक में उपरोक्त के अलावे जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी श्री अभिषेख भूषण, अपर समाहर्ता हीरा कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी देवघर रवि कुमार, जिला कल्याण पदाधिकारी दयानंद दुबे, अंचलाधिकारी देवघर अनिल कुमार, अंचलाधिकारी मोहनपुर अमृता कुमारी आदि उपस्थित थे।



## आग से घर स्वाहा, मुआवजे की गुहार

**मोहनपुर/संवाददाता।**

प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत मयूरनाच गांव निवासी फुलेश्वर सिंह का घर से आग से स्वाहा हो गया। पीड़ित फुलेश्वर ने बताया कि आग से घर समेत सारा सामान जलकर राख हो गया। तकरीबन तीन लाख रुपए की क्षति हुई है। उन्होंने अंचल अधिकारी को आवेदन देकर मुआवजे की गुहार लगायी है। इधर सूचना मिलने पर पंचायत के मुखिया पांडव कापरी ने पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद दी है।



## आग से मची अफरा-तफरी

**मोहनपुर/संवाददाता।** मोहनपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत देवघर-दुमका मुख्य सड़क ड़मरथर बजरंगबली के समीप शुक्रवार को एक सूखे पेड़ में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी का माहौल बन गया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना मोहनपुर थाना प्रभारी प्रियरंजन कुमार को दी। सूचना मिलते ही दलबल के साथ थाना प्रभारी घटनास्थल पर पहुंचे। पानी की टैंकर से आग बुझाने पर काबू पाया।

## भारतीय नववर्ष पर सभी सनातनी अपने-अपने घरों पर भगवा ध्वज अवश्य लगाएं : विहिप

**देवघर/नगर संवाददाता।**

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल देवघर विभाग सह मंत्री विक्रम सिंह ने भारतीय नववर्ष विक्रम संवत 2082 के अवसर पर सभी सनातनियों से अपील किया कि सभी अपने अपने घरों पर भगवा ध्वज अवश्य लगाए और 30 मार्च रविवार को संध्या अपने अपने घरों पर व आसपास के मठ मंदिर में पांच दीपक अवश्य जलाएं। 29 मार्च को हिंदू नववर्ष आयोजन समिति देवघर द्वारा भव्य शोभा यात्रा निकाला जाएगा। शोभायात्रा केकेएन स्टेडियम देवघर से निकलकर शहर भ्रमण कर शिवलोक परिसर स्थित बजरंगबली मंदिर में भव्य रूप से सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ कर समापन होगा। शोभायात्रा में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के पंचायत समिति, प्रखंड समिति एवं जिला समिति के सभी कार्यकर्ता शामिल होंगे। साथ ही सभी सनातनियों से आग्रह किया कि अधिक से अधिक संख्या में आकर भव्य शोभायात्रा को सफल बनाएं।

# मधुपुर समेत सभी प्रखंडों में अकीदत के साथ पढ़ी गयी अलविदा की नमाज

## न्यूज अपडेट

### ग्रामीणों ने सीओ को दिया आवेदन

**सारवां/संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र के टुहियों गांव के ग्रामीणों के द्वारा अंचलाधिकारी को आवेदन देकर टुहियो में मध्यम सिंचाई योजना के तहत तालाब निर्माण कार्य में ठेकेदार द्वारा बांध की मिट्टी गोचर जमीन में फेंकने एवं बिना अनुमति के पेड़ काटने की जांच की मांग सीओ से की। ग्रामीणों ने कहा है उक्त तालाब निर्माण कार्य में मिट्टी कटाई में अनियमितता बरती जा रही है। इतना ही नहीं गोचर जमीन में खुदाई की मिट्टी फेंकी जा रही है। जिससे ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी हो रही है। ग्रामीण सुमन यादव, अजीत कमार यादव, सतन हाजरा, विनोद यादव, चुनचुन यादव, गनौरी हाजरा, मीरा देवी, करीना कुमारी, सिंकू पासवान, फुलकुमारी देवी, सोनिया देवी, अजीत पासवान सहित अन्य ने आवेदन देकर जांच की गुहार लगायी है। सीओ ने कहा कि आवेदन की जांच कराकर दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

### सलैया जंगल में लगी आग बुझायी गयी

**मधुपुर/संवाददाता।** मधुपुर थाना क्षेत्र के सलैया जंगल में राहस्यमय ढंग से आग लगे के कारण दर्जनों पेड़ झुलस गए। शुक्रवार की दोपहर सलैया जंगल में लगी आग तेजी से फैलने लगी। सलैया गांव के शंभू सिंह ने घटना की सूचना अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को दिया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने अग्निशमन पदाधिकारी को मामले से अवगत कराया। अग्निशमन विभाग ने तत्काल वहां अग्निशमन वाहन भेजा। अग्निशमन वाहन से सलैया जंगल में लगी आग पर काबू पाया गया। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

### पंप की चोरी

**सोनारायठाढ़ी/संवाददाता।** प्रखंड के ब्रह्मोत्रा पंचायत अंतर्गत नकटी गांव के विजय शंकर सिंह, कृष्णानंद सिंह व पंकज कुमार सिंह का सिंचाई पंप चोरी हो गया। तीनों पटवन के लिए पंप सिंचाई कूप में पंप लगाये थे।

### बीडीओ ने की विकास योजनाओं की समीक्षा

**सारवां/संवाददाता।** प्रखंड सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी रजनीश कुमार की देखरेख में पंचायत सेवक व रोजगार सेवकों की पंचायतस्तर पर चलाये जा रहे विकास योजना की समीक्षा बैठक की गई। मौके पर उनके द्वारा सभी पंचायतों के विकास योजनाओं के अलावा पीएम आवास निर्माण, आबुआ आवास निर्माण, बागवानी मिशन व अन्य विभिन्न मनरेगा योजनाओं की की। बीडीओ ने कहा बरसात के पूर्व एनआरएम योजनाओं का कार्य कर पूर्ण करें व क्लोज करें। इस दौरान कहा बागवानी योजना के चयन में इस बात का ख्याल रखें कि जमीन का रकवा एक एकड़ से कम ना हो साथ ही सिंचाई की व्यवस्था हो। कहा सभी पंचायत सेवक 31 मार्च पीएम आवास का रिपोर्ट हर हाल में दें। इस अवसर पर बीएओ विजय कुमार देव, प्रभारी बीपीआरओ दिलीप कुमार राय, एई जयप्रकाश तिर्की, जेई, पंचायत सेवक निताय मंडल, शालीनी कुमारी, प्रमोद यादव आदि पंचायत सेवक व रोजगार सेवक उपस्थित थे।

■ **मंत्री हफीजुल ने पीर साहब की बड़ी मस्जिद में नमाज अदा की, लोगों को दी शुभकामनाएं**

**मधुपुर/संवाददाता।**

अनुमंडल के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों के विभिन्न मस्जिदों में रमजान उल मुबारक के आखिरी जुमे अलविदा की नमाज पढ़ने को लेकर नमाजियों की भीड़ उमड़ पड़ी। अकीदत के साथ नमाजियों ने नमाज अदा की। मुस्लिम समुदाय के लोगों में नमाजे अलविदा का उत्साह देखा गया। इलाके की विभिन्न मस्जिदों में नमाज अदा करने वालों की भारी भीड़ लगी रही। सबसे ज्यादा भीड़ थाना रोड स्थित पीर साहब की बड़ी मस्जिद में देखी गई।

यहां भीड़ अधिक रहने से सड़क तथा आसपास के दुकानों में नमाजियों ने अलविदा का नमाज पढ़ा। सूबे के मंत्री हफीजुल हसन ने भी सादगी के साथ लोगों के साथ नमाज अदा किया तथा अमन-चैन की दुआ मांगी गयी। मंत्री ने रमजान का मुबारकबाद दिया। इसके अलावा नबी बक्श रोड ईदगाह मस्जिद, चांदमारी मस्जिद, खलासी मोहल्ला मस्जिद, पत्थरचपटी मस्जिद, लखना मस्जिद, पनाहकोला मस्जिद, बावनबीघा मस्जिद, नीमतल्ला मस्जिद, सपहा मस्जिद, पटवाबाद मस्जिद, आमतल्ला भेड़वा मस्जिद, बेलपाड़ा मस्जिद समेत विभिन्न मस्जिदों में नमाजियों ने नमाज अदा की। ग्रामीण मस्जिदों में भी नमाज अदा करने वालों का तांता लगा रहा। वहीं अलविदा को लेकर नन्हे रोजेदारों ने भी रोजा रखा और मस्जिद पहुंचकर नमाज अदा की।




अलविदा की नमाज पढ़ने को उमड़े नमाजी और दुआ मांगते मंत्री।

## शांति व सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाएं ईद व रामनवमी

**मधुपुर/संवाददाता।**



अनुमंडल के करौ थाना परिसर में शांति समिति की बैठक अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सत्येंद्र प्रसाद की अध्यक्षता में हुई। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी हरि उरांव व थाना प्रभारी विपिन कुमार मौजूद थे। इस अवसर पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सत्येंद्र प्रसाद ने कहा कि लोग शांतिपूर्वक ईद और रामनवमी मनाने में प्रशासन का सहयोग करें। पर्व में डीजे नहीं बजने दिया जाएगा। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी हरि उराव ने कहा सभी लोग आपसी भाईचारे के साथ ईद और रामनवमी पर्व मनाएं। पर्व मनाने में किसी को परेशानियों का सामना करना नही पड़े इसका ख्याल रखें। उन्होंने जनप्रतिनिधियों समाजसेवी से अनुरोध किया कि पर्व मनाने में अपने क्षेत्र में प्रशासन का हरसंभव मदद करें। इस अवसर पर थाना प्रभारी विपिन कुमार ने कहा कि ईद और रामनवमी में लोग किसी प्रकार का हुड़दंग नहीं करें। साथी कहा कि किसी प्रकार की अफवाह पर ध्यान नहीं दें। उन्होंने कहा कि संवेदनशील जगहों पर पुलिस द्वारा गस्त तेज किया जाएगा। अगर कोई अफवाह फैलता है तो उसे बक्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि शराब पीकर हुड़दंग मचाने वालों की खैर नहीं है। पकड़े जाने पर उन्हें जेल भी जाना पड़ सकता है। उन्होंने सभी पंचायत प्रतिनिधियों से अपने-अपने क्षेत्र में शांतिपूर्वक माहौल में पर्व मनाने की अपील की। कहा प्रशासन को हरसंभव सहयोग देने को कहा ताकि लोग अमन चयन के साथ ईद और रामनवमी पर्व मनाएं। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी अजीत सिंह, मनोज मुर्मू, अशोक कुमार सिंह, मनोरंजन प्रसाद ऋषिकेश सिंह, कमरुद्दीन अंसारी, दिलीप यादव, हेमंत कुमार सिंह, शशि तिवारी, पारस यादव, धनंजय चौधरी आदि मौजूद थे।

## रोजेदारों ने अदा की अलविदा जुमे की नमाज



**पालोजोरी/संवाददाता।**

पालोजोरी के नूरी मस्जिद में शुक्रवार को अलविदा जुम्मे की नमाज अदा की गई। रोजेदारों ने सिद्धांत के साथ नमाज अदा की। रमजान के इस पाक महीने के अंतिम दिनों में रोजेदारों की भावनाएं मिश्रित हैं। एक ओर ईद की खुशियां करीब आ रही हैं, तो दूसरी ओर रमजान के विदा होने का गम भी है। रोजेदार अल्लाह से दुआ कर रहे हैं कि अगले साल भी उन्हें यह मुबारक महीना नसीब हो और वे फिर से इबादत कर सकें।

## प्रखंड के मस्जिदों में पढ़ी गयी अलविदा की नमाज



**सारवां/संवाददाता।**

प्रखंड क्षेत्र के नावाडीह, बाघमारी, नौखेता, सुरसुरा , दोंदिया, गोपालपुर, लपरीटांड, भंडारो, डहुवा, ठाढी, ललुवाडीह, जियाखाड़ा, मोहलीडीह, उपरबहियारी, पथरचपटी, गंभरिया, बेहराकनारी सहित अन्य मस्जिदों में रमजान के आखिरी शुक्रवार को अलविदा की नमाज पढ़ी गयी। इस दौरान काफी संख्या में रोजेदार एवं मुस्लिम समाज के लोग मौजूद थे।

## मुसलमानों को कोई सौगात व सहायता की जरूरत नहीं : मंत्री

**मधुपुर/संवाददाता।**

रमजान उल मुबारक की आखिरी जुमे पर अलविदा की नमाज क्षेत्र के मुसलमानों ने वक्फ संशोधन बिल का विरोध करते हुए काला बिल्ला लगाकर पढ़ा। स्थानीय थाना रोड स्थित पीर साहब की बड़ी मस्जिद में बड़ी संख्या में लोगों ने एक साथ नमाज अदा की। मौके पर सूबे के कैबिनेट मंत्री हफीजुल हसन ने भी काला बिल्ला लगाकर नमाज अता की। नमाज के बाद उन्होंने कहा कि देश, दुनिया और झारखंड के लोगों के लिए अमन-चैन की दुआ की। कहा कि देश, दुनिया और झारखंड में इस्लाम के खिलाफ जो मुहिम चलाए जा रहा है उससे हमलोग टक्कर कैसे लें।



वक्फ बिल का हमलोग विरोध करते हैं। इसमें कुछ होने जाने का नहीं है। यह अल्लाह की प्रॉपर्टी है इसे कोई नहीं छीन सकता। सिर्फ परेशान किया जा रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को नसीहत देते कहा कि मुसलमानों पर सही निगाह रखें। सभी नागरिकों को एक सामान देखें। ईमानदारी के साथ मुसलमानों पर नजर रखें। मुसलमान को कोई सौगात और सहायता की जरूरत नहीं है।

## ईद को लेकर बाजार में दिख रही है चहल-पहल

**पालोजोरी/संवाददाता।**

रमजान अपने अंतिम पड़ाव की तरफ है। शुक्रवार को मस्जिदों में अलविदा जुम्मा का नमाज अदा किया गया। इधर पालोजोरी, खागा, बदिया मोड़, बगदाहा में ईद को लेकर बाजार में चहल पहल देखने को मिल रही है। सुबह से ही दूर दराज के गांवों से लोग खरीदारी करने पहुंच रहे हैं। पालोजोरी में ब्रांडेड लच्छा, ड्राय फ्रूट खरीदने की भीड़ उमड़ पड़ी है। वहीं कपड़े, जूते-चप्पल, कॉस्मेटिक की दुकानों में सबसे ज्यादा भीड़ जुट रही है। सीओ अमित भगत, एसडीपीओ



खरीदारी करते लोग।

रंजीत लकड़ा, पुलिस इंस्पेक्टर नागेंद्र मंडल, थाना प्रभारी ओम शरण ने दल बल के साथ फ्लैग मार्च निकाला।

## गायत्री महायज्ञ से विश्व का होगा कल्याण : आचार्य उमाकांत

**मधुपुर/संवाददाता।**

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा संचालित युग निर्माण योजना की विश्वव्यापी श्रृंखला में मधुपुर अनुमंडल अन्तर्गत कल्होड़ ग्राम में श्रद्धा भक्ति के माहौल में पांच कुंडीय शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञाचार्य उमाकान्त एवं पंडित सोहनजी के सानिध्य में वैदिक मंत्रों से गायत्री परिवार सदस्य तथा सनातनी हिंदू श्रद्धालुओं ने गुरु गायत्री तथा सर्वदेव पूजन किया। उपस्थित धर्म प्रेमियों ने गायत्री महामंत्र, महामृत्युंजय मंत्र, महाकाल गायत्री मंत्र, महाशक्ति गायत्री मंत्र से यज्ञ वेदी में प्रज्वलित अग्नि देव को आत्मकल्याण, ग्राम कल्याण तथा विश्व कल्याण के लिए आहूतियां समर्पित किया। यज्ञ-हवन के क्रम में व्यासपीठ आचार्य उमाकांत ने गायत्री का शास्त्रीय विवेचन करते हुए कहा कि यज्ञ और गायत्री हमारी



देवसंस्कृति के दो मूल आधार है। यज्ञ को भारतीय संस्कृति का पिता और गायत्री को माता कहा गया है। गायत्री महायज्ञ मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए कामधेनु और कल्पतरु सदृश्य है। आवश्यकता है श्रद्धा और समर्पण का। गायत्री महामंत्र में शक्ति के अनंत श्रोत विद्यमान है। हवन से मंत्र में प्राण आते हैं,जप से मंत्र जागृत होता है तथा मंत्र लेखन से आत्मा में प्रकाशित होती है। दो दिवसीय गायत्री महायज्ञ का समापन सामूहिक वैदिक पाठ,आरती, पुष्पांजलि से संपन्न हुआ। पुनः आने के न्योता के साथ नम आंखें से टोली की विदाई की गई। आयोजन को सफल बनाने में मुख्य व्यवस्थापक रामानुज कुमार, अजीत कुमार राय,पुष्पा साह, किरण देवी गुड़िया देवी, रिंकी देवी, रेखा देवी आदि दर्जनों कार्यकर्ताओं का सराहनीय योगदान रहा।

## आवास निर्माण का बीडीओ ने किया स्थल निरीक्षण

■ **लाभुकों को दिये कई निर्देश**

**सारवां/संवाददाता।**

बनवरिया पंचायत के ताराटांड़ मनोहरडीह गांव में चल रहे पीएम आवास निर्माण योजना सर्वे और लंबित विभिन्न आवास निर्माण का निरीक्षण बीडीओ रजनीश कुमार, बीएओ विजय कुमार देव ने शुक्रवार किया। इस अवसर पर पंचायत व ब्लॉक के टीम के द्वारा लोगों का सूची में नाम जोड़ने का कार्य किया जा रहा। मौके पर ग्रामीणों से जानकारी ली गई और लोगों से अपील किया गया कि योजना का लाभ लेने के लिए सर्वे के लिए कर्मियों के द्वारा मांगा गया कागज के साथ सूची में नाम चढ़वाना सुनिश्चित करेंगे। इसके



साथ ही ग्रामीणों की समस्या से अवगत होते हुए उपस्थित कर्मियों को निर्देश दिया कि हर हाल में जितने भी सर्वे से वंचित है और आवास लेने के योग्य हैं। अहर्ता पूर्ण करने वाले सभी ग्रामीणों का सर्वे सूची में नाम दर्ज करना सुनिश्चित करेंगे। किसी भी हाल में जरूरतमंद अहर्ता पूर्ण करने वाले व्यक्ति का नाम नहीं छूटे इसका ख्याल रखें। इस अवसर पर बीडीओ, बीएओ द्वारा पूर्व में संबंधित गांव में मिले 6 लाभुकों के लंबित आवास का निरीक्षण किया गया। मौके पर लाभुकों की समस्याओं से अवगत होते हुए समय सीमा के अंदर आवास निर्माण पूर्ण करने का निर्देश दिया। मौके पर लाभुक कंचन देवी, झुनिया देवी, अनिता देवी, कुंती देवी, गायत्री देवी, राजेंद्र पंडित से बातचीत कर उनके समस्याओं से अवगत हुए। मौके पर तीन लाभुकों द्वारा पंचक होने की बात कही गई और दो लाभुकों के द्वारा घर में एक माह बाद शादी समारोह होने की समस्या बतायी। अन्य द्वारा विवाद का कारण बताया गया। बीडीओ ने उपस्थित लाभुकों को कहा कि समय सीमा के अंदर लंबित आवास निर्माण पूर्ण नहीं किया गया तो उचित कार्रवाई होगी। इस अवसर पर पंचायत सेवक संजय मंडल ने बताया कि पीएम आवास सर्वे का कार्य भंडारा ताराजोरा अन्य गांव में चलाया जा रहा है। ताराटांड़, मनोहरडीह में छूटे हुए योग्य व्यक्तियों का नाम सूची से जोड़ने को लेकर सर्वे किया जा रहा है। अब तक 378 में से 338 का लगभग सर्वे किया जा चुका है। शेष पूरा करने को लेकर सभी कर्मी लगे हुए हैं। इस अवसर पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी विजय कुमार देव, पंचायत सचिव संजय मंडल,बीटीएम आशीष दुबे, जनसेवक राकेश रोशन, रोजगार सेवक आशुतोष झा स्वयंसेवक दिव्यांशु पांडे, सुशील कुमार, समाजसेवी कालीचरण बास्की मौजूद थे।

### 20 अप्रैल को होगा मतदान...

## भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी मधुपुर अनुमंडल शाखा चुनाव की घोषणा

■ **11 अप्रैल से भरा जाएगा नामांकन पर्चा**

**मधुपुर/संवाददाता।**

भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी अनुमंडल शाखा मधुपुर के चुनाव की घोषणा कर दी गई है। आगामी 20 अप्रैल को अनुमंडल कार्यालय परिसर में चुनाव होगा। भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी शाखा मधुपुर के एजीएम की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार सोसाइटी के अध्यक्ष सह अनुमंडल पदाधिकारी राजीव कुमार ने चुनाव की अधिसूचना जारी की है। रेडक्रॉस सोसाइटी शाखा मधुपुर के अध्यक्ष सह अनुमंडल पदाधिकारी राजीव कुमार ने पत्र में कहा है कि 25




कार्यकारिणी सदस्यों का चुनाव होगा। नामांकन आगामी 11 अप्रैल को होगा। नामांकन पत्र संवीक्षा 12 अप्रैल, नाम वापसी व अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन 15 अप्रैल को होगा। 16 अप्रैल को मतदाता पत्र तैयार किया जाएगा जबकि 20 अप्रैल को सुबह 9 बजे से दोपहर 3 तक अनुमंडल कार्यालय परिसर मधुपुर में मतदान होगा। मतदान समाप्ति के बाद मतगणना और परिणाम की घोषणा की जाएगी। मतदाता और प्रस्तावक का नाम भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी अनुमंडल शाखा मधुपुर के चुनाव के लिए गत 27 मार्च को प्रकाशित सूची में अंकित रहना आवश्यक है। कार्यकारिणी सदस्य के चुनाव नामांकन का शुल्क 500 रुपए निर्धारित है। नामांकन पत्र के साथ जमा की गई राशि का मूल रसीद संलग्न करना आवश्यक है। प्रत्येक मतदाता मतपत्र में अपने पसंद के अधिकतम 25 अभ्यर्थी सदस्य के सामने सही का निशान लगाकर अपना मत देंगे। जिन्हें वे कार्यकारिणी सदस्य बनना चाहते हैं। 25 से अधिक मत देने और मतपत्र पर सही निशान के बजाय अन्य निशान अंकित करने पर मत पत्र रद्द माना जाएगा। मतदान के समय आजीवन सदस्य सूची क्रम संख्या और अपना एक फोटो पहचान पत्र जरूर रखें। एक प्रस्तावक एक ही अभ्यर्थी के प्रस्तावक बनेंगे। कोई भी अभ्यर्थी किसी का प्रस्तावक नहीं बनेंगे। रेडक्रॉस सोसाइटी शाखा मधुपुर के चुनाव की घोषणा होते ही सरगर्मी बढ़ गई है। बता दे 12 वर्षों के बाद भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी मधुपुर अनुमंडल शाखा का चुनाव हो रहा है। पिछला चुनाव वर्ष 2012 में किया गया था।

## चितरा में पढ़ी गयी अलविदा की नमाज



**चितरा/संवाददाता।**

रमजान का पाक माह में पूरे एक माह तक मुस्लिम समुदायों द्वारा रोजा रखकर मस्जिदों व ईदगाहों में नमाज अता किया। वहीं शुक्रवार को माह ए रमजान का अंतिम अलविदा जुमे पर रोजेदारों ने मस्जिदों में नमाज अता किया। इस अवसर पर काफी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने नमाज पढ़ी और अल्लाह की बंदगी की। इस मौके पर मुस्लिम बहुल गांव क्षेत्र के ठाढ़ी, भांगाठ, कांकी, परसनी, बरमसिया, शेरडीह आदि मुस्लिम गांवों में रोजेदारों ने अलविदा जुम्मे पर नमाज अता की। बताया गया कि सोमवार या मंगलवार को चांद का दीदार के साथ ईद त्यौहार मनाई जायेगी। मौके पर ठाढी में मौलाना सलाउद्दीन, ताजमूल अंसारी, याकूब अंसारी, मुस्तफा अंसारी, जाफर अंसारी, सद्दाम अंसारी, कबीर अंसारी, असलम अंसारी, बदरुल अंसारी, रेहान अंसारी, सफीक अंसारी, रफीक अंसारी, सरफराज अंसारी आदि मौजूद थे।

# अद्वितीय है वैदिक संवत्सर की धारणा

न वसंवत्सर का स्वागत। काल सुंदर रथ पर सवार है। यह हर बरस मधुमय नवसंवत्सर लाता है। काल सर्वशक्तिमान देवता हैं। अथर्ववेद (9–53) के ऋषि भृगु ने उनकी महिमा गायी है, ''काल–अश्व विश्वरथ का नियन्ता है। वह सहस्र आंखों वाला है। सबको देखता है। समस्त लोक कालरथ के चक्र हैं। ज्ञानी इस रथ पर बैठते हैं। यह काल सात चक्रों का वाहक है। इसकी सात नाभियां हैं। इसकी धुरी में अमृत है। ज्ञानी इस काल को विभिन्न रूपों में देखते हैं।'' कैसे देखते हैं? भृगु ने बताया है, ''काल से ही सृष्टि सर्जक प्रजापति आये। काल स्वयंभू है। वह स्वयं किसी से नहीं जन्मा। काल से ही विश्वजन्मा। काल में तप है। काल में मन है। काल में ज्ञान है। काल विश्व पालक और सबका पिता तथा पुत्र है। काल में पृथ्वी की गतिशीलता है। काल से ही सूर्योदय और सूर्यास्त हैं। काल में ही भूत, भविष्य और वर्तमान हैं।'' सृष्टि का उद्भव शून्य से नहीं हो सकता। सृष्टि रचना के पहले कोई एक आदि द्रव्य है। इसी आदि द्रव्य में सृष्टि का समूचा पदार्थ–जड़ और समस्त ऊर्जा–चेतन एकत्रित है। फिर आदि द्रव्य में परिवर्तन हुआ, जो अव्यक्त था, अप्रकट था वह व्यक्त हुआ। प्रत्येक परिवर्तन का मूल गति है। गति से ही काल बोध है।

वैदिक 'निरुक्त' में यास्क ने काल का संबंध गति से जोड़ा है। काल अखंड सत्ता है। काल पिता है, वही पुत्र भी है। काल की अनुकंपा आयु है, काल का कोप मृत्यु है। काल में सर्जन है, काल में ही विसर्जन है। भारतीय कालबोध ऋग्वेद से भी पुराना है। यही कालबोध प्राचीन काल में ईरान पहुंचा। अथर्ववेद में जो 'काल' है। वही ईरानी ग्रंथ अवेस्ता में 'जुर्वान' है। जैसे अथर्ववेद का काल प्रतिष्ठित देवता है, वैसे ही अवेस्ता का जुर्वान भी एक देव है। भारतीय काल सबका नियंता है और प्रजापति का पिता है। इसके भीतर प्रकाश और अंधकार है। दिवस और रात्रि है। 'जुर्वान' भी अनंत है। संसार के रचयिता अहुरमज्दा उसकी संतान हैं। अहुरमज्दा भारतीय प्रजापति है। इस विचार के अनुसार जब न आकाश था, न पृथ्वी, न कोई जीव तब 'जुर्वान' था। यहां सीधे ऋग्वेद के सृष्टि सूक्त की प्रतिध्वनि है। भारतीय नववर्ष की शुरुआत किसी ऋषि, महात्मा या महापुरुष की जन्मतिथि से नहीं होती। बेशक इस तिथि में अनेक महापुरुष उगे, अनेक निर्वाण को प्राप्त हुए। युधिष्ठिर विक्रमादित्य सहित अनेक पूर्वजों ने अपने नवसंवत्सर भी चलाये। अंग्रेजी कालगणना ईसा से शुरू होती है। लेकिन प्रथम नवसंवत्सर का प्रथम आलोक, प्रथम दिवस और प्रथम तिथि की गणना अनूठी है। सृष्टि जिस क्षण शुरु होती है, उसी समय संवत्सर का प्रारम्भ हो जाता है। संवत्सर का प्रारम्भ सार्वभौमिक है। नवसंवत्सर व्यक्त सृष्टि का प्रथम ऊषाकाल है। यह सम्पूर्ण जगत का प्रथम सूर्योदय है। सृष्टि ब्रह्म का प्रथम सुप्रभात है। इसलिए अंतर्राष्ट्रीय नववर्ष है। वैदिक संवत्सर की धारणा अद्वितीय है।

प्रकृति अजन्मा है। ऋग्वेद (10.82.6) के अनुसार ''सृष्टि के आदि से ही विद्यमान वह एक अज–अजन्मा है। इसी अज की नाभि में सभी भुवन समाहित थे।'' 'अज' आधुनिक ब्रह्मांड विज्ञानियों का 'कासमोस' है। अज गतिशील हुआ। गति से परिवर्तन आया। विज्ञान की दृष्टि से प्रत्येक सृजन/परिवर्तन के पीछे एक ऊर्जा है। प्रकृति की शक्तियां उगीं। ऋषियों के अनुसार वे देवता थीं। ऋषि कहते हैं, ''व्यापक जलों में देवता थे–यद्यु देवा सलिले सुसंरब्धा अतिष्ठत। उनके नृत्य से तेज गति वाले रेणु अणु–परमाणु प्रकट हुए।'' (10.72.6) ऋग्वेद (10.190.1, 2) में कहते हैं, ''तप से ऋत व सत्य (व्यक्त जगत) प्रकट हुए। अंधकार–रात्रि और अगाध जल समुद्र आये। समुद्रों से संवत्सर प्रकट हुआ–समुद्रादर्ण वादधि संवत्सरों अजायत।'' सृष्टि के साथ काल उगा। इसी काल का प्रथम दर्शन संवत्सर है। सृष्टि छन्दोमय है। इसका अन्तःछन्दः है। छन्द की अपनी लय होती है। प्रकृति सदा से है। यह लय में प्रकट होती है और प्रलय में अप्रकट। प्रलय में भी लय बची रहती है। ऋग्वेद के एक मंत्र में कहते हैं, ''वह वायुहीन स्थिति में भी अपने दम पर सांस ले रहा था–आनादीवातं स्वधया तदेकं।'' 'स्वधा' प्रकृति की अनंत प्राण ऊर्जा है। इसलिए वायु नहीं है तो भी सांस जारी है। ऋग्वेद का 'वह एक–तदेकं' बड़ा दिलचस्प है। इसी 'वह एक' को विद्वान–विप्र इन्द्र, मित्र, अग्नि मातरिश्वन गरूण आदि देव नामों से पुकारते हैं लेकिन वह 'एकं सद्'–एक ही सत्य है–एकंसद् विप्रा बहुधा वदन्ति। (ऋ 1.164.46) सृष्टि सृजन परिवर्तन की ही सतत प्रवाही कार्रवाई है। परिवर्तन के भीतर गति होती है।

जहां गति है, वहीं समय है। सृष्टि और प्रलय सतत प्रवाही हैं। लेकिन प्रलयकाल में भी समूची ऊर्जा का नाश नहीं होता। प्रलय के बाद फिर सृष्टि होती है। गति का मूल ऊर्जा है। ऊर्जा अविनाशी है। गति का नाश नहीं होता। समय भी अविनश्वर है। सृष्टि बार–बार आती है। यह चक्र की तरह है। सीधी रेखा नहीं। भारतीय दर्शन में इसीलिए 'कालचक्र' है। उसका पहिया घूमता है और बार–बार सृष्टि व प्रलय लाता है। प्रकृति में द्वैत दिख़ते हैं–यहां रात–दिन हैं। जीवन–मृत्यु हैं। प्रकाश–अंधकार हैं। रात्रि ऋत है, दिन सत्य है। दिन ज्ञान है, रात्रि तमस हैं। दिन सक्रियतौ, रात्रि विश्रांति है। सृष्टि अपने छन्द्स में गतिशील है। काल रथ का पहिया घूम रहा है। पूर्वजों में कालबोध था। कालबोध ही इतिहासबोध है। भारतीय कालगणना के पहले कालबोध है। फिर कालगणना। 1,95,58,85,113 वर्ष सृष्टि की आयु हो चुकी है। वैज्ञानिक अनुमान भी यही हैं। इस संवत्सर का केंद्र सूर्य व पूरा सौर–परिवार है। ऋग्वेद (1.164) में कहते हैं ''सूर्य को हमने सात पुत्रों–किरणों (वर्णो) के साथ देखा है। इनके मध्यम भाई वायु हैं, उनके तीसरे भाई अग्नि हैं। ऋत का 12 अरों वाला चक्र इस द्युलोक में घूमता है। यह चक्र कभी जीर्ण नहीं होता। इसके 720 पुत्र इस चक्र में हैं।'' यहां प्रकृति की व्यवस्था और 12 माह हैं। एक वर्ष में दिन रात मिलाकर 720 अहोरात्र हैं। विश्वदर्शन, काव्य सृजन या चिंतन पद्धति में काल का ऐसा अध्ययन विवेचन और विश्लेषण नहीं मिलता।

सृष्टि सर्जन के पहले काल बोध नहीं है, संवत्सर भी नहीं है। संवत्सर और सृष्टि साथ–साथ। टाइम और काल (समय) पर्यायवाची नहीं है। काल अखंड है, टाइम इसके खंड का माप है। ऋग्वेद में कहते हैं, ''जो अब तक हो चुका और भविष्य में जो होगा वह सब अदिति हैं। वह सब यही पुरुष है।'' वैदिक अनुभूति में समूची कालसत्ता अखंड है। यूरोपीय दृष्टि में भूत–पास्ट एक टेन्स–तनाव है। भूत का अस्तित्व वर्तमान में स्मृति है। इसी तरह फ्यूचर टेन्स भविष्य का आकर्षण है। तनाव मस्तिष्क गत कार्रवाई है। प्रजेन्ट फ्यूचर या पास्ट टेन्स कालगणना नहीं है। भारतीय कालबोध का क्षण सृष्टि की शुरुआत है। फिर युग है। महाभारत युद्ध के 36 वर्ष बाद यानी ईसा पूर्व 3103 वर्ष से कलियुग चल रहा है। युगाब्ध की दृष्टि से भारत की 52वीं सदी है। विक्रम संवत की दृष्टि से यह 2082 विक्रम है। लेकिन ईसा की दृष्टि से यह 21वीं सदी ही है। भारत की प्रतीति, अनुभूति वैज्ञानिक है। भारतीय नवसंवत्सर, अंतरराष्ट्रीय नववर्ष पर सबको शुभकामनाएं।

# भारत के सशक्त स्वास्थ्य मोर्चे का दुनिया ने लोहा माना



ललित गर्ग

ना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'स्वस्थ भारत मिशन' के तहत देश भर में चलाई जा रही विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं से देश में व्यापक पैमाने पर बदलाव ही नहीं, बल्कि आमूल–चूल परिवर्तन आया है। यह बात हम नहीं कह रहे, बल्कि पूरी दुनिया इस योजना का लोहा मान रही है। संयुक्त राष्ट्र ने भारत में विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं के तहत शिशु मृत्यु दर में कमी लाने की तारीफ की है। इतना ही नहीं यूएन ने प्रधानमंत्री मोदी की आयुष्मान भारत योजना को भी शानदार, अनूठी एवं प्रेरक बताया है। एक कार्यक्रम के दौरान विश्व निकाय ने 'आयुष्मान भारत' जैसी स्वास्थ्य पहलों का उदाहरण देते हुए शिशु मृत्यु दर में कमी लाने में भारत के प्रयासों और प्रगति की सराहना की तथा इसे 'अनुकरणीय' बताया। मोदी सरकार के ऐसे कामों एवं उपलब्धियों की आलोचना करने वालों को प्रशंसा भी करनी चाहिए, क्योंकि अच्छे काम के लिए प्रशंसा सरकारों को मूल्यवान महसूस कराती हैं और उन्हें अपने काम के प्रति अधिक व×फादार एवं जिम्मेदार बनाती हैं। अनेक शोध के अनुसार, जो देश एवं प्रांत अपनी सरकारों की उल्लेखनीय उपलब्धियों को मान्यता देते हैं, उनकी उत्पादकता और प्रदर्शन में अधिक वृद्धि देखी जाती है और दुनिया इसकी प्रशंसा करती है। प्रशंसा और आभार व्यक्त करने से समुदाय की भावना, जिम्मेदारी और राष्ट्र के लिये कुछ अधिक सशक्त करने का एक कारण मिलता है। ऐसे कारणों से नया भारत, विकसित भारत एवं सशक्त भारत का निर्माण होता है।

मोदी सरकार अनेक क्षेत्रों में अनूठा एवं विलक्षण करते हुए देश से न केवल गरीबी का कलंक मिटाया है बल्कि अनेक समस्याओं से मुक्ति भी दिलायी है। स्वास्थ्य मोर्चे पर भारत की उपलब्धियों आश्चर्यकारी रही है, कोरोना–काल में भारत ने दुनिया को स्वास्थ्य–सहायता पहुंचायी है। वर्ष 2000 के बाद भारत में नौनिहालों का जीवन बचाने की सार्थक एवं प्रभावी मुहिम छेड़ी है, जो एक बड़ी छलांग एवं उपलब्धि है। संयुक्त राष्ट्र की एक एजेंसी के इस आकलन से मोदी सरकार अपनी पीठ थपथपा सकती है कि संयुक्त राष्ट्र एजेंसी की रिपोर्ट में उन योजनाओं और कार्यक्रमों का उल्लेख किया गया है, जिनके चलते शिशुओं की मृत्युदर कम करने में सफलता मिली है। इसका अर्थ है कि बीते कुछ समय में स्वास्थ्य सेवाओं और ढांचे को बेहतर करने के लिए वास्तव में कई उल्लेखनीय कदम उठाए गए हैं। इनमें आयुष्मान भारत योजना भी है। इसका उल्लेख भी संयुक्त राष्ट्र एजेंसी ने विशेष रूप से किया है। यह स्वास्थ्य संबंधी विश्व की सबसे बड़ी योजना है। यह निर्धन परिवारों के लिए वरदान सिद्ध हुई है। आश्चर्य नहीं कि संयुक्त राष्ट्र एजेंसी ने कहा कि भारत ने रणनीतिक निवेश के माध्यम लाखों लोगों के जीवन को बचाने का काम किया है। आयुष्मान भारत योजना की उपयोगिता को



देखकर ही हाल में 70 वर्ष की आयु के सभी बुजुर्गों को इस योजना के दायरे में लाया गया है। इसने दिखाया है कि राजनीतिक इच्छाशक्ति, साक्ष्य–आधारित रणनीतियों और निरंतर निवेश से शिशु मृत्यु दर में ही नहीं, बल्कि अन्य स्वास्थ्य चुनौतियों में पर्याप्त कमी लाई जा सकती है।

संयुक्त राष्ट्र अंतर–एजेंसी समूह की बाल मृत्युदर आकलन रिपोर्ट में भारत, नेपाल, सेनेगल, घाना व बुरुंडी का उदाहरण दिया गया। वर्ष 2000 से भारत ने पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों की मृत्युदर में 70 व नवजात शिशुओं की मृत्युदर में 61 प्रतिशत की कमी हासिल की है। स्वास्थ्य कवरेज बढ़ाने, सशक्त स्वास्थ्य नीतियों एवं योजनाओं से मौजूदा स्थिति को सुधारने के लिए किए गए उपायों के कारण ऐसा संभव हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया है कि हर गर्भवती महिला मुफ्त प्रसव की हकदार है और शिशु देखभाल संस्थानों में मुफ्त परिवहन, दवाएं, निदान और आहार इसमें सहायता प्रदान करती है। भारत ने प्रसूति प्रतीक्षा गृहों, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य विंग, बीमार नवजात की देखभाल, मातृ देखभाल और जन्म दोष जांच के लिए बुनियादी ढांचे को मजबूत किया है। भारत ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए दाइयों व कुशल प्रसव सहायकों के प्रशिक्षण और तैनाती को भी प्राथमिकता दी है। दुनिया भर में लगभग एक अरब बच्चे पहले से ही उच्च जोखिम वाले जलवायु खतरों का सामना कर रहे हैं और बच्चों के जलवायु जोखिम सूचकांक में भारत 26वें स्थान पर है। रिपोर्ट में पूर्वानुमान व्यक्त किया गया है कि जलवायु संकट बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा पर तथा पानी जैसे आवश्यक संसाधनों तक उनकी पहुंच पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। लेकिन भारत इन स्थितियों में स्वास्थ्य चुनौतियों को कम करने के लिये सशक्त योजनाओं एवं सोच के साथ तत्पर है।

मोदी सरकार की प्रभावी स्वास्थ्य योजनाओं के बावजूद अब भी स्वास्थ्य के मोर्चे पर बहुत कुछ किया जाना बाकी है। बड़ी हकीकत यह भी है कि एक बड़ी संख्या में लोग सरकारी अस्पतालों में मजबूरी में ही उपचार कराना पसंद करते हैं। छोटे शहरों और गांवों में न केवल डॉक्टरों, स्वास्थ्य कर्मियों की कमी है, बल्कि अस्पतालों और मेडिकल उपकरणों की भी। इसके चलते इन क्षेत्रों के लोग शहरों के बड़े अस्पतालों की ओर दौड़ लगाते हैं, जहां निजी क्षेत्र के अस्पतालों के मुकाबले सरकारी अस्पताल बहुत पीछे नजर आते हैं। यह सही है कि बीते कुछ वर्षों में अनेक नए मेडिकल कॉलेज खुले हैं, लेकिन सरकार के सामने बड़ी समस्या है कि इन मेडिकल कॉलेजों से निकले डॉक्टर ग्रामीण इलाकों में सेवाएं देने के लिए तैयार नहीं होते। सरकारी अस्पतालों को सशक्त एवं सर्वसुविधायुक्त किया गया है लेकिन समय के साथ उपचार महंगा होता जा रहा है। यदि किसी गंभीर बीमारी से ग्रस्त व्यक्ति को निजी अस्पताल में उपचार कराना पड़ता है तो वह कर्जे में डूब जाता है। इसका एक कारण यह भी है कि अपने यहां स्वास्थ्य बीमा का उतना चलन नहीं, जितना आवश्यक है। सरकारें इससे अनभिज्ञ नहीं हो सकतीं कि अधिक आयु के लोगों के लिए स्वास्थ्य बीमा महंगा होता जाता है और इसके बाद भी उसमें अच्छा–खासा जीएसटी लगता है। सरकार को अधिक प्रभावी स्वास्थ्य परिणामों के लिये स्वास्थ्य सेवाओं एवं दवाओं को जीएसटी से मुक्त करना चाहिए। बच्चों की बढ़ती आबादी के साथ नित नई चुनौतियाँ भी बढ़ेंगी। इसलिए इन चुनौतियों से निपटने के लिए बच्चों और युवाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और कौशल विकास में अधिक निवेश करना बहुत जरूरी है। जलवायु परिवर्तन से जुड़े खतरों से बहुत अधिक गर्मी, बाढ़, जंगल में आग और चक्रवात जैसी घटनाओं में आठ गुना वृद्धि होने का अनुमान है और इनका सीधा असर बच्चों पर पड़ेगा। निश्चित ही मोदी सरकार इन चुनौतियों से लड़ने में सक्षम है। एक अच्छा लीडर किसी चीज का ब्लेम थोड़ा ज्यादा लेता है और क्रेडिट लेने के मामले में पीछे रहता है। दरअसल, दीर्घकालिक दृष्टिकोण के बिना कोई भी कार्रवाई स्थायी परिवर्तन लाने में विफल ही रहेगी। इतिहास अक्सर किसी आदमी से ऐसा काम करवा देता है, जिसकी उम्मीद नहीं होती। और जब राष्ट्र की आवश्यकता का प्रतीक कोई आदमी बनता है तब भले ही उसकी प्रशंसा क्यों न हो, उसका कद स्वतः बढ़ जाता है। मोदी ने इस युग को वह दिया जिसकी उसे जरूरत है, वह नहीं जिसकी कि वह प्रशंसा करे।

जीवन को परिभाषित करने तक ही प्रधानमंत्री मोदी उपदेश नहीं देते, अपितु उन्होंने भारत के जीवन को बदलने एवं जीवनस्तर को ऊंचा उठाने के कार्यक्रम दिये हैं जिनमें बूढ़े, बच्चे, महिलाएं, युवा सब होते हैं, वे उनसे सीधा सम्पर्क करते हैं एवं उन्हें दिशाबोध देते हैं। अब संयुक्त राष्ट्र ने मोदी के कार्यों एवं योजनाओं को अनुकरणीय एवं अनूठा माना है तो इससे देश का सीना तना है, गर्व से ऊंचा हुआ है। आपने 'साल' का वृक्ष देखा होगा–काफी ऊंचा! 'शील' का वृक्ष भी देखें– जो जितना ऊंचा है उससे ज्यादा गहरा है। आखिर इस गहराई को मापने वाले संयुक्त राष्ट्र का आभार। जो भी कोई मूल्य स्थापित करता है, जो भी कोई पात्रता पैदा करता है, जो भी कोई सृजन करता है, जो देश का गौरव बढ़ाता है, जो देश की ज्वलंत समस्याओं एवं त्रासदियों से मुक्ति दिलाता है, जो गीतों में गाया जाता है, उसे सलाम। मोदी के मजबूत इरादों एवं मनोबल को सलाम।

# अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के मायने अराजकता नहीं



हरीश शिवनानी

भा रतीय राजनीति, साहित्य, संस्कृति और अकादमिक दायरों में जिस पदबंध का प्रयोग जोर–शोर से किया जाता है, वो है– अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता। जितने जोर–शोर से इसे दोहराया जाता है उससे भी दोगुने मौकों पर इसका दुरुपयोग भी उतने ही खुले तौर पर किया जाता है। हालिया एक कॉमेडियन कुणाल कामरा के प्रकरण से ऐसा ही कुछ हुआ जा रहा है। जो लोग यह 'तर्क' देते हैं कि अगर आप किसी से असहमत भी हों, तब भी आपको उनके बोलने के अधिकार का समर्थन करना ही चाहिए। 'फ्रीडम ऑफ स्पीच' पर तभी प्रश्न उठाए जा सकते हैं जब वह हिंसा फैलाने में सहयोग कर रही हो। कुणाल कामरा ने ऐसा कुछ नहीं किया है। जबकि किसी के 'बोलने' इसका व्यावहारिक और तर्कसंगत पहलू भी होना चाहिए कि उसके 'बोलने' का वास्तविक मंतव्य, उद्देश्य क्या है। कोई अगर कॉमेडी की आड़ या अन्य किसी भी नजरिए से किसी व्यक्ति, जाति, धर्म, संप्रदाय, समुदाय या किसी भी उद्देश्य से निर्मित समूह के प्रति सार्वजनिक रूप से अभद्र–अशालीन–अमर्यादित भाषा–बोली का प्रयोग कर उसकी मानहानि करते हैं, सामाजिक रूप से अपमानित करते हैं, फूहड़ तरीके से हंसी–मखौल उड़ाते हैं या उसके हितों नुकसान करते हैं तो यह भी उसके प्रति वाचिक हिंसा, सार्वजनिक अपमान करना ही हुआ, इसे स्वतंत्रता की अभिव्यक्ति, बोलने का अधिकार या लोकतंत्र जा समर्थन तो कतई नहीं कहा–माना जा सकता। कुणाल कामरा ने पिछले दिनों अपने कॉमेडी शो में महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के तरफ संकेत कर जो कुछ कहा है, उसे समझना, उसके निहितार्थ निकालना कोई मुश्किल काम नहीं है। यह महज कॉमेडी नहीं, विशुद्ध रूप से फूहड़ तरीके का राजनीतिक वक्तव्य है, किसी का सार्वजनिक अपमान, उसकी मानहानि है। भारत में दल–बदल कर सत्ता हासिल करने का लंबा राजनीतिक इतिहास रहा है। 1977 और 1979 में हरियाणा में मुख्यमंत्री भजनलाल के समूची कैबिनेट सहित दलबदल करने का इतिहास तो जाना–पहचाना है ही, राजनीतिक मुहावरा 'आयाराम–गयाराम' भी हरियाणा के एक विधायक की ही देन है।

अभिव्यक्ति के स्वतंत्रता की आड़ में हमें उन मूल्यों को भी नहीं भूलना चाहिए जो एक सभ्य, सुसंस्कृत, मर्यादित और शिष्ट समाज की बुनियाद होते हैं। इस समाज में अनियंत्रित, निरंकुश कुछ भी नहीं होता। अनुशासन, मर्यादाओं की एक सीमा–रेखा होती है। भारतीय संविधान में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता अनुच्छेद 19(1)(क) के तहत नागरिकों को दी गई है। हालांकि यह भी असीम नहीं है। इसे अनुच्छेद 19(2) के तहत कुछ उचित प्रतिबंधों के अधीन रखा गया है। हर अभिव्यक्ति के मायने अराजकता नहीं हो सकता। लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए वाचिक और शाब्दिक हिंसा पर भी अंकुश उतना ही जरूरी है जितना दैहिक हिंसा पर।

भारतीय बौद्धिक जगत की दिक्कतें यह भी कम नहीं कि उसकी बौद्धिकता किसी व्यक्ति, समूह, जाति,समुदाय को परखने,उसका मूल्यांकन करने या उसके पक्ष–विपक्ष में खड़े होने के मूल में उसके पैमाने, उसके निकष, मापदंड उसकी विचारधारा के अनुरूप बदलते रहते हैं। इसके मूल में उसकी राजनीतिक विचारधारा, उसकी अपेक्षाएं, उसकी महत्वाकांक्षाएं और उसके निहितार्थ मुख्य भूमिका निभाते हैं। ऐसा ही कामरा के प्रसंग में हुआ है। कला और साहित्य–संस्कृति की स्वायत्तता के स्वयम्भू ठेकेदारों ने अपने स्तर पर एक पैमाना बना रखा है जिससे वे अभियक्ति की आजादी की हद तय करते है। सच यही है कि आज भारतीय बौद्धिक जगत अपनी इस खामोशी की वज़ह ज्यादा अविश्वसनीय और बदनाम है जिसे निर्मल वर्मा ने 'चुनी हुई चुप्पी' कहा था, जिसे सामान्यतः 'सलेक्टिव खामोशी' कहा जाता है।

ऐसे चुनी हुई चुप्पियों वाले कथित और स्वयंभू बुद्धिजीवियों की अभिव्यक्ति की आज़ादी तब खतरे में नहीं आती जब तस्लीमा नसरीन को बोलने से रोका जाता है, तारेक फतेह के साथ धक्का मुक्की कर जश्ने रेख्ता से बाहर किया जाता है । इस आजादी पर तब भी खतरा नहीं आता जब जेएनयू के वामपंथी योग शिक्षक रामदेव को किसी कार्यक्रम में बुलाने का विरोध कर उनका कार्यक्रम रद्द करवा देते है या नूपुर शर्मा की तथ्यात्मक बात के बावजूद वे चुप्पी धारण कर लेते हैं। यदि कोई अपनी वैचारिकता के निकट है तो गलत होकर भी सही, वरना विरोधी होने पर खामोशी। क्या एक लोकतांत्रिक देश में सेलेक्टिव चुप्पी और सलेक्टिव स्वस्थ प्रवृत्ति है?

कुणाल कामरा का विवादों से पुराना नाता रहा है। वरिष्ठ पत्रकार अर्नब गोस्वामी से लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संदर्भ में वो विवादों में रह चुके हैं। नए वीडियो में कामरा ने मुकेश अंबानी के बेटे का उसके वजन के लिए मजाक उड़ाया है। सभी जानते हैं कि अनंत अंबानी को बीमारी की वजह से स्टेरॉइड्स लेने पड़ते हैं। स्टेरॉइड्स के साइड इफेक्ट की वजह से उनका ये वजन बढ़ा हुआ है। यानी बीमारी की वजह से अनंत अंबानी की ये हालत है और कोई उसका मजाक उड़ा रहा है तो ये कुछ भी हो सकता है, कॉमेडी तो नहीं।

वास्तविकता यह है कि आज के दौर में जब कॉमेडियन का मार्केट ठंडा हो जाता है तब वापस मार्केट में चर्चा में आने के लिए धर्म, राजनीतिक, जाति आदि विषयों पर निजी रूप से व्यंग्य करते हैं ताकि विवाद हो और वह फिर चर्चा में आ जाएं। पैसे और चर्चा में बने रहने के लिए उनका एक तरह का पेशा है। इसे आप इस प्रकरण से भी समझ सकते हैं कि इस विवाद के बाद 'सुपर थैंक्यू' के नाम पर कामरा को दो दिन में ही लाखों रुपये की फंडिंग हो चुकी है।

कहने को विदेशी सिनेमा या सीरीज में देशज शब्दों की भरमार होती है। ऑस्कर पाने वाली 'अनोरा' में एक गाली का प्रयोग सैकड़ों बार हुआ। मार्टिन स्कोर्सेसी जैसे बड़े फिल्मकार ने भी 'द वुल्फ ऑफ वॉल स्ट्रीट' में भी एक यौन शब्द का इस्तेमाल सैकड़ों बार किया। किसी रचना, चाहे वो फिल्म हो या किताब, उसमें अगर गाली या कथा या पात्रों के स्तर के अनुसार गालियों या किसी देशज किस्म की भदेस भाषा का प्रोयग होता है तो उसे रचनात्मक अनिवार्यता कही जा सकती है, राही मासूम रजा के 'आधा गांव' या काशीनाथ सिंह की 'अस्सी जा अस्सी' कृति–फिल्म लेकिन आज के दौर में जब 'स्टैंडिंग कॉमेडी' के नाम जो छिछोरापन परोसा जाता है, वह अस्वीकार्य है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता किसी को कुछ भी करने की इजाजत नहीं दे सकती। गाली गलौज, मानहानि, अभद्र भाषा, सार्वजनिक छीछालेदर को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता नहीं कहना चाहिए। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता मर्यादित बोध से होनी चाहिए।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# सिर्फ नाच गाना पार्टी नहीं है हिन्दू विवाह संस्कार!



मनोज कुमार अग्रवाल

दे श के अधिकांश हिस्सों में हिन्दू समाज के कुछ वर्गो खासकर एलीट और सम्पन्न समझे जाने वाले लोगों द्वारा विवाह आयोजन में जिस तरह का वैभव अनाप शनाप खर्च सैकड़ों तरह के व्यंजन डीजे पार्टी आयोजित की जा रही है उन सबके बीच विवाह का संस्कार परंपरागत सप्तपदी के फेरे रस्में सेकेंडरी यानी गौण बनती जा रही है। जबकि सबसे महत्वपूर्ण अग्नि के समक्ष वर वधू के फेरे और जन्म जन्मांतर साथ निभाने के वचन ही हैं जिनके लिए तमाम छोटा या बड़ा समारोह आयोजित किया जाता है। इन दिनों दक्षिण में विवाह की रस्म कराते कर्म कांडी पुरोहित के साथ अभद्र मजाक बनाने का विडियो वायरल हुआ। यह वायरल वीडियो तो सिर्फ आइना है वास्तव में कुछ लोग विवाह के संस्कार को बहुत हल्के और बेहद गैर गंभीर तरीके से लेने लगे हैं उनका सारा जोर ही डांस और पार्टी हल्ला–गुल्ला पर रहने लगा है इतना ही नहीं वरमाला पर वर वधू का उचकाना यह सब गलत व विवाह संस्कार की मर्यादा का पतन है। हाल ही में देश की शीर्ष अदालत को यदि विवाह जैसे बेहद व्यक्तिगत मामले में परामर्श देना पड़ा है, तो इसका साफ संदेश यही है कि इसके मूल स्वरूप से तेजी से खिलवाड़ हुआ है। कोर्ट को सख्त लहजे में यहां तक कहना पड़ा कि विवाह यदि सप्तपदी यानी फेरे जैसे उचित संस्कार और जरूरी समारोह के बिना होता है तो वह अमान्य ही होगा। निश्चित रूप से अदालत ने यह बताने का प्रयास किया कि इन जरूरी परंपराओं के निर्वहन से ही विवाह की पवित्रता और कानूनी जरूरतों को पूरा किया जा सकता है। दरअसल, पिछले कुछ सालों में लिव–इन का प्रचलन विवाह संस्था के वजूद को हिला रहा है बिन फेरे हम तेरे के चलन ने तमाम सामाजिक वर्जनाओं के ताने बाने को तहस नहस कर दिया है। तिस पर विवाह से पूर्व प्री वेडिंग सूट के नए प्रचलन ने तमाम संस्कार और मर्यादा मान्यताओं का बेड़ा गर्क कर दिया है।

आपको बता दें कि हाल के वर्षों में विवाह समारोहों के आयोजन में पैसे के फूहड़ प्रदर्शन व तमाम तरह के आडंबरों को तो प्राथमिकता दी जा रही है, लेकिन परंपरागत हिंदू विवाह के तौर–तरीकों को लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है। आज से कुछ दशक पूर्व हिंदी फिल्मों में हास्य पैदा करने के लिये विवाह से जुड़ी परंपराओं का जिस तरह का मजाक बनाया जाता था, आज कमोबेश वैसी स्थिति समाज में भी बनती जा रही है। वर–वधू द्वारा अपने जीवन के एक महत्वपूर्ण अध्याय को शुरू करने के वक्त विवाह के आयोजन में जो शालीनता, गरिमा व पवित्रता होनी चाहिए, उसे खारिज करने की लगातार कोशिशें की जाती रही हैं। यही वजह है कि अदालत को याद दिलाना पड़ा कि हिंदू विवाह अधिनियम 1955 के अंतर्गत विवाह की कानूनी जरूरतों तथा पवित्रता को गंभीरता से लेने की जरूरत है।



जिसके लिये पवित्र अग्नि के चारों ओर लगाये जाने वाले सात फेरे जैसे संस्कारों व सामाजिक समारोह से ही विवाह को मान्यता मिल सकती है। निश्चित रूप से आज विवाह संस्कार की गरिमा को प्रतिष्ठा दिये जाने की जरूरत है। यानी विवाह सिर्फ प्रदर्शन नहीं है। विवाह मजबूरी का समझौता या करार भी नहीं हो सकता। निश्चित रूप से भारतीय जीवन पद्धति में विवाह महज महत्वपूर्ण संस्कार ही नहीं है बल्कि नवदंपति के जीवन के नये अध्याय की शुरुआत भी है। जिसे हमारे पूर्वजों ने बेहद गरिमा व सम्मान के साथ पीढ़ी–दर–पीढ़ी आगे बढ़ाया है। आज हम भले ही कितने आधुनिक हो जाएं, विवाह से जुड़ी अपरिहार्य परंपराओं को नजरअंदाज कदापि नहीं कर सकते। आपको बता दें कि सनातन वैदिक परम्परा में विवाह को एक बहुत पवित्र संस्कार माना गया है इस संस्कार के समय वर को विष्णु और वधू को साक्षात लक्ष्मी का स्वरूप माना जाता है। इस संस्कार में विष्णु स्वरूप को एक पिता आदर भाव से पूजा कर उसे लक्ष्मी स्वरूप कन्या सौंपता है। इतना ही नहीं दूसरे धर्मावलंबियों की तरह हिन्दू समाज में विवाह एक समझोता नहीं है वरन जन्म जन्मांतर तक साथ निभाने का वचन है। हिंदू धर्म में विवाह को सोलह संस्कारों में से एक संस्कार माना गया है। विवाह = वि + वाह, अतः इसका शाब्दिक अर्थ है विशेष रूप से (उत्तरदायित्व का) वहन करना। पाणिग्रहण संस्कार को सामान्य रूप से हिंदू विवाह के नाम से जाना जाता है। अन्य धर्मों में विवाह पति और पत्नी के बीच एक प्रकार का करार होता है जिसे कि विशेष परिस्थितियों में तोड़ा भी जा सकता है परंतु हिंदू विवाह पति और पत्नी क बीच जन्म–जन्मांतरों का सम्बंध होता है जिसे कि किसी भी परिस्थिति में नहीं तोड़ा जा सकता। अग्नि के सात फेरे ले कर और ध्रुव तारा को साक्षी मान कर दो तन, मन तथा आत्मा एक पवित्र बंधन में बंध जाते हैं। हिंदू विवाह में पति और पत्नी के बीच शारीरिक सम्बंध से अधिक आत्मिक सम्बंध होता है और इस सम्बंध को अत्यंत पवित्र माना गया है।

निश्चित रूप से विवाह को औपचारिक रूप से मान्यता देने के लिये पंजीकरण आदि के उपाय इस रिश्ते को अपेक्षित गरिमा देने में विफल ही रहे हैं। यही वजह है कि शीर्ष अदालत में न्यायाधीश को कहना पड़ा कि सात फेरों का अर्थ समझे बिना हिंदू विवाह की गरिमा को नहीं समझा जा सकता। यह भी कि हिंदू विवाह सिर्फ नाचने–गाने तथा पार्टीबाजी की ही चीज नहीं है, यह एक गरिमामय संस्कार है। उसके लिये सामाजिक भागीदारी वाला जरूरी विवाह समारोह भी होना चाहिए। यानी महज पंजीकरण से विवाह की वैधता पर मोहर नहीं लग जाती। निस्संदेह, निष्कर्ष यही है कि पैसा पानी की तरह बहाकर तमाम तरह के आडंबरों को आयोजित करने के बजाय विवाह के मर्म को समझना होगा। इसके बावजूद देशकाल व परिस्थितियों के अनुरूप विवाह पंजीकरण की जरूरत को भी पूरी तरह खारिज नहीं किया जा सकता। हमें यह भी स्वीकारना होगा कि 21वीं सदी का भारतीय समाज बदलते वक्त के साथ नई चाल में ढला है। नई पीढ़ी की कामकाजी महिलाएं आज आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हुई हैं और अपनी शर्तों पर विवाह की परंपराओं को निभाने की बात करती हैं। जिसके चलते विवाह संस्था को लेकर कई अदालतों के फैसले सामने आए हैं, जिनकी तार्किकता को लेकर समाज में बहस चलती रहती है। जिसमें कई कर्मकांडों पर नये सिरे से विचार–विमर्श की जरूरत बतायी जाती रही है। मसलन कुछ कथित प्रगतिशील लोग कन्यादान व सिंदूर लगाने की अनिवार्यता को लेकर सवाल उठाते रहे हैं। लेकिन इसके बावजूद हमें न्यायालय की चिंताओं पर चिंतन तो करना ही चाहिए। यह सवाल रूढ़विादिता का नहीं है। बल्कि दुनिया के तमाम धर्मों में सदियों से चली आ रही वैवाहिक परंपराओं का आदर के साथ अनुपालन किया जाता है। यह हमारे पूर्वजों द्वारा स्थापित रीति–रिवाजों का सम्मान करने जैसा ही होता है। जो नया जीवन शुरू करने वाले वर–वधू को एक आशीष जैसा ही होता है।

जाहिर है कि प्रगति का पैमाना संस्कृति और संस्कारों के साथ खिलवाड़ या फूहड़ता दर्शाना नही होता है। हमें अपने संस्कारों की पवित्रता बनाए रखने के लिए अपने व्यवहार में आ रही मर्यादा हीनता को त्यागना होगा।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**

## न्यूज अपडेट

### हथियार के बल पर अपराधियों ने छीनी बाइक

**मेहरमा संवाददाता।** झारखंड-बिहार के सीमावर्ती ईशीपुर बाराहाट थाना क्षेत्र अंतर्गत जगरनाथपुर-छोटी महेदी पोखर गांव के बीच गुरुवार देर रात तीन की संख्या में अपराधियों ने हथियार के बल पर एक युवक की बाइक छिनतई की घटना को अंजाम देने का मामला प्रकाश में आया है। बताते चलें कि इशीपुर बाराहाट थाना क्षेत्र के महादेवटीकर गांव निवासी सोनू कुमार नामक पीड़ित युवक ने ईशीपुर थाना में आवेदन दिया है। पीड़ित युवक ने आवेदन में बताया है कि बजाज कंम्पनी का एफजेडएस बाइक नम्बर बीआर 10 एएन 2568 बाइक से मिर्जाचौकी की तरफ से आ रहा था। उसी के दौरान भगैया चेकपोस्ट के समीप छोटी मेहदी पोखर गांव होते हुए जगरनाथपुर गांव के रास्ते जा रहा था। उसी के दौरान वारदात को अंजाम दिया। पीछे से एक बाइक पर तीन की संख्या में सवार बदमाशों ने ओवरटेक कर रोका और हथियार का भय दिखाते हुए मारपीट कर बंदुक के बट से सिर पर हमला कर बाइक लेकर फरार हो गया। और नगदी आठ हजार रुपए की भी छिनतई कर ली। इधर घटना की शिकायत पर अपराधियों कि धर पकड़ के लिए शुक्रवार को इशीपुर बाराहाट थाना में पदस्थापित एसआई विकास कुमार, चंदन कुमार पुलिस बल के साथ भगैया चेकपोस्ट पहुंचकर सीसीटीवी कैमरा का फुटेज खंगाल रही है। क्षेत्र में इस तरह लगातार बढ़ रही अपराधिक घटनाओं को लेकर कई तरह के सवाल खड़े हो रहे हैं पुलिस की पेट्रोलिंग व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग ग्रामीणों ने किया है।

### नीलामपत्र वाद मेगा शिविर का आयोजन

**पाकुड़/संवाददाता।** ऋण समाधान योजना के तहत नीलाम पत्र वाद मेगा शिविर का आयोजन डीसी मनीष कुमार की अध्यक्षता में डीआरडीए सभागार कक्ष में आयोजित की गई। इस मेगा शिविर में बैंक एवं नीलाम बकायेदार शामिल हुए। मौके पर एसपी, डीडीसी, जिला नीलाम पत्र पदाधिकारी सह भूमि सुधार उप समाहर्ता, विशेष कार्य पदाधिकारी, कार्यपालक दंडाधिकारी समेत अन्य उपस्थित थे।

### सीओ ने दो वाहनों को किया जब्त

**हिरणपुर/संवाददाता।** नो एंट्री के समय सीमा का उल्लंघन किए जाने को लेकर दो वाहनों को सीओ मनोज कुमार ने जब्त किया।। कोयला परिवहन में लगे दो हाइवा जेएच 04 एडी 0729 व जेएच 16 जे 5759 पाकुड़ से अमड़ापाड़ा की ओर जा रहा था जिसके बाद सीओ ने दोनों वाहनों को जब्त कर थाने की अभिरक्षा में रखा है। सीओ ने संबंधित वाहनों पर जुर्माने की कार्रवाई के लिए जिला परिवहन पदाधिकारी को पत्र लिखा है।

### वारंटी के घर पर चिपकाया गया इश्तेहार

**हिरणपुर/संवाददाता।** फरार चल रहे वारंटी कैलाश साहा के हाथकाठी स्थित घर में स्थानीय पुलिस ने शुक्रवार को इश्तेहार चिपकाया। मिली जानकारी के अनुसार महेशपुर थाना कांड संख्या 28/16 एवं सीजीएम कोर्ट जीआर नंबर के 149/16 के फरार वारंटी हाथकाठी छिटकापाड़ा निवासी कैलाश कुमार साह के घर में एसआई गोपाल कुमार महतो, एएसआई गोविंद कुमार साह सहित पुलिस बल ने गवाहों की मौजूदगी में इश्तेहार चस्पां किया। इस दौरान फरार वारंटी के घर में कोई सदस्य मौजूद नहीं था।

### उन्मुखीकरण सह प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

**पाकुड़/संवाददाता।** रविन्द्र भवन टाउन हॉल में प्रोजेक्ट आहार के तहत जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं के साथ एक दिवसीय उन्मुखीकरण सह प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन डीसी मनीष कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिला आपूर्ति पदाधिकारी अभिषेक कुमार सिंह ने खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग में संचालित योजनाएं जैसे राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना, सोना सोबरन धोती साड़ी वितरण योजना, नमक वितरण योजना, चीनी वितरण योजना, धान अधिप्राप्ति योजना, आदिम जनजाति समूह डाकिया योजना, मुख्यमंत्री दाल-भात योजना, चना दाल वितरण योजना समेत अन्य योजनाओं का विस्तृत रूप से जानकारी दी। डीसी मनीष कुमार ने सभी जन वितरण प्रणाली के विक्रेताओं को निर्देश देते हुए कहा कि खाद्यान्न का वितरण पारदर्शी तरीके से किया जाए। पीडीएस डीलरों को कहा कि सरकार तय मात्रा में ही सभी कार्डधारियों को राशन देना सुनिश्चित करे। साथ ही राशन के साथ अनिवार्य रूप से पर्ची भी लाभुकों को देने का निर्देश दिया गया।

### सड़क के किनारे खड़ी हाइवा में बाइक सवार टकराया, एक की मौत दूसरा गंभीर

**मेहरमा/संवाददाता।** स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत पीरपैंती-ललमटिया मुख्य सड़क के बीच गोविंदपुर स्थित ईवीएम शोरुम के समीप सड़क के किनारे खड़ी एक हाइवा में गुरुवार देर रात एक बाइक सवार टकरा गया। जिसमें बाइक पर सवार एक युवक की घटना स्थल पर मौत हो गई और दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। ड्यूटी में तैनात डॉ. ने उसे बेहतर उपचार के लिए रेफर कर दिया। मृतक की पहचान 23 वर्षीय सोहित मंडल और गंभीर रूप से घायल युवक की पहचान 20 वर्षीय रोनित मंडल बताया जा रहा है। दोनों युवक बिहार के ईशीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत विकासनगर गांव का रहने वाल था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोनों युवक शराब के नशे में था। बाराहाट बाजार के तरफ से घर विकास नगर जा रहा था। इधर घटना की सूचना पर मेहरमा थाना प्रभारी सौरव कुमार ठाकुर मौके पर पहुंचे। शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस दोनों दुर्घटना ग्रस्त वाहन को अपने कब्जे में लेकर जांच में जुट गई है।

# वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ शांतिपूर्ण विरोध

- काली पट्टी बांध कर नमाजियों ने जतायी एकजुटता

बसंतराय/संवाददाता।



ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के आह्वान पर जिला सहित बसंतराय प्रखंड क्षेत्र की मस्जिदों में अलविदा जुमा के मौके पर शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन देखने को मिला। इस दौरान नमाजियों ने अपने बाजू पर काली पट्टी बांध कर वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ अपना रोष प्रकट किया। यह विरोध प्रदर्शन पूरी तरह शांतिपूर्ण रहा, जिसमें सभी लोगों ने एकजुट होकर अपनी आवाज बुलंद की। विरोध में शामिल लोगों का कहना था कि वक्फ संपत्तियां उनके पूर्वजों और बुजुर्गों की अमानत हैं, जो पीढ़ियों से धार्मिक और सामाजिक कार्यों के लिए समर्पित रही हैं। उनका मानना है कि इस संशोधन बिल के जरिए इन संपत्तियों पर सरकारी नियंत्रण बढ़ाने की कोशिश की जा रही है जो उनके समुदाय के अधिकारों और धरोहर पर हमला है। नमाज अदा करने के बाद मस्जिदों में मौजूद लोगों ने काली पट्टी बांध कर न केवल अपना विरोध दर्ज किया, बल्कि एकजुटता का संदेश भी दिया। प्रदर्शनकारियों ने कहा, "हमारी वक्फ संपत्तियां हमारे अब्बा ओ अजदाद की निशानी हैं। इनका इस्तेमाल मस्जिदों, मदरसों, कब्रिस्तानों और गरीबों की मदद के लिए होता है। इस बिल के जरिए इन पर किसी भी तरह का हस्तक्षेप हमें मंजूर नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि यह संशोधन संविधान में दिए गए धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार का उल्लंघन है। विरोध करने वालों ने सरकार से इस बिल को वापस लेने की मांग की और चेतावनी दी कि अगर उनकी बात नहीं सुनी गई, तो वे आगे भी शांतिपूर्ण तरीके से अपना विरोध जारी रखेंगे। इस मौके पर सभी मस्जिदों में भारी संख्या में लोग जमा हुए और नमाज के बाद इस मुद्दे पर चर्चा भी की गई। स्थानीय नेताओं और धार्मिक संगठनों ने भी इस प्रदर्शन का समर्थन किया। प्रदर्शनकारियों ने जोर देकर कहा कि उनका विरोध किसी के खिलाफ नहीं, बल्कि अपनी धरोहर को बचाने के लिए है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वे लोकतांत्रिक और संवैधानिक तरीकों से अपनी बात रखते रहेंगे। इस शांतिपूर्ण प्रदर्शन ने न केवल स्थानीय स्तर पर, बल्कि पूरे क्षेत्र में एकजुटता और जागरूकता का संदेश फैलाया।

## नमाजियों ने काली पट्टी बांध कर पढ़ी जुमे की अलविदा नमाज



गोड्डा/संवाददाता।

रमजान के अंतिम जुमा अलविदा के दिन वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ जुमा तुल विदा के दिन मस्जिदे आयशा फसिया डंगाल गोड्डा में शांतिपूर्ण एवं मौन प्रदर्शन किया गया। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के आह्वान पर लोगों ने अपने बाजू पर काली पट्टी लगा कर नमाज पढ़ी और इस बिल का पुरजोर तरीके से विरोध किया। वक्फ संशोधन बिल को लेकर मुसलमानों में आक्रोश है, और वे इसे अपने धार्मिक और सामाजिक संस्थानों पर हस्तक्षेप के रूप में देखते हैं। लोगों का कहना है कि वक्फ उनके बुजुर्गों और आबाओ अजदाद की मिल्कियत है, और इसमें किसी की भी हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हम ऐसे बिल का मुखालिफत करते हैं और करते रहेंगे। इसके बाद, हिंदुस्तान की अमन-शांति और चैन के लिए दुआ की गई। लोगों ने एकजुट होकर देश की शांति और सौहार्द के लिए सभी ने हाथ उठा कर दुआ ए मगफिरत की।

# मंदिर की छत से गिर कर युवक की मौत

- मृतक युवक की नहीं हो सकी है पहचान
- मामले की जांच में जुटी पुलिस

गोड्डा/संवाददाता।

नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत सरकंडा चौक स्थित बजरंगबली मंदिर के छत से गुरुवार की रात्रि एक अज्ञात युवक के गिरने के बाद उसकी मौत हो गई। उक्त मामले में पुलिस को सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को उठा कर सदर अस्पताल ले गई जहां चिकित्सक ने जांचोपरांत युवक को मृत घोषित कर दिया। वहीं मृतक के शरीर पर किसी तरह के चोट या जख्म का निशान नहीं पाया गया है। मृतक युवक के शरीर पर सिर्फ काले रंग का हाफ पैंट था। वहीं इस मामले में कुछ स्थानियों की ओर से बताया गया कि युवक शाम में मंदिर के समीप ही बैठा हुआ था बाद में वह मंदिर की पहली मंजिल पर चढ़ कर सो गया था और फिर हो सकता है कि वह नींद में हड़बड़ाते हुए उठा होगा और नीचे गिर गया होगा जिस कारण यह घटना घटित हुई है। वहीं कुछ लोगों द्वारा बताया गया कि घटना के दिन कॉलेज में हाट लगी हुई थी शायद उसने वहां जाकर शराब का सेवन किया होगा और वापस लौट कर सरकंडा चौक पर रुक गया और फिर नशे में छत से गिर गया होगा, जिससे उसकी मौत हो गई। वहीं नगर थाना प्रभारी दिनेश महली से इस मामले में हुई वार्ता में उन्होंने बताया कि जानकारी के अनुसार युवक मंदिर की पहली मंजिल पर सोया था वहां स्टील के रॉड का गार्डवाल लगा था जहां से वह गिर गया। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि यह एक दुर्घटना है या फिर हत्या। फिलहाल पुलिस ने शव को सदर अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है। मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है।

## ओस की बूंदों सी होती है बेटियां : ओम प्रकाश





गोड्डा/संवाददाता।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी रेखा कुमारी के नेतृत्व में स्थानीय महिला महाविद्यालय गोड्डा में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया यथा- बाल विवाह अधिनियम पर निबंध प्रतियोगिता, चम्मच कंचा एवं बोरी दौड़, ओपन क्विज आदि। कार्यक्रम का संचालन संरक्षण अधिकारी ओम प्रकाश की ओर से किया गया। प्रकाश ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि कन्या भ्रूण हत्या और लिंगानुपात में कमी पर चिंता व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री की ओर से 2015 में इस योजना का शुरूआत किया गया। उपस्थित सभी को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि "ओस की बूंदों सी होती है बेटियां, किसी भी बात पर तुरंत रो देती है बेटियां, बेटा तो करता है एक कुल का नाम रौशन, दो-दो कुलों की मान बढ़ाती है बेटियां"। भारत सरकार ने इसी के तहत सुकन्या समृद्धि योजना की भी शुरूआत की। उपस्थित विधि सह परिवीक्षा पदाधिकारी राजेश कुमार गुप्ता ने किशोर न्याय अधिनियम के बारे में विस्तृत जानकारी दी। यूनिसेफ के रूपक ने एनीमिया पर बालिकाओं को जागरूक किया। पीपीटी के माध्यम से आवश्यक जानकारी साझा किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का समापन प्राचार्या सुमन लता के अभिभाषण से किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संरक्षण अधिकारी ओम प्रकाश, मेराज, एलपीओ राजेश गुप्ता, चाइल्ड हेल्प लाइन के प्रमोद, संबंधित विद्यालय की प्राचार्य, प्रोफेसर और छात्राएं उपस्थित रहे।

# हजारों की तादाद में रोजेदारों ने सजदे में सिर झुकाया

- अलविदा जुमा रमजान माह में माना जाता है महत्वपूर्ण

बसंतराय/संवाददाता।



माह ए मुबारक रमजान का आखिरी जुमा यानी अलविदा की नमाज मदरसा अरबिया इस्लामिया खुर्द सांखी जामा मस्जिद के साथ ही बसंतराय प्रखंड क्षेत्र के तमाम मस्जिदों में सुकून से पढ़ी गई। मस्जिदें रोजेदारों की तादाद के सामने छोटी पड़ गई। हर एक रोजेदार की आंखे रमजान की विदाई पर नम नजर आ रही थी। हजारों की तादाद में रोजेदारों ने सजदे में सिर झुकाया। खुदा की इबादत के जज्बे से लबरेज रोजेदारों ने मुल्क की तरक्की व खुशहाली के लिए दुआ की। सुबह से ही अलविदा जुमा की तैयारियां बसंतराय सहित विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में शुरू हो गई थीं। रोजेदारों ने नई टोपी और नया लिबास पहन रखा था। इत्र की खुशबू महक रही थी। जुबान पर अल्लाह का जिक्र करने के साथ ही रोजेदारों ने 11 बजे से ही मस्जिदों का रुख कर लिया था। पहली सफ में जगह पाने का उत्साह से 11 बजे ही रोजेदार मस्जिदों में पहुंचने शुरू हो गए थे। पहली सफ में जगह पाने के लिए सभी लोगों में उत्साह नजर आ रहा था। लबों पर दरूद ए पाक का जिक्र था। नजरों में अल्लाह से बख्शीश की गुहार झलक रही थी। सभी की आंखों में अल्लाह की रहमत की बारिश का इंतजार था। सांचपुर सांखी जामा-मस्जिद, बाघाकोल जामा मस्जिद, कोरियाना आदि मस्जिदों में रोजेदार पूरी तरह भरी नजर आई। जगह पर्याप्त न होने के कारण तमाम लोगों को ऊपर छत में बैठाया गया। धूप की तपिश में लोगों की जुबान पर अल्लाह का जिक्र था। हर कोई इस दिन खुदा की रहमतें लूटने आया था। दुआ में अमन की अपील की जा रही थी। खुर्द सांखी जामा मस्जिद में मौलाना मुबारक ने अलविदा जुमे की नमाज पढ़ाया। नमाज के बाद दुआ मांगी गई। ऐ अल्लाह, हमारी मग़फिरत फरमा, तू हम सबकी परेशानियों को दूर फरमां, देश में चैन सुकून फरमा, हमने जो पूरे रमजान इबादत की है, रोजे रखे हैं, तू उसे अपनी बारगाह में कुबूल फरमां। हमारे देश में अमन और खुशहाली अता कर। हमारे देश को बुरी नजरों से बचा। कौम की तरक्की कर और सभी को ईद की खुशियां अता फरमां। क्षेत्र के मस्जिदों में मौलाना ने अपनी तकरीर से रमजान के माह में एक-एक नेकी के बारे में बताया। कही जाय तो दो साल के बाद खुशी-खुशी नमाज अदा करने के लिए शुक्रवार को विभिन्न मस्जिद पर रोजेदार पूरी तैयारी के साथ आए थे। जो लोग देरी से पहुंचे तो उन्हें जामा मस्जिद के छत में जगह मिली।

## आयोजन समिति की अंतिम सांस्कृतिक कार्यक्रम समीक्षा बैठक में कई निर्णय

- गरबा और डांडिया नाइट का आयोजन अष्टमी-नवमी को

गोड्डा/संवाददाता।



चैती दुर्गा पूजा के अवसर पर स्थानीय हटिया परिसर अवस्थित चैती दुर्गा मंदिर के प्रांगण में अष्टमी एवं नवमी की शाम क्रमशः 5 अप्रैल को संध्या 07 बजे से गरबा नाइट का जबकि 06 अप्रैल को संध्या 07 बजे से डांडिया नाइट का आयोजन किया जाएगा। उक्त आशय का निर्णय शुक्रवार को मंदिर परिसर में आहूत आयोजन समिति की अंतिम सांस्कृतिक कार्यक्रम समीक्षा बैठक में ली गई। आयोजन समिति के संरक्षक मुरलीधर पांडेय की अध्यक्षता में हुई। बैठक में समिति के अन्य पदाधिकारियों में अमृत पाण्डेय, राजेश भगत, सुनील यादव, सीताराम राउत, प्रेम पाठक, कौशिक प्रधान, अभिषेक यादव, पीकेश यादव एवं बादल साह जबकि कला के क्षेत्र से जिला कला-संस्कृति संयोजक सुरजीत झा के अलावा गुरुकुल डांस एकेडमी की निदेशिका आरती सिंह एवं सहायक कोरियोग्राफर विकास कुमार, डॉल्फिन डांस एकेडमी के निदेशक शशि आनंद, डी डांस एकेडमी की निदेशिका दीक्षा कुमारी, सह निदेशक आकाश सोनी और पी एंड डी डांस एकेडमी के निदेशक प्रेमचंद महतो शामिल हुए। बैठक में लिए गए निर्णयानुसार गरबा एवं डांडिया नाइट में सिर्फ नारी शक्ति की ही प्रतिभागिता रहेगी।

30 मार्च तक उपर्युक्त डांस एकेडमी के माध्यम से निबंधित प्रतिभागी ही मार्च को शिवपुर के शीतला नगर अवस्थित मां भवानी विवाह भवन में 31 मार्च एवं 01 अप्रैल को आयोजित दो दिवसीय ग्रुप रिहर्सल में भाग लेने के पश्चात मुख्य समारोह में शामिल हो सकेंगे। इसके पूर्व दो से चार अप्रैल तक प्रति शाम मंदिर परिसर स्थित मंच पर इन सभी एकेडमी के कलाकारों की ओर से संध्या 07 बजे से 10 बजे तक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। सभी निबंधित प्रतिभागियों के लिए पास की व्यवस्था होगी जिसे दिखाकर ही वो डांसिंग एरिना में प्रवेश कर पाएंगे।

## रेलकर्मी के बंद घर में चोरी

**पाकुड़/संवाददाता।** नगर थाना क्षेत्र के कैलाश नगर में रहने वाले एक रेल कर्मी के घर में चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम देते हुए जेवर लेकर फरार हो गए। सूचना मिलते ही नगर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन में जुट गई। बताया गया कि रेलवे में कार्यरत कर्मी अशोक गण ताला बंद कर बीते 25 मार्च को घर सासाराम गए हुए थे। इसी बीच शुक्रवार सुबह आसपास के लोगों ने देखा कि उनके घर का मुख्य दरवाजा का ताला टूटा हुआ है तो पड़ोसी ने इसकी सूचना नगर थाने को दिया। आस-पड़ोस के लोगों से रेल कर्मी का मोबाइल नंबर पुलिस ने लिया और उनसे संपर्क किया।

**तीन साल तक नहीं हुआ था एफआईआर दर्ज**

# बच्चों के हित में सदैव खड़ा है जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रेन : कालेश्वर

- 250 से भी ज्यादा गैरसरकारी संगठनों का नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन कानूनी लड़ाई की करेगा अगुआई

गोड्डा/संवाददाता।




बच्ची से बलात्कार के प्रयास के एक मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले पर तीखी टिप्पणियों के साथ सुप्रीम कोर्ट की रोक को गैरसरकारी संगठन साथी ने बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण की दिशा में अहम कदम करार दिया है। शीर्ष अदालत ने इस फैसले के खिलाफ जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) की विशेष अनुमति याचिका को स्वीकार करते हुए उसे पीड़िता की पैरवी की इजाजत दी है। बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए देश के 416 जिलों में काम कर रहे 250 से भी ज्यादा गैरसरकारी संगठनों का नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) इस कानूनी लड़ाई की अगुआई करेगा ताकि पीड़िता की गरिमा और अधिकारों की रक्षा हो सके और उसके साथ न्याय सुनिश्चित हो। बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए कार्य कर रहा स्वंयसेवी संगठन साथी, जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन का एक अहम सहयोगी है। साथी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कालेश्वर मंडल ने कहा, "अगर देश में एक भी बच्चा अन्याय का शिकार है तो जेआरसी उसके साथ है। न्यायपालिका बच्चों के अधिकारों के प्रति संवेदनशील है जो सुप्रीम कोर्ट के मामले का स्वतः संज्ञान लेने से स्पष्ट है। जेआरसी अब इस बच्ची को न्याय दिलाने के प्रयासों में कोई कसर नहीं छोड़ेगा। जेआरसी बच्चों के लिए एक न्याय पूर्ण दुनिया बनाने की लड़ाई लड़ रहा है और हम जिले से बच्चों के खिलाफ बाल विवाह, बाल यौन शोषण और बाल मजदूरी जैसे अपराधों के खात्मे के लिए प्रतिबद्ध हैं।" सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगाने के साथ ही तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि यह स्तब्ध करने वाला और असंवेदनशील फैसला है। इलाहबाद हाईकोर्ट ने 11 साल की एक पीड़िता के मामले में फैसले में कहा था कि अंग पकड़ना, सलवार का नाड़ा खोलना और उसे घसीट कर पुलिया के नीचे ले जाने को बलात्कार का प्रयास नहीं माना जा सकता।

शीर्ष अदालत ने भारत सरकार, उत्तरप्रदेश सरकार और मामले से जुड़े सभी पक्षों को नोटिस जारी किए हैं। मामले का स्वतः संज्ञान लेते हुए न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति एजी मसीह की खंडपीठ ने हाईकोर्ट के फैसले में जाहिरा तौर पर नजर आने वाली असंवेदनशीलता पर कड़ी आपत्ति जताई और उसकी टिप्पणियों को "चौंकाने वाला और कानून की किसी भी समझ से रहित करार दिया। जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन और पीड़िता के परिवार की ओर से अधिवक्ता रचना त्यागी ने कहा, इस मामले में साढ़े तीन साल से अधिक समय तक कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई और तीन साल से ज्यादा समय तक कानूनी कार्रवाई बिना किसी औपचारिक जांच के चलती रही। एक गरीब और कमजोर परिवार की इस बच्ची के साथ यह लापरवाही गंभीर अन्याय है। हमें इस बात से राहत मिली है कि सुप्रीम कोर्ट ने हमारी विशेष अनुमति याचिका को स्वीकार कर लिया है। हम पीड़िता की हर संभव मदद और उसे न्याय दिलवाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. : ईएल-03-25, दिनांक 27.03.2025,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सा.), पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा ख्यातिप्राप्त निविदाकारों जिनके पास वैध विद्युत ठेकेदार का लाइसेंस है एवं निम्नलिखित कार्य को पूरा करने में वित्तीय रूप से सक्षम हैं, से ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैः **कार्य का नाम एवं इसका स्थान:** उप सीएसटीई/प्रोज. कार्यालय, सब-ऑर्डिनेट कार्यालय, आसनसोल का नवीनीकरण। **निविदा मूल्य:** रु. 5,58,589.03, **बयाना राशि:** रु. 11,200/-, **निविदा कागजात का मूल्य:** शून्य। **कार्य की समापन अवधि:** 09 माह। **बंद होने एवं खुलने की तिथि और समय:** दिनांक 18.04.2025 को 11.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है। ASN-395/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइटः www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**खुली निविदा सूचना सं.: जीएसयू/इलेक्ट/एएसएन/2025/01, दिनांक 26.03.2025,** उप मुख्य परियोजना प्रबंधक/ इलेक्ट/गति शक्ति यूनिट, आसनसोल, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन-713301 द्वारा वैध विद्युत ठेकेदार का लाइसेंस एवं सुपरवाइजरी लाइसेंस और निम्नलिखित कार्य के निष्पादन में वित्तीय संपन्नता रखने वाले प्रतिष्ठित निविदाकारों से ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा केस सं. जीएसयू-इलेक्ट-एएसएन-2025-01, कार्य का नाम:** गति शक्ति यूनिट, आसनसोल के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आसनसोल मंडल में अमृत भारत स्टेशन स्कीम के अंतर्गत विकास के लिए अमृत भारत स्टेशन स्कीम के अंतर्गत स्टेशन पर सुगम्य भारत अभियान के अधीन अनुषंगी कार्यों के साथ लिफ्ट का प्रावधान (कुल 08 अदद -अंडाल-04 अदद , विद्यासागर-02 अदद और सिमुलतला-02 अदद)। **निविदा मूल्य :** रु. 2,11,74,913.16, **बयाना राशि :** रु. 2,55,900/-, **बंद होने की तिथि और समय** : दिनांक 21.04.2025 को 12.00 बजे। **कार्य की समापन अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से 9 (नौ) माह। **कार्य के लिए प्रस्ताव की वैधता :** खुलने की तिथि से 60 दिन। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है। ASN-396/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**जसीडीह-बैद्यनाथ धाम अनुभाग में एमईएमयू ट्रेनों की सेवाएं पुनर्बहाल**

जसीडीह बाईपास लाइन के संबंध में रेल अंडर रेल (देवघर से सीएच. 5354.184 पर पुल सं. बी-1) के निर्माण के लिए आसनसोल मंडल के जसीडीह-बैद्यनाथ धाम अनुभाग में रेल यातायात निरस्त रहने के संबंध में पूर्व प्रकाशित अधिसूचना के संदर्भ में, निरस्त रहने वाली अथवा संक्षिप्त यात्रा समाप्त/संक्षिप्त यात्रा शुरू करने वाली ट्रेनों की सेवाएं दिनांक **01.04.2025** से अपने पूर्ववर्ती समय एवं ठहराव के अनुसार पुनर्बहाल की जाएंगी। **मंडल रेल प्रबंधक, आसनसोल**

**पूर्व रेलवे**

**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा अनुबंध प्रदान करने हेतु आईआरईपीएस पोर्टल के जरिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से खुली ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। इसका विवरण इस प्रकार हैः **नीलामी की कैटेगरी:** पार्सल वैन में जगह को लीज पर देना-प्रति राउंड ट्रिप (दोनों तरफ)। **ई-नीलामी कैटलॉग सं.: एएसएन-पीएआरसी-140425, ट्रेन नं. 15625/15626** देवघर-अगरतला-देवघर साप्ताहिक एक्सप्रेस। **नीलामी शुरू होने की तिथि:** 14.04.2025 को 11.00 बजे। सभी प्रत्याशित बोलीदाताओं को दी गई सूची के अनुसार उक्त ई-नीलामी के संपूर्ण विवरण एवं भाग लेने के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखने की सलाह दी जाती है। ASN-394/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**दक्षिण पूर्व रेलवे के तहत ब्लॉक के कारण ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था**

दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल के तहत दिनांक **31.03.2025 (सोमवार) से 06.04.2025 (रविवार)** तक संयुक्त रोलिंग ब्लॉक प्रोग्राम के कारण, ट्रेन आवागमन में निम्नलिखित व्यवस्था की गई है:-● **रद्दः 68046/68045 आसनसोल – आद्रा – आसनसोल मेमू पैसेंजर** [यात्रा शुरू दिनांक 01.04.2025 (मंगलवार) से 06.04.2025 (रविवार)]।

● **संक्षिप्त यात्रा समाप्त/संक्षिप्त यात्रा शुरूः 68056 टाटानगर – आसनसोल मेमू और 68060 आसनसोल – बराभूम मेमू** [यात्रा शुरू दिनांक 01.04.2025 (मंगलवार) से 06.04.2025 (रविवार)] आद्रा में संक्षिप्त यात्रा समाप्त/से संक्षिप्त यात्रा शुरू करेगी और आद्रा एवं आसनसोल के बीच सेवा रद्द रहेगी। यात्रियों से अनुरोध है कि वे स्टेशनों की जनसंबोधन प्रणाली का पालन करें। असुविधा के लिए खेद है। **मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# जीवन में सफलता पाने के लिए किताबों को बनायें बेस्ट फ्रेंड : डॉ. रणजीत

## एक्सपर्ट टॉक करियर गाइडेंस एंड काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन

**साहिबगंज/संवाददाता।**

शहर के पीएम श्री अपग्रेड सरकारी हाईस्कूल नगरपालिका कन्या विद्यालय में शुक्रवार को एक्सपर्ट टॉक करियर गाइडेंस एंड काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि मॉडल कॉलेज राजमहल के प्राचार्य डॉ. रंजीत कुमार सिंह व विशिष्ट अतिथि पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजकुमार ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस दौरान डॉ. रणजीत सिंह ने छात्राओं से कहा कि जीवन में सफलता पाना है तो कड़ी मेहनत करें। किताब, कॉपी और कलम को अपना बेस्ट फ्रेंड बनाएं। तभी सफलता आपके कदम चूमेगी। कहा कि विफलताओं से डरे नहीं, उसका डट कर सामना करें। सफलता खुद आपके पास आएगी। कड़ी मेहनत, लगन, दिल-दिमाग व तन-मन लगा कर पढ़ाई करें। खाली समय को उपयोग में लाएं। जीके पढ़ें, अखबार पढ़ें, न्यूज देखें। ताकि देश-दुनिया की करेंट जानकारी मिल सके। वहीं इस दौरान छात्राओं को कंपटीशन परीक्षा, तैयारी करने, मैट्रिक, इंटर व ग्रेजुएशन के बाद के रास्ता के बारे में बताया गया। मंच संचालन राजेश कुमार पंडित ने किया। मौके पर प्रधानाध्यापक फारुक हुसैन, सुबोध कुमार झा, प्रभात सिंह, प्रदीप कुमार मोदी, रेखा कुमारी, अनिल किस्कू, कविता कुमारी, नेहा इन्दवार, विजय कुमार, प्रिया कुमारी सहित शिक्षक व सैकड़ों छात्राएं उपस्थित थे।



# विलंब से पहुंचने वाले एक दर्जन स्वास्थ्य कर्मियों को किया गया अनुपस्थित



**राजमहल/संवाददाता।**

अनुमंडलीय अस्पताल में विलंब से पहुंचने वाले स्वास्थ्य कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। अस्पताल उपाधीक्षक डॉ. उदय टुडू को जानकारी मिली थी कि कुछ स्वास्थ्य कर्मी अस्पताल आने में समय-सीमा का पालन नहीं कर रहे हैं। शुक्रवार को उन्होंने अस्पताल में कार्यरत विभिन्न विभागों के स्वास्थ्य कर्मियों के अस्पताल पहुंचाने की जांच की। उन्होंने पाया कि कई स्वास्थ्य कर्मी अस्पताल में लेट पहुंचे। इस संदर्भ में डॉक्टर टुडू ने बताया कि शुक्रवार को विभिन्न विभागों के एक दर्जन से अधिक स्वास्थ्य कर्मियों ने लापरवाही बरती। समय से लेट पहुंचने के कारण सभी को अनुपस्थित किया गया है। आगे लापरवाही बरतने वाले स्वास्थ्य कर्मियों के विरुद्ध ठोस कार्रवाई की जाएगी। वहीं कुछ छिड़काव कर्मियों को भी अनुपस्थित पाए जाने पर शो कॉज किया गया है।

# जिला स्तरीय क्विज में पतना प्रखंड बना विजेता



**साहिबगंज/संवाददाता।**

उत्क्रमित मध्य विद्यालय बड़ा पचगढ़ में शुक्रवार को जिला स्तरीय क्विज का आयोजन किया गया। जिसमें जिला के सभी नौ प्रखंडों में हुई क्विज के विजयी प्रतिभागी शामिल हुए।

क्विज में पतना प्रखंड ने प्रथम, राजमहल प्रखंड ने द्वितीय व उधवा प्रखंड ने तृतीय स्थान हासिल किया। विजय प्रतिभागियों को अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी कुमारी डॉली ने मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

मंच संचालन प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी उधवा दीपक मंडल व शिक्षक प्रभात कुमार सिंह ने किया। मौके पर संजय कुमार तिवारी, मनीष कुमार गुप्ता, शबनम तबस्सुम, आदित्य कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में बाइक चालक घायल

**राजमहल/संवाददाता।** राजमहल-कल्याणचक सड़क पर शुक्रवार को हुई सड़क दुर्घटना में एक मोटरसाइकिल चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के लिए उसे अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती करवाया गया। मिली जानकारी के अनुसार बड़ा खुटहरी निवासी मनोहर मंडल (40) दुर्घटना में घायल हुआ है। अस्पताल में मौजूद चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मियों ने घायल का इलाज किया।

## चैत्र नवरात्र मनाने को लेकर बैठक

**राजमहल/संवाददाता।** शहर के नीलकोठी स्थित चैती दुर्गा मंदिर प्रांगण में गुरुवार को मंदिर कमेटी की बैठक विनय साहा की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान चैती दुर्गा पूजा को पूरी भव्यता के साथ मनाने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। मौके पर कमेटी के उपाध्यक्ष इंद्रदेव राय, सचिव देव दत्ता, कोषाध्यक्ष मृणाल कांति साहा, उपकोषाध्यक्ष संजय साहा, निखिल दत्ता, दीपक साहा, मीना देवी, मनीष सिंह, सूरज घोष, अभी घोष, आशा देवी, विक्रम प्रताप, राहुल बहादुर आले, मनीष कुमार साहा, मनोज कुमार साहा एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# कैंप में दूसरे दिन 60 खाद्य सामग्री कारोबारियों का हुआ पंजीयन और लाइसेंस



**साहिबगंज/संवाददाता।**

सिविल सर्जन कार्यालय समीप जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी कार्यालय कक्ष में खाद्य सामग्री कारोबारियों के लिए लगाए गए कैंप के दूसरे व अंतिम दिन भी लाइसेंस व पंजीयन किया गया। जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी दिनेश मरांडी ने बताया कि दूसरे दिन 60 खाद्य सामग्री कारोबारियों ने आवेदन किया। सभी को पंजीयन करके लाइसेंस बनाकर दे दिया गया। दो दिनों में 90 पंजीयन व लाइसेस निर्गत किया गया। वहीं शुक्रवार पूर्वाह्न 11 बजे से कार्यालय में ही फूड स्टॉल लगाने वाले को प्रशिक्षण दिया जाएगा। उसके बाद सर्टिफिकेट दिया जाएगा। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि प्रशिक्षण में ज्यादा से ज्यादा लोग शामिल होकर लाभ लें। मौके पर कंप्यूटर ऑपरेटर असित मंडल, शबाना सहित अन्य थे।

## डूब रहे बच्चे को युवकों ने तालाब में कूद कर बचाया

**राजमहल/संवाददाता।** नगर पंचायत क्षेत्र के मटियाल मोहल्ले में शुक्रवार को डूब रहे एक बच्चे को तालाब में कूद कर युवकों ने बचा लिया। हालांकि देर तक पानी में रहने के कारण बच्चा मूर्छित हो गया। उसे इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती करवाया गया। मिली जानकारी के अनुसार मटियाल निवासी साऊद शेख का 10 वर्षीय पुत्र प्राण शेख घर के समीप तालाब में अन्य बच्चों के साथ स्नान कर रहा था। अचानक वह गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। कुछ युवकों की नजर उस पर पड़ी। उन्होंने मिल कर बच्चे को बचा लिया। हालांकि पानी पी लेने के कारण बच्चा बेसुध हो गया था। जिसे इलाज के लिए अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने उसका इलाज किया।

# सुबह कुहासों से भरा, दोपहर तापमान 38 डिग्री पहुंचा



**साहिबगंज/राजमहल/संवाददाता।**

शुक्रवार की सुबह अजब नजारा देखने को मिला। अहले सुबह से लेकर 9 बजे तक जिले भर में वातावरण कुहासों से ढका रहा। लग रहा था मानो जनवरी की सुबह हो। कुहासा खिड़की से घरों के अंदर घुस रहा था और मौसम भी सर्द हो रहा था। फिर देखते-देखते दोपहर आई और मौसम ने करवट बदल ली। जिसके बाद पारा 38 डिग्री के आसपास पहुंच गया था। मार्च में ही गर्मी से हाल बेहाल है। बीते दो दिन से तापमान में बढ़ोतरी हुई है। मार्च के आखिरी में ही काफी गर्म हवाएं चल रही हैं। वेस्टर्न डिस्टरबेंस के सक्रिय होने से अब अप्रैल में ही लू का असर रह सकता है। लोग ग्लोबल वार्मिंग के चलते इस वर्ष काफी गर्मी रहने की संभावना जता रहे हैं।

## घर में लगी आग, अनाज जलकर राख

**लिट्टीपाड़ा/संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र के सोनाधनी पंचायत के सोमायटांड़ गांव के मैसा पहाड़िया के घर में शुक्रवार अहले सुबह आग लगने से अनाज जल कर राख हो गयी। जानकारी के अनुसार मैसा पहाड़िया सपरिवार घर से दो किमी दूर महुआ चुनने मध्य रात्रि में पहाड़ पर चला गया था। घर के आसपास जंगल में महुआ पेड़ के आसपास साफ करने के लिए आग लगा दिया था जो धीरे धीरे आग मैसा के घर तक पहुंच गया। मैसा ने बताया पीएम आवास का घर था। उन्होंने सीओ से भोजन के साथ आवास भी देने की मांग की। घटना की सूचना मिलते ही सोनाधनी पंचायत के मुखिया पति पौलुस मालतो ने मैसा का घर पहुंच कर उन्हें ढांढ़स दिया। तत्काल भोजन के लिए पीड़ित परिवार को मुखिया ने दो क्विंटल चावल और दो साड़ी व दो लुंगी दिया। साथ ही सीओ संजय कुमार को जानकारी देकर गरीब मैसा को आर्थिक सहयोग देने का आग्रह किया।

# सड़क जाम के कारण लगी रही तीन घंटे तक वाहनों की लंबी कतारें

## महिलाओं ने माथे पर घड़ा, बाल्टी और तसली रख कर किया सड़क जाम

**महेशपुर/संवाददाता।**

प्रखंड के पोडरा गांव में इन दिनों पेयजल की समस्या गहराता जा रहा है। ग्रामीण लगातार पेयजल को लेकर सड़क जाम कर रहे हैं। तालपहाड़ी गांव की महिलाओं ने सड़क पर घड़ा, बाल्टी एवं तसली रख कर सड़क को जाम किया था। ग्रामीणों ने दूसरी बार सड़क जाम किया है।



बीते 18 फरवरी को भी पेयजल की समस्या को लेकर सड़क जाम किया था। समस्या का समाधान नहीं होने के कारण शुक्रवार को पुनः ग्रामीणों ने आक्रोशित होकर सड़क जाम कर दिया। सड़क जाम के कारण तीन घंटे तक सड़क के दोनों और वाहनों की लंबी कतारें लगी रही। उमस भरी गर्मी एवं तेज हवा के कारण राहगीर परेशान नजर आए। ग्रामीणों में रुम्पा पहाड़िन, पुनली पहाड़िन, मीनू पहाड़िन, बेबी पहाड़िन, रानी पहाड़िन, शीतली पहाड़िन, जितनी पहाड़िन, रूपा पहाड़िन, बारकी पहाड़िन, दुर्गी पहाड़िन, सीता पहाड़िन समेत अन्य ने बताया कि उनलोगों का गांव में सभी चापाकल एवं जलमीनार खराब पड़ा हुआ है। जिस कारण एक किलोमीटर दूर झरना का पानी पीकर ग्रामीण अपना प्यास बुझाते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि पेयजल की मांग को लेकर कई बार संबंधित विभाग के अधिकारी को आवेदन दिया गया है। परंतु उनकी समस्या का समाधान करने का पहल नहीं किया गया। बीते 18 फरवरी को भी सड़क जाम किया गया था। अधिकारियों ने आश्वासन दिया था कि उन लोगों के गांव में खराब पड़े चापाकल एवं जल मीनार को दुरुस्त किया जाएगा। अभी तक ग्रामीणों की समस्या का समाधान नहीं हुआ, जिस कारण ग्रामीणों ने दूसरी बार सड़क जाम किया। सड़क जाम की सूचना मिलते ही बीडीओ सिद्धार्थ शंकर यादव, सीओ संजय कुमार सिन्हा जाम स्थल पहुंच कर ग्रामीणों को समझा-बूझाकर आश्वासन दिया कि खराब पड़े दोनों जलमीनार मरम्मत की स्वीकृति मिल चुकी है। आगामी दो अप्रैल से कार्य शुरू किया जाएगा। साथ ही पंचायत के मुखिया को भी संबंधित समस्या को लेकर आवश्यक पहल करने का निर्देश दिया गया है। अधिकारियों के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने सड़क जाम हटाया।

## अधेड़ व्यक्ति की मौत मामले में तीन आरोपियों की गिरफ्तारी

**महेशपुर/संवाददाता।** थाना क्षेत्र के धर्मखापड़ा गांव में (23 मार्च को) दो पक्षों के बीच हुई हिंसक झड़प में एक व्यक्ति की मौत ॅगई। घटना को लेकर पुलिस ने एक महिला सहित दो पुरुष आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी धर्मखापड़ा गांव के ही सफीरूल शेख, साधिन शेख और सेबीना बीबी है। मंगलवार को सभी का स्वास्थ्य परीक्षण करा कर पाकुड़ जेल भेज दिया गया। इस संबंध में थाना प्रभारी विकर्ण कुमार ने बताया कि मारपीट की घटना में 54 वर्षीय व्यक्ति जलाल शेख की मौत हो गई। मृतक की पत्नी मजमा बीबी ने 10 नामजद आरोपियों के खिलाफ हत्या के आरोप में केस दर्ज करवाई थी। महेशपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विजय कुमार के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन किया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि इस घटना में शामिल अन्य आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी होगी।

# पति ने की गला दबा कर पत्नी की हत्या



**महेशपुर/संवाददाता।**

थाना क्षेत्र में आपसी विवाद में पति ने पत्नी का गला दबा कर हत्या कर दिया। अनुपडंगा गांव में गुरुवार देर रात को आपसी विवाद में पति ने पत्नी का गला दबा कर हत्या कर दिया गया।

मृतक की पहचान 30 वर्षीय सबीना बीबी के रूप में हुई है। घटना की जानकारी पुलिस को मिलते ही शुक्रवार को एएसआई रोहित कुमार भंडारी पुलिस बल के साथ गांव पहुंच कर घटना की छानबीन करते हुए मृतक के पति 65 वर्षीय जालिम शेख एवं उसकी पहली पत्नी की बेटी रूहिदा बीबी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। बीते चार साल पूर्व दोबारा उसने देशरामपुर गांव के 30 वर्षीय सबीना बीबी के साथ शादी किया था। उसके बाद लगातार दूसरी पत्नी को प्रताड़ित करने के बाद बीती रात उसका गला दबा कर हत्या कर दिया। पुलिस ने जालिम शेख और रूहिदा बीबी को गिरफ्तार कर लिया है।

# अलविदा की नमाज को लेकर प्रशासन रहा अलर्ट





**पाकुड़/संवाददाता।**

जिला भर में सुरक्षा व्यवस्था के बीच रमजान के अलविदा जुम्मा की नमाज अदा करने को लेकर मस्जिदों में नमाजियों का हुजूम देखा गया। लोग नजदीकी मस्जिद में पहुंच कर नमाज अदा किया।

वहीं जुम्मे की नमाज के दौरान वक्फ संसोधन बिल के खिलाफ काला बिल्ला लगा कर नमाज अलविदा जुम्मा अदा की गई। हरिणडांगा जामे अतरिया मस्जिद के इमाम मौलाना अंजर कासमी ने अपने तकरीर में कहा कि ईद की खुशी में गरीबों को शामिल करें। सदका, फितर और जकात को ईद के नमाज से कबल अदा करे ताकि गरीब भी ईद को खुशी-खुशी मनाए। अमड़ापाड़ा प्रखंड के अमड़ापाड़ा, जामुगडीया पाडेरकोला में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने अलविदा का नमाज अदा किया। वहीं मस्जिदों में भीड़ देखी गई जिसमें बच्चे भी शामिल थे। आखिरी जुमे यानी अलविदा की नमाज को लेकर प्रशासन अलर्ट देखा गया। निरीक्षण के दौरान डीसी और एसपी ने उपस्थित मुस्लिम समुदाय के लोगों से मिल कर अंतिम जुमा की बधाई दी। माहौल बिगाड़ने वालों और सोशल मीडिया के जरिए अफवाह फैलाने वालों पर प्रशासन की कड़ी नजर रहेगी।

## चला वाहन जांच अभियान

**हिरणपुर/संवाददाता।** रामनवमी और ईद पर्व को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के लिए हिरणपुर थाना के सामने गुरुवार देर शाम को वाहन जांच अभियान चलाया गया। दोपहिया और चारपहिया वाहनों की जांच की। सभी बाइक चालकों को हेलमेट लगा कर चलने की हिदायत दी गई।

## पांच हाइवा जब्त

**महेशपुर/संवाददाता।** कोल कंपनी में चलने वाले हाइवा इन दिनों यातायात नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। थाना प्रभारी विकर्ण कुमार ने रात्रि गश्ती के दौरान पांच हाइवा को जब्त किया। थाना प्रभारी ने इसकी सूचना जिला खनन पदाधिकारी एवं वरीय पदाधिकारी को दे दी।

# मुआवजा भुगतान शिविर का आयोजन



**हिरणपुर/संवाददाता।**

भू-अर्जन कार्यालय और अंचल कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को मुआवजा भुगतान शिविर का आयोजन किया गया।

जिला भू अर्जन पदाधिकारी अजय सिंह बड़ाईक, बीडीओ टुडु दिलीप, सीओ मनोज कुमार मौजूद रहे। शिविर में 12 रैयतों ने आवेदन समर्पित किए। विभाग की ओर से पांच गांवों के कुल 62 रैयतों को नोटिस भेजा गया था। उनमें हाथकाठी, सुंदरपुर, जमदाहा, रानिकोला, धोवापहाड़ी के रैयत शामिल हैं। आयोजित शिविर में अंचल कार्यालय में छह व पंचायत भवन में 6 कुल 12 रैयतों ने एवार्डी भुगतान के लिए आवेदन समर्पित किया। इस आवेदन को अंचल कार्यालय की ओर से भू-अर्जन विभाग को भेजा जाएगा।

जिसके तुरंत बाद मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जाएगी। सीओ के अनुसार लगभग दो से तीन दिनों में लाभुकों को आरटीजीएस के माध्यम से मुआवजा राशि भेज दी जाएगी। उधर शनिवार को भी शिविर आयोजित कर लोगों के आवेदन समर्पित किये जाएंगे।

## वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ काला बिल्ला लगा कर किया विरोध

**पाकुड़/संवाददाता।** केंद्र सरकार की ओर से किए गए वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ में मुस्लिम समुदाय ने शुक्रवार को मस्जिदों में काला बिल्ला लगा कर जुम्मे की नमाज अदा कर विरोध प्रदर्शन किया। शहर के मध्यपाड़ा मस्जिद में काला बिल्ला लगा कर विरोध किया गया। जैकी सादिक, अब्दुल हलीम, तंजीम आलम, नजीर हुसैन, एजाज आलम, अरमान आलम आदि ने बताया कि पहले मुस्लिम समुदाय के लोग समाज की सेवा के लिए मस्जिद, मदरसा, अस्पताल आदि निर्माण के लिए विभिन्न चल- अचल संपत्ति वक्फ किया करते थे और आज भी करते हैं। लेकिन सरकार वक्फ बिल में संशोधन कर मुस्लिम समुदाय को निराश करने का काम कर रही है। इस बिल को लेकर मुस्लिम समुदाय में आक्रोश है। मुस्लिम समुदाय इस बिल को रद्द करने की मांग सरकार से करती है।

## न्यूज अपडेट

### सड़क दुर्घटना में घायल गिरिडीह एलआरडीसी के चालक की इलाज के क्रम में मौत



**गिरिडीह। संवाददाता।** बीती रात शहर के जेसी बोस चौक के पास सड़क दुर्घटना के शिकार हुए गिरिडीह एलआरडीसी के चालक 40 वर्षीय हीरालाल वर्मा की गुरुवार को मौत हो गई। मृतक जमुआ थाना क्षेत्र के दुम्मा गांव निवासी स्वर्गीय खीरू महतो पुत्र था और चार-पांच वर्षों से एलआरडीसी का वाहन चला रहे थे। बताया जाता है कि बुधवार की रात को वह एलआरडीसी को उनके घर छोड़ कर अपने किराए के मकान बरगंडा जा रहे थे। इसी बीच झंडा मैदान के समीप जेसी बोस चौक के पास एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने उन्हें सामने से ठोकर मार दिया। घटना में हीरालाल वर्मा जहां गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं पिकअप वाहन का चालक वाहन के साथ फरार हो गया। घटना के बाद गंभीर रूप से घायल हीरालाल को इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया था, जहां प्राथमिक इलाज के बाद गुरुवार को बेहतर इलाज के लिए दुर्गापुर लेकर जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। जिसके बाद परिजन शव को लेकर गोपनीय पहुंचे और उपायुक्त से मुआवजे की मांग की। मृतक के बड़े भाई विजय कुमार कुशवाहा ने बताया कि उनकी पांच बेटियां हैं, उनमें से किसी की भी अभी तक शादी नहीं हुई है। उन्होंने मांग किया है कि उनके परिजनों के लिए रोजगार की व्यवस्था करें और किसी एक बेटी को नौकरी दिया जाए। मौके पर डीसी नमन प्रियेश लकड़ा ने सरकारी प्रावधान के अनुसार मुआवजा देने का आश्वासन दिया। जिसके बाद मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया।

### ईद और रामनवमी को लेकर शांति समिति की बैठक

**जमुआ। संवाददाता।** जमुआ थाना में शुक्रवार को रामनवमी और ईद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जमुआ अंचलाधिकारी संजय कुमार पांडे और जमुआ बीडीओ अमल कुमार ने उपस्थित सभी लोगों से अपील किया कि वह इन पर्वों को शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं। उन्होंने समाज में एकता बनाए रखने की बात करते हुए कहा कि दोनों पर्वों को सामूहिक रूप से संयमित तरीके से मनाएं। जमुआ थाना प्रभारी मणीकांत कुमार ने सभी से अपील की कि सार्वजनिक स्थानों पर नियमों का पालन करें और उत्सव शांति के साथ मनाएं। बीडीओ अमल कुमार ने प्रशासन की पूरी तैयारी की जानकारी देते हुए कहा कि किसी भी असमंजस स्थिति से बचने के लिए सभी से सहयोग की आवश्यकता है। बैठक में जमुआ थाना प्रभारी, स्थानीय गणमान्य व्यक्ति और विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि भी मौजूद थे।

## मस्जिदों में उमड़ी रोजेदारों की भीड़

# अकीदत के साथ अदा की गयी रमजान के अलविदा जुम्मे की नमाज

**गिरिडीह। संवाददाता**

माहे रमजान के आखिरी जुम्मे पर स्टेशन रोड लाईन मस्जिद समेत गिरिडीह के सभी मस्जिदों में अलविदा जुमे की नमाज अदा की गई। इस दौरान भंडारीडीह, मोहनपुर बिशनपुर पचंबा तेलोडीह, बरवाडीह, बुढ़ियाखाद, कोल्डिहा समेत अन्य मस्जिदों में विशेष नमाज पढ़ी गई। इस दौरान रोजेदारों के चेहरे पर गजब का उत्साह नजर आया। स्टेशन रोड के गोरुलवारा लाइन मस्जिद में जगह कम पड़ जाने की वजह से नमाजियों ने सड़क



पर सजदा किया और नमाज अदा की।बताया गया कि अलविदा जुम्मा सिर्फ रमजान के खत्म होने की निशानी नहीं, बल्कि ईद की खुशियों का पैगाम भी है।

**सुरक्षा के मद्देनजर थे पुख्ता इंतजाम**

रमजान के इस आखिरी जुम्मे की हर इबादत में गुनाहों की माफी की तलब होती है, हर सजदे में बरकतों की गुजारिश होती है। इस दिन मस्जिदों में विशेष नमाज अदा की जाती है, जिसमें हर रोजेदार अपनी तमाम दुआओं के साथ अल्लाह से रहमत और बरकत मांगता है। इस बाबत समाजसेवी नौशाद अहमद चांद ने कहा कि अलविदा जुमे की नमाज से इबादत का 70 गुना शबाब मिलता है।

## एसडीपीओ जीतवाहन उरांव ने फीता काटकर किया उद्घाटन

# एलआईसी ऑफिस के समक्ष गोगी का ढाबा का हुआ भव्य शुभारंभ



**गिरिडीह। संवाददाता**

शहर के एलआईसी ऑफिस के सामने गोगी का ढाबा का भव्य शुभारंभ किया गया। ढाबा का उद्घाटन सदर एसडीपीओ जीतवाहन उरांव, नगर थाना प्रभारी शैलेश प्रसाद, पचम्बा थाना के इंस्पेक्टर मंटू कुमार, ढाबा संचालक गुरजीत सिंह मारवा उर्फ गोगी के पिता कुलदीप सिंह मारवा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस दौरान एसडीपीओ जीतवाहन उरांव ने ढाबा संचालक गुरजीत उर्फ गोगी को बधाई दी। साथ ही, कहा कि शहर में इस तरह के ढाबा खोलने से यहां पर आने वाले ग्राहकों को बेहतर व्यंजनों

**ढाबा में की गयी है कई लजीज व्यंजनों की व्यवस्था**

की सुविधा मिल पायेगी। कहा कि काफी आकर्षक तरीके से ढाबा को खोला गया है। वहीं ढाबा संचालक गुरजीत सिंह मारवा उर्फ गोगी ने कहा कि उनके ढाबा में वेज एंड नॉन-वेज दोनों व्यंजनों की व्यवस्था की गई है। कई प्रकार के स्टार्टर के साथ तंदुरी व्यंजनों की भी व्यवस्था की गई है। मौके पर कुशल सलूजा, प्रिस सलूजा, सन्नी शर्मा, राजवंत मारवा, रामजी यादव समेत कई शहरवासी मौजूद थे।

# नगर भवन में झामुमो ने किया दावत-ए-इफ्तार का आयोजन



नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार, राज्य सभा सांसद सरफराज अहमद समेत कई गणमान्य हुए शामिल

**गिरिडीह। संवाददाता**

रमजान के मौके पर झामुमो जिला कमिटी की ओर से शुक्रवार को नगर भवन में इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद डॉक्टर सरफराज अहमद, मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू समेत काफी संख्या में खास व आम उपस्थित थे। यहां सभी साथ मिलकर रोजा इफ्तार किया और आपसी भाईचारे का पैगाम दिया। इफ्तार पार्टी में सैंकड़ो की संख्या में लोगों ने शिरकत की और सामूहिक इफ्तार किया। इफ्तार के बाद तमाम लोगों ने मुल्क में अमन शांति की दुआएं मांगी। इस दौरान नगर विकास विभाग के मंत्री सह स्थानीय विभाग सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि रमजान का महीना पाक



महीना होता है। कहा कि इस रमजान के महीने में मुस्लिम धर्मावलंबी रोजा रखते है और अपने खुदा की इबादत करते हैं। उन्होंने कहा कि आपसी भाईचारे के साथ सभी को त्योहार मनाना चाहिए, जिससे कि आपसी सौहार्द बना रह सके। मौके पर झामुमो जिलाध्यक्ष संजय सिंह, शहनवाज अंसारी, कांग्रेस नेता सब्बन खान, झामुमो नेता महालाल सोरेन, मो नवाब समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## पारिवारिक विवाद में खूनी संघर्ष, एक की मौत

**गिरिडीह। संवाददाता**

मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बदडीहा गांव में शुक्रवार की सुबह पारिवारिक विवाद के कारण दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष हो गया, जिसमें एक पक्ष के बडडीहा के रहने वाले अशोक राम की हत्या कर दी गई, जबकि उनका पुत्र अमोद कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया है। घायल अमोद कुमार को बेहतर इलाज के लिए धनबाद रेफर किया गया है। बताया जाता है कि अशोक राम ने हाल ही में बदडीहा में एक नया मकान बनवाया था, जिसकी कल ही छत ढलाई की गई हुई थी। आज सुबह जब वह ढलाई में पानी डालने पहुंचे, तभी उनके रिश्तेदार कैलाश राम और उनके परिवार के सदस्यों ने उन पर अचानक हमला कर दिया। लाठी-डंडों और खटिया के पउआ से की गई इस बर्बर मारपीट में अशोक राम की मौके पर ही मौत हो गई। जब उनका पुत्र अमोद कुमार बचाने पहुंचा तो उस पर भी हमला किया गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर घटना की सूचना मिलते ही मुफस्सिल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले में पुलिस ने दो तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

## जेएलकेएम और विहिप कार्यकर्ताओं ने पशुओं से भरा कंटेनर पुलिस को सौंपा

**डुमरी। संवाददाता**

डुमरी थाना क्षेत्र अंतर्गत कुलगो टोल प्लाजा के समीप शुक्रवार की सुबह जेएलकेएम एवं विहिप से जुड़े कार्यकर्ताओं ने क्रुरता पूर्वक पशुओं से भरा एक कंटेनर को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। इस दौरान पुलिस ने कंटेनर चालक, खलासी एवं एक अन्य सहयोगी को हिरासत में ले लिया। साथ ही, कंटेनर को जब्त कर थाना ले गयी। वहीं कंटेनर में लदे पशुओं को पोरदाग गुरुटांड़ स्थित राधेकृष्ण गौशाला में भेज दिया। वहीं पुलिस आगे की प्रक्रिया में जुट गई। बताया जाता है कि पशुओं से लदा कंटेनर बंगाल जा रहा था। इसी बीच कुलगो टोल प्लाजा के पास खराब हो गई। कुछ लोगों को शक होने पर इसकी सूचना जेएलकेएम एवं विहिप सदस्यों को दी। सूचना पाकर जेएलकेएम के प्रखंड अध्यक्ष अमित महतो एवं विहिप अध्यक्ष अजय रजक अपने समर्थकों के साथ टोल प्लाजा पहुंच कर जानकारी ली। तत्पश्चात इसकी सूचना पुलिस को दी। कंटेनर में खचाखच पशु भरा हुआ था, जिसकी गिनती की जा रही थी। इधर संयुक्त सनातन गौ रक्षा वाहिनी के प्रदेश उपाध्यक्ष संजय जायसवाल ने कहा कि ऐसे अवैध कार्य में शामिल लोगों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। कहा कि प्रतिदिन एनएच-19 से होकर अवैध पशुओं से लदे छोटे बड़े वाहनों का परिचालन किया जाता है जिसपर अंकुश लगाने की आवश्यकता है। वहीं गौशाला के संचालक धानेश्वर महतो ने पुलिस प्रशासन से मवेशियों के लिए चारा की व्यवस्था करने की अपील की है। उनका कहना है कि किसी स्तर से कोई सहयोग नहीं मिलने एवं आर्थिक रूप से सम्पन्न नहीं रहने के कारण क्षमता से अधिक पशुओं के लिए चारा की व्यवस्था करने में काफी परेशानी होती है।

## जामताड़ा पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# साइबर ठगों का गिरोह धराया, 50 हजार नकद समेत तीन गिरफ्तार

**11 मोबाइल, 14 सिम कार्ड, एक टैब, तीन एटीएम कार्ड, एक लैपटॉप समेत एक स्कॉर्पियो व एक मोटरसाइकिल बरामद**

**जामताड़ा। संवाददाता**

जामताड़ा पुलिस की उस बड़ी कार्रवाई की, जिसने साइबर अपराधियों के नेटवर्क पर बड़ा प्रहार किया है। पुलिस को गुप्त सूचना के आधार पर करमाटांड़ थाना क्षेत्र के करमाटांड़ बस्ती में छापेमारी के दौरान तीन साइबर अपराधियों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में राहिल अंसारी, फैयाज अंसारी और मो. साकीब अंसारी का नाम शामिल है। पुलिस ने मौके से 11



मोबाइल, 14 सिम कार्ड, एक टैब, तीन एटीएम कार्ड, एक लैपटॉप, और 50 हजार रुपये नकद समेत एक स्कॉर्पियो और एक मोटरसाइकिल बरामद किए हैं। साइबर डीएसपी चंद्रशेखर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान खुलासा किया कि ये ठग फर्जी कस्टमर केयर बनकर लोगों को कॉल करते थे और क्रेडिट/डेबिट कार्ड अपडेट करने के बहाने उनकी गोपनीय जानकारी चुरा लेते थे। ये आरोपी एनीडेस्क जैसे रिमोट एक्सेस ऐप्स का इस्तेमाल कर ठगी करते थे। इनका नेटवर्क आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, पंजाब, बिहार और पश्चिम बंगाल तक फैला हुआ था। ये सभी शातिर साइबर अपराधी सभी राज्य के भाषा का अच्छा जानकार है। जिस राज्य के लोगों को ये अपना शिकार बनाने हैं, उन्हें उस राज्य की भाषा पर अच्छी पकड़ रहती है। वही उन्होंने बताया कि ये लोग अंग्रेजी भी बहुत अच्छी तरह से बोल लेते हैं। इनके गिरोह में अब लड़कियां भी काम करती है। जिनका भाषा पर अच्छा पकड़ है। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ साइबर थाना में मामला दर्ज कर लिया गया है और उन्हें जेल भेज दिया गया है। फिलहाल पुलिस इस गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की तलाश कर रही है और आगे की जांच जारी है।

## लाभुकों के ई-केवाईसी के लिए प्रखंडों में कैंप लगाए बैंक : उपायुक्त

**जामताड़ा। संवाददाता**

उपायुक्त कुमुद सहाय की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समीक्षा समिति सह त्रैमासिक जिला स्तरीय परामर्श दात्री समिति की बैठक आहूत की गई।

बैठक में उपायुक्त ने सीडी रेशियो (ऋण/जमा अनुपात), प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, डिजिटल डिस्ट्रिक्ट अभियान, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, पीएमईफएमई, पीएम स्वनिधि योजना, स्वयं सहायता समूह, प्रधानमंत्री जनधन खाता सहित अन्य योजनाओं का समीक्षा किया। साथ ही, संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। समीक्षा के दौरान उपायुक्त कुमुद सहाय ने सीडी रेशियो ऋण जमा अनुपात की समीक्षा के दौरान कई बैंकों के सीडी रेशियो कम रहने पर नाराजगी व्यक्त किया। बैंकों से सीडी



रेशियो को कम से कम 40 प्रतिशत करने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने 20 प्रतिशत से कम सीडी रेशियो वाले तीन बैंकों के विरुद्ध कार्यवाही चलाने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी बैंकों से कहा कि निष्ठापूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन करें।

इसके अलावा उन्होंने प्रधानमंत्री मुद्रा लोन, पीएमएफएमई, पीएमईजीपी पीएम स्वनिधि, केसीसी, केसीसी क्रॉप लोन सहित अन्य योजनाओं में बैंकों को दिए गए लक्ष्य के विरुद्ध उपलब्धि की समीक्षा कर शत प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति नहीं रहने के कारण बैंकवार कारण जानते हुए संबंधित बैंक प्रतिनिधियों को जमकर फटकार लगाई एवं प्रोसिडिंग में लाने एवं समुचित कार्रवाई को निर्देश दिया। उन्होंने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि सरकार की योजनाओं को धरातल पर लाने में बैंकों की भूमिका अहम है, सरकार की सभी योजनाएं गरीब तबके के लोगों के लिए होती है, ऐसे में आप लोगों की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिला अंतर्गत संचालित योजनाओं में अपेक्षित प्रगति लाने हेतु संबंधित विभाग/कार्यालय से समन्वय बनाकर कार्य करें।

## 34वें चित्तरंजन पुस्तक मेले का सांस्कृतिक कार्यक्रम व सम्मान समारोह के साथ समापन




**चित्तरंजन। संवाददाता।**

34वें चित्तरंजन पुस्तक मेले का समापन इस वर्ष सांस्कृतिक विविधताओं से सजे एक भव्य समारोह के साथ संपन्न हुआ। मेला समिति की ओर से आयोजित यह विशेष कार्यक्रम शाम 7:00 बजे श्रीलता इंस्टीट्यूट पुस्तक मेला प्रांगण में शुरू हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ बाल कलाकारों द्वारा प्रस्तुत सामूहिक कविता पाठ से हुआ, जिसका निर्देशन स्रीदीप मिश्रा ने किया। छोटे-छोटे बच्चों की सुंदर प्रस्तुति ने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। बच्चों की सधी हुई वाणी और भाव-भंगिमाओं ने पूरे वातावरण को संगीतमय और साहित्यिक बना दिया इसके पश्चात श्रीलता संस्थान की ओर से आयोजित सम्मान समारोह में, बॉडीबिल्डिंग के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त करने वाले अभिषेक पॉल (54 वर्ष) को सम्मानित किया गया। श्री पॉल ने हाल ही में आयोजित बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता में 35 वर्ष से ऊपर के आयु वर्ग में सफलता अर्जित कर चित्तरंजन का नाम गौरवान्वित किया। उन्हें सम्मानित किया। इसके बाद प्रसिद्ध सांस्कृतिक संस्था सहयात्री द्वारा विभिन्न प्रकार के लोक, आधुनिक और भावपूर्ण गीतों की सुंदर प्रस्तुति दी गई, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के अंतिम क्षणों में सूरजित लोध (मानद साहित्य सचिव) ने वर्ष 2025 के लिए 34वें चित्तरंजन पुस्तक मेले के सफल समापन की औपचारिक घोषणा की। दर्शकों की उपस्थिति और उत्साह ने इस कार्यक्रम को यादगार बना दिया।

## अलविदा जुम्मा :

# रमजान के आखिरी जुमे पर मस्जिदों में सजी इबादतों की महफिल

**जामताड़ा। संवाददाता**

जिले में शुक्रवार को रमजान के पाक महीने का आखिरी जुम्मा (अलविदा जुम्मा) पूरी श्रद्धा, धार्मिक उत्साह और भाईचारे के साथ मनाया गया। सभी मस्जिदों में सुबह से ही रोजेदारों की भीड़ उमड़ पड़ी। सुभाष चौक जामा मस्जिद, पाकडीह, सरखेलडीह, नूर मोहल्ला और अन्य इलाकों की मस्जिदों में लोग अलविदा जुम्मा की नमाज अदा करने के लिए उमड़े। मस्जिदें रोजेदारों से भर गई और जगह न मिलने पर लोग मस्जिदों के बाहर सड़कों और गलियों में बैठकर नमाज अदा करने लगे। इस दौरान हजारों सिर एक साथ झुककर अल्लाह की इबादत में लगे रहे। नमाज के दौरान मौलानाओं ने अमन-चैन, भाईचारे और इंसानियत के संदेश पर जोर दिया। सभी ने देश और दुनिया में खुशहाली, शांति और तरक्की की दुआ मांगी।

अलविदा जुम्मा की नमाज के दौरान रोजेदारों ने हाथ उठाकर खुदा से मुल्क और इंसानियत के लिए दुआएं मांगी। अमन, चैन और खुशहाली की दुआएं गूंज उठीं। रोजेदारों ने अल्लाह से बुराइयों से बचाने, नेक राह पर चलाने और इंसानी जीवन को बेहतर बनाने की प्रार्थना की। कई जगहों पर रोजेदारों ने एक-दूसरे के गले लगकर ईद की मुबारकबाद दी और प्यार-मोहब्बत का पैगाम दिया।

अलविदा जुम्मा को लेकर सभी मस्जिदों में विशेष इंतजाम किए गए थे। वहीं पाकडीह और सरखेलडीह की जामा मस्जिदों में मौलाना अख्तर रजा ने रोजेदारों को नमाज पढ़ाई। हर मस्जिद में सफाई, वजूखाने और नमाजियों के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई थीं।

नमाज के दौरान दी गई तकरीर में रोजेदारों से अपील की गई कि वे फिजूलखर्ची से बचें और सुन्नत के मुताबिक सादगी से ईद मनाएं। मौलाना अख्तर राजा ने बताया कि ईद का मतलब सिर्फ खुशी मनाना नहीं, बल्कि जरूरतमंदों को मदद पहुंचाना और एकजुटता का संदेश देना भी है। नमाज के दौरान रमजान के महत्व पर भी चर्चा की गई और इस महीने में की गई इबादतों को जिंदगीभर निभाने की अपील की गई।

अलविदा जुम्मा की नमाज के बाद ईद की नमाज के समय का ऐलान किया गया। मौलानाओं ने लोगों से समय पर पहुंचने की अपील की।

अलविदा जुम्मा की नमाज के बाद जिले के बाजारों में त्योहार की हलचल तेज हो गई। दुकानों पर कपड़े, चप्पल, जूते, टोपी, सेवई और मिठाई खरीदने वालों की भीड़ उमड़ पड़ी। विशेषकर सेवई और ड्राई फ्रूट्स की दुकानों पर खासी रौनक रही। छोटे बच्चों के लिए कपड़े और खिलौने खरीदने में माता-पिता उत्साहित दिखे। बाजारों में हर उम्र के लोग अपनी-अपनी पसंद का सामान खरीदने के लिए घूमते नजर आए।

## अकीदत के साथ पढ़ी गयी अलविदा जुम्मे की नमाज

**कुंडहित। संवाददाता**

शुक्रवार को प्रखंड क्षेत्र के मुस्लिमबहुल गांव बाघाशोला, विक्रमपुर, सटकी, महेशपुर, बनकाठी, जलालपुर, चूहादहा, चंद्रपुर, पांचकुड़ी आदि ग्रामो में अलविदा जुम्मे की नमाज़ अकीदत के साथ अता की गई। बाघाशोला गांव के इमाम मौलाना इशहाक ने इस अलविदा जुम्मा की फजीलत के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि अलविदा जुम्मे का नमाज की नेकी ईद के नमाज के बराबर



मिलती है। इस जुम्मे के बाद अब नए चांद के साथ ईद आएगी, उसमें ईद की नमाज पढ़ी जायेगी। इस माहे रमजान में गरीब एबं असहाय लोगों को फितरा, सदका एबं जकात की राशि देकर लोगों को सहायता की जाती है। ताकि वे लोग भी अच्छे से ईद की त्यौहार मना सकें।

## विद्युत चोरी मामले में 13 लोगों पर मामला दर्ज

**फतेहपुर। संवाददाता।** फतेहपुर थाना में बिजली चोरी के आरोप में 13 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। फतेहपुर बाजार में बीते दिन विद्युत आपूर्ति विभाग के कनीय अभियंता रफीक आलम के नेतृत्व में झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के अधीन विद्युत आपूर्ति जामताड़ा के प्रशाखा फतेहपुर में विद्युत ऊर्जा चोरी के विरोध में छापेमारी अभियान चलाया गया। छापेमारी दल में विद्युत आपूर्ति प्रशाखा फतेहपुर के कनीय अभियंता रफीक आलम के अलावा सहायक अभियंता संतोष कुमार मंडल, कर्मी महेंद्र पंडित, मनोज यादव आदि शामिल थे। छापेमारी के दौरान फतेहपुर बाजार में गोविंद सिंह, प्रमोद कुमार मंडल, दिनेश कुमार दा, कार्तिक दा, संजीव गुप्ता, पंचानंद मंडल, हरिबोल मंडल, विकास मोदी, खिरोद चंद्र चौधरी, बेलारानी साह एवं दीपक कुमार मंडल, समीम अंसारी, सफीउल्ला अंसारी ने मीटर को बाईपास कर उपभोक्ता विद्युत पोल से टोका लगाकर अनाधिकृत रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी करते हुए पाया गया। मामले को लेकर 13 व्यक्तियों पर विद्युत ऊर्जा चोरी करने खिलाफ फतेहपुर थाने में मामला दर्ज करवाया गया।

## न्यूज अपडेट

### अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त, चालक फरार

**मधुपुर/संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक देवघर के निर्देश पर करौं पुलिस ने धनतरिया घाट से अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर को जब्त किया। बताया जाता है कि पुलिस को देखते ही चालक ट्रेक्टर को छोड़ कर फरार हो गया। पुलिस बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त कर थाना ले आई है। थाना प्रभारी विपिन कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि धनतरिया घाट से बालू का उठाव किया जा रहा है। इसके बाद छापेमारी अभियान चलाया गया। मामले में संबंधित विभाग के अधिकारियों को पत्राचार कर अग्रेत्तर कार्रवाई करने की अनुशंसा की गई है। प्रशासनिक कार्रवाई से अवैध बालू उठाव करने वाले लोगों में हड़कंप मची है। इस संबंध में थाना प्रभारी विपिन कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र में साइबर हो या बालू हो किसी भी सूरत में अवैद्य कारोबार चलने नहीं देंगे। पुलिस ट्रैक्टर मालिक और चालक की खोजबीन कर रही है।

### नमाज पढ़ने के दौरान एक ही जगह से दो बाइक चोरी

**मारगोमुंडा/संवाददाता।** बाइक चोर का हब बन गया मार्गोमुंडा थाना क्षेत्र। थाना क्षेत्र में इन दिनों बाइक चोरी की घटना आम हो गयी है। आये दिन कहीं न कहीं बाइक चोरी की घटना हो रही है।ओर पीड़ित थाना पहुंच कर न्याय की गुहार लगा रहे हैं। परंतु आज तक एक भी पीड़ित को बाइक की बरामद नहीं हो पायी है। जिसके चलते बाइक चोर का मनोबल बढ़ गया है। आज तो हद हो गई। भरी दोपहरी में थाना से महज तकरीबन पांच सौ मीटर की दूरी पर गांगुवाडीह स्थित मस्जिद में जुम्मा की नमाज अदा करने गए एक ही जगह से दो लोगों की बाइक की चोरी हो गई। चोरी हुई बाईक एक थाना क्षेत्र के बरबाद ओर एक घासको गांव निवासी का बतायी जाती है। घटना को लेकर बताया जाता है कि ये दोनों व्यक्ति मस्जिद के सामने एक एक पेड़ के छाया में अपनी बाइक खड़ी की। वहीं अन्य कई लोगों के बाइक भी खड़ी थी। इसके बाद नमाज पढ़ने मस्जिद के अंदर चले गये। लौटकर आने के बाद बाइक गायब मिली।

### जल मीनार में लगे बांस नहीं खोले जाने से कभी भी हो सकती है बड़ी दुर्घटना



**चितरा/संवाददाता।** चितरा थाना क्षेत्र स्थित विस्थापित गांव जमनीटांड़ में सारठ वृहद जलापूर्ति योजना के तहत जल मीनार के निर्माण के लिए भारी मात्रा में बांस का उपयोग किया गया था, लेकिन जल मीनार का निर्माण कार्य पूरा हो जाने के बाद भी अब तक बांस नहीं खोला गया है। जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है, और ग्रामीण इसकी चपेट में आ सकते हैं। इस संबंध में ग्राम प्रधान प्रदीप टुडू, प्रधान हेंब्रम, मंटू कोल, रंजीत कोल, संतोष कुमार दास, छोटू दास समेत अन्य कहा कि जल मीनार का निर्माण कार्य कई महीने पूर्व ही चुका है, लेकिन जल मीनार के निर्माण कार्य में उपयोग किया बांस नहीं खोले जाने से ग्रामीणों के समक्ष दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। कहा कि जल मीनार के चारों ओर लगाए गए बांस का ढांचा कभी भी हवा के तेज झोंके में गिर कर बिखर सकता है और इसके चपेट में बच्चे और ग्रामीण आ सकते हैं, बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकते हैं। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग के अधिकारियों से मांग किया है कि उक्त जल मीनार में लगे बांस को जल्द खोला जाय।

■ **ग्रामीणों ने की बांस खोलने की मांग**

### मारपीट का फरार आरोपी धराया

**देवघर/संवाददाता।** कुंडा थाना की पुलिस ने मारपीट मामले में फरार चल रहे आरोपित को हिरासत में लिया है। आरोपित के खिलाफ कुंडा थाना में मामला दर्ज कराया गया। मामला दर्ज होने के बाद से आरोपित फरार चल रहा था। शुक्रवार को आरोपित के बारे में पुलिस को सूचना मिली। सूचना के आधार पर उसे पकड़ लिया गया। आरोपित को न्यायिक हिरासत में भेजने की तैयारी की जा रही है।

# श्रीकांत बने झामुमो के प्रखंड उपाध्यक्ष

■ **प्रखंड कमेटी का हुआ विस्तार**

**मोहनपुर/संवाददाता।**





झामुमो केंद्रीय समिति के निर्देश पर शुक्रवार को प्रखंड अध्यक्ष सुनील मंडल की अध्यक्षता में मोहनपुर विवाह भवन में प्रखंड कमेटी की बैठक आयोजित की गयी। बैठक के मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष संजय शर्मा कि उपस्थिति में प्रखंड कमेटी का विस्तारीकरण किया गया। जिसमें श्री शर्मा ने नवनिर्वाचित पदाधिकारी को माला पहनकर बधाई दी। प्रखंड उपाध्यक्ष श्रीकांत यादव, संगठन सचिव अरुण शर्मा, अनिल कुमार राउत, संयुक्त सचिव अरुण यादव, सिकंदर कुमार राउत, लाल किस्कू एवं सोशल मीडिया प्रभारी केदार दास को मनोनीत किया गया है। इस दौरान पार्टी में सक्रिय भूमिका निभाने वाले श्रीकांत यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी ने जो हमें दायित्व दिया है। कमेटी व कार्यकर्ताओं के साथ कंधा से कंधा मिलाकर पार्टी को मजबूत करने का काम करेंगे। मौके पर प्रखंड सचिव पतीलाल मुर्मू, उपाध्यक्ष करामात अंसारी, शंकर तांती, कोषाध्यक्ष चंद्र मोहन मंडल, लखीराम सोरेन, पूर्व युवा प्रखंड अध्यक्ष रोहित राव, पूर्व युवा सचिव रणजीत कुमार यादव, संगम यादव, अखिलेश्वर यादव, धनंजय रामानी, संतोष रामानी, आंदोलनकारी जूना मुर्मू, विनोद बेसरा, सविता हांसदा, वीरेंद्र सोरेन, विष्णु तांती, रोहित तुरी, रंजीत चौरसिया, समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## स्वच्छता पखवारा को ले कस्तूरबा की छात्राओं ने निकाली रैली

**सारठ/संवाददाता।**



सारठ स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के छात्राओं ने शुक्रवार को पूर्वाह्न में स्वच्छता पखवारा रैली निकाली। विभिन्न गांवों का भ्रमण करते हुए सारठ प्रखंड मुख्यालय तक छात्राओं एवं शिक्षिका/शिक्षक ने वार्डेन कुमारी चंदा के नेतृत्व में विषाल स्वच्छता रैली निकाल कर अपने आसपास जगहों की साफ-सफाई और गंदगी तथा कीटाणुओं से अपने-आपको सुरक्षित रहने के लिए स्वच्छता का संदेश दिया। वार्डेन ने बताया कि सारठ कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय का चयन पीएम श्री विद्यालय के लिए किया गया है, जिससे विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। मौके पर वार्डेन कुमारी चंदा, सहयोगी शिक्षिका अपर्णा राणा, शैला कुमारी, शारीरिक शिक्षिका बेबी कुमारी मंडल, सहयोगी षिक्षक भावेष झा, ब्रह्मदेव महतो, लेखापाल हरेराम सिंह, रसोईया जोसना मंडल, मंजू देवी, षोभा देवी, रंजू देवी, होम गार्ड मीना कुमारी, सरिता कुमारी, धौनमुनी टुडू समेत विद्यालय के सभी छात्राओं ने स्वच्छता रैली में भाग लिया।

## आज से शुरू होगा प्रसिद्ध उर्स मेला, तैयारियां पूरी



**सारठ/संवाददाता।**

सारठ स्थित मखदूम शाह जहांनिया जहांगस्त रहमतुल्लाह अलैह के मजार पर 29 मार्च से लगने वाला वार्षिक उर्स मेला आज से शुरू होगा। मेला को लेकर सारठ अनुमंडल के एसडीपीओ रंजीत कुमार लकड़ा ने लोगों से अपील किया कि अभी पाक रमजान का महीना चल रहा है तथा हिन्दुओं का भी चैती छठ का त्यौहार है। ऐसे में हम सभी हिन्दू एवं मुस्लिम समुदाय आपसी भाईचारे और सौहार्द का वातावरण बनाकर शांतिपूर्वक माहौल में इन सभी त्यौहारों को सफल संचालन में आप सबों का सराहनीय सहयोग की अपेक्षा है। अपना अमूल्य सहयोग प्रदान कर इसे सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने में अपनी सहभागिता देकर अच्छे मिसाल कायम करें। इस बाबत अंचलाधिकारी कृष्ण चंद्र सिंह मुंडा, प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन कुमार सिंह, थाना प्रभारी सूरज कुमार सिंह द्वारा उर्स मेले के सफल संचालन के लिए पूरी प्रशासनिक तैयारी पूरी कर ली गई है। जगह-जगह पर दंडाधिकारी भी प्रतिनियुक्त किये गये है। साथ ही उर्स मेला कमेटी के सदस्यों द्वारा भी मेले को सफल बनाने में जुट हुए हैं। मेले के मुख्य जगहों पर पुलिस बलों की भी तैनाती की गई है। वहीं शरारती तत्वों पर पुलिस की कड़ी नजर बनी रहेगी।

## आज हिंदू नववर्ष पर निकलेगी भव्य शोभायात्रा, तैयारियां पूरी : कन्हैया

**देवघर/नगर संवाददाता।**



हिंदू नववर्ष आयोजन समिति द्वारा हिंदू नववर्ष की पूर्व संध्या पर निकाली जाने वाली ऐतिहासिक शोभायात्रा की तैयारी पूरी कर ली गई है। शहर का इस शोभायात्रा से जुड़ाव हो इसलिए अलग-अलग पुरुष और महिलाओं की टोलियां बनाई गईं थी, कोई जनसंपर्क में अपनी पूरी ताकत झोंक रहे थे तो कुछ टोलियां सहयोग शुल्क इकट्ठा करने में लगी रही। इस बार के हिंदू नव वर्ष शोभायात्रा का बजट हर वर्ष से कुछ ज्यादा है, इसलिए पिछले 4 वर्षों से देवघर शहरवासियों ने हिंदू नववर्ष की झांकी और शोभायात्रा देखी वो इस बार की शोभायात्रा का बिल्कुल अलग और अद्भुत अंदाज देखने वाले हैं। जिसमें करीब 75 से 80 झांकियां निकाली जाएगी, जहां इस बार की प्रमुख झांकियां राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त छत्तीसगढ़ से आ रहे 60 सदस्यीय कलाकारों की टीम की होगी। निकलने वाली झांकियां इस प्रकार है गणेश जी,शंकर जी, परशुराम, नरसिंह भगवान, हनुमान जी ,ब्रह्मा जी, विष्णु जी,रामकृष्ण परमहंस, माता शारदा, बिरसा मुंडा, खूनिया, माता सीता, माता सरस्वती, रानी पद्मावती, लक्ष्मी माता, भारत माता, राम, लक्ष्मण, गंगा माता, काली, कृष्ण, अर्जुन, कृष्ण, बलराम, सुभद्रा, तिरुपति बालाजी, खाटू श्याम, वीर कुंवर सिंह, संभाजी, मंगल पांडेय, बाजीराव पेशवा, पृथ्वीराज चौहान, रानी लक्ष्मी बाई दो मराठा सेना, अर्धनारी, हिरण्यकशयप। आयोजन समिति के अध्यक्ष कन्हैया झा के नेतृत्व में यह ऐतिहासिक झांकी निकलने को तैयार है। एक ओर व्यवस्था प्रमुख आशीष झा, कार्यकारी अध्यक्ष सूरज झा, महामंत्री महेश राय, प्रवक्ता मुकेश पांडेय, कोषाध्यक्ष रितेश पंसारी, कुणाल राय ने इस शोभायात्रा को सफल बनाने के लिए दिन-रात एक कर दिया है। वहीं दूसरी ओर देवघर के स्थानीय कलाकारों का चयन उपरांत अजीत, मानस और गुड्डा की टीम पूरी तन्मयता से कार्यक्रम को सफ़ल बनाने में लगी हैं। वहीं आयोजन समिति के मीडिया प्रभारी मनीष पाठक ने कहा कि शोभायात्रा अद्भुत होगी और समस्त देवघर वासियों से उपस्थित होने की अपील की। आयोजन में समिति के अध्यक्ष कन्हैया झा, चेयरमैन मनोज मिश्र, कार्यकारी अध्यक्ष सूरज झा, व्यवस्था प्रमुख आशीष झा, प्रो राजीव रंजन सिंह, महामंत्री महेश राय, विजया सिंह, कोषाध्यक्ष रितेश केसरी, प्रवक्ता मुकेश पांडेय, उपाध्यक्ष पवन टमकोरिया, प्रचार प्रमुख प्रमेश राव, साज सज्जा प्रमुख अजीत केसरी, मानस झा, गुड्डा, आशीष केसरी व हिंदू नववर्ष से जुड़े तमाम पदाधिकारी और कार्यकारिणी सदस्य इस शोभायात्रा को भव्य बनाने में एड़ी चोटी एक किये हैं।

## ईद की अंतिम तैयारी में लगे हैं लोग

■ **सेवईयों व लच्छा की सजी दुकानें**

**मधुपुर/संवाददाता।**



ईद को लेकर बाजार में चहल-पहल बढ़ गई है। देर रात तक बाजार मे रौनक देखने को मिल रही है। रमजान को गुजरने में कुछ ही दिन का समय बच गया है। जैसे-जैसे ईद का समय नजदीक आ रहा है। लोग तैयारी में जुट गए है। चारों तरफ उत्साह और उमंग का माहौल है। अलविदा जुमे की नमाज अदा के रोजेदार और ज्यादा उत्साहित हैं। बाजार में खरीदारों की भीड़ उमड पड़ी है। पर्व की अब अंतिम तैयारी चल रही है। ऐसे में रेडीमेड कपड़े, श्रृंगार के समान, सेवाइयां, लच्छा, मजनुआ, सुरमा ,टोपी , रुमाल आदि की बिक्री अब जोरों पर है। शाम होते ही बाजारों में महिला पुरुष की भीड़ बढ़ जा रही है। कपड़े की दुकान और मनिहारी दुकानों में देर रात तक महिलाओं की भीड़ लगी रहती है। गांधी चौक, हटिया रोड, स्टेशन रोड, भगत सिंह चौक, थाना रोड पर दर्जनों सेवईयों, लच्छा, टोपी, सुरमा की दुकान सज गई है। 30 या 31 को ईद मनाने की संभावना जतायी गई है।

## मधुपुर में ईद-उल-फितर की नमाज का समय निर्धारित

**मधुपुर/संवाददता।**

शहर के विभिन्न मस्जिदों और ईदगाहों में ईद उल फितर की नमाज का समय अलविदा जुमा में मस्जिदों से इमाम ने एलान किया है। मस्जिद व ईदगाह मोहल्ले में पीर साहब की बड़ी मस्जिद 8:15 बजे, हाजी गली अहले हदीस मस्जिद 8:15, पनाहकोला ईदगाह 8:00, मदीना मोहल्ला ईदगाह 8:15, लखना मोहल्ला मस्जिद 8:00, चांदमारी मोहल्ला मस्जिद 8:30, पनाहकोला खजरा मस्जिद 7:45 ,कमर मंजिल रोड मस्जिद 7:45, इस्लाम बाग तिलैयाटांड़ मस्जिद 7:45, नबी बक्श रोड ईदगाह 8:00, बेलपाडा मस्जिद 8:15 , अब्दुल अजीज रोड ईदगाह 7:30, पटवाबाद ईदगाह 8:00, नेबुआबाद मस्जिद 8:00, बारा ईदगाह 8:00, पसिया मोहल्ला ईदगाह 8:30 बजे, नीमतल्ला भेड़वा मस्जिद 8:30, सिकटिया जगदीशपुर मस्जिद 7:45 , दुल्लमपुर मस्जिद 7:45, नींमआडीह ईदगाह 8:15, सेठ बिला सपाहा फतेहपुर ईदगाह 7:30, लालगढ़ ईदगाह 8:30 अपने-अपने समय सीमा के मुताबिक ईद उल फितर की नमाज पढ़ी जाएगी।



## आधुनिक भारतीय कला में फ्रांसिस न्यूटन सूजा का था महत्वपूर्ण योगदान

**देवघर/वरीय संवाददाता।**



फ्रांसिस न्यूटन सूजा जिन्हें एफ. एन. सूजा भी कहा जाता है, एक जाने-माने भारतीय चित्रकार थे। आज ही के दिन 28 मार्च, 2002 को उनकी मृत्यु हुई थी। मौके पर स्थानीय ओमसत्यम् इंस्टिट्यूट ऑफ फिल्म, ड्रामा एंड फाइन आर्ट्स के निदेशक डॉ. प्रदीप कुमार सिंह देव ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा-एम.एफ. हुसैन, एस. एच. रज़ा और के. एच. आरा आदि के साथ-साथ एफ. एन. सूजा भी 'प्रोग्रेसिव आर्ट्स ग्रुप ऑफ़ बॉम्बे' के संस्थापक सदस्य थे। स्वतंत्रता के बाद वाली पीढ़ी के वे पहले ऐसे भारतीय चित्रकार थे जिन्हें पश्चिम में बहुत पहचान मिली। उन्हें उनके आविष्कारी मानव आकृतियों के लिए भी जाना जाता है। उनका जन्म गोवा के सालिगाव में 12 अप्रैल, 1924 को एक कैथोलिक परिवार में हुआ था। जब वे मात्र तीन महीने के थे, तब उनके पिता की मृत्यु हो गयी। उनकी माता ने उनका नाम गोवा के पैट्रन सेंट, 'सेंट फ्रांसिस जेविएर' के नाम पर रखा। उनकी माता कपड़ा सिलाई का काम करती थीं, जिसकी झलक सूजा के एक प्रसिद्ध कृत में भी देखने को मिलती है। उन्होंने मुंबई के सेंट जेवियर्स कॉलेज में पढ़ाई के लिए दाखिला लिया, पर एक दिन शौचालय में टॉयलेट पर भित्ति चित्रण करने की वजह से निकाल दिया गया। सन 1948 में एफ़. एन. सूजा के चित्रों की पहली प्रदर्शनी लंदन के 'बर्लिंगटन हाउस' में लगी। सन 1949 में सूजा भारत छोड़कर इंग्लैंड चले गए जहाँ प्रारंभ में उन्हें एक चित्रकार के रूप में अपने आप को स्थापित करने के लिए संघर्ष करना पड़ा। इसलिए उन्होंने पत्रकार के तौर पर भी कार्य किया। सन 1954 में लन्दन के 'द इंस्टीट्यूट ऑफ़ कंटेम्पररी आर्ट्स' ने अपनी एक प्रदर्शनी में सूजा के भी चित्रों को प्रदर्शित किया। सन 1955 में उनका एक आत्मकथात्मक लेख 'निर्वाना ऑफ़ अ मैगोट' स्टेफेन स्पेंडर के 'एनकाउंटर' पत्रिका में प्रकाशित हुआ। इसके बाद उनके कॅरियर में सफलता का दौर प्रारंभ हुआ। स्पेंडर ने सूजा को 'गैलरी वन' के मालिक और आर्ट डीलर विक्टर मस्ग्रेव से मिलवाया; जिसके बाद सन 1955 में एफ. एन. सूजा की एक प्रदर्शनी पूर्ण रूप से बिक गयी। सन 1959 में उन्होंने ने 'वर्ड्स एंड लाइन्स' प्रकाशित की। इसके बाद उनका कॅरियर धीरे-धीरे ऊपर उठता गया और उन्होंने कई प्रदर्शनियों में अपने कृतियों को प्रदर्शित किया। जॉन बर्गर जैसे कला समीक्षकों ने उनकी कला की बहुत तारीफ की। सन 1967 में सूजा न्यूयॉर्क चले गए और वहीं रहने लगे। 1977 में उन्होंने 'कामनवेल्थ आर्टिस्ट्स ऑफ़ फेम' प्रदर्शनी में भाग लिया और अपने कृतियों की एकल प्रदर्शनी पेरिस और डेट्रॉइट जैसे शहरों में लगाई। उनके चित्रों की प्रदर्शनी दिल्ली, मुंबई और करांची में भी लगाई गयी। पिछले कुछ सालों में उनकी कई पेंटिंग्स लाखों अमेरिकी डॉलर में बिकीं। सन 2005 में उनकी एक पेंटिंग 'बर्थ' क्रिस्टी के नीलामी में लगभग 11.3 करोड़ रुपये में बिकी। इसे भारतीय उद्योगपति अनिल अंबानी की पत्नी टीना अम्बानी ने अपने 'हारमनी आर्ट्स फाउंडेशन' के लिए खरीदा था। सितम्बर 2015 में उनकी यही पेंटिंग लगभग 27 करोड़ रुपये में बेची गयी। इसे दिल्ली की किरण नादर ने खरीदा। इसके साथ ही एफ. एन. सूजा भारत के सबसे महंगे आर्टिस्ट बन गए।

**बालक वर्ग में रक्ति पंचायत विजयी...**

# कुशमाहा की बालिका टीम ने जीता फाइनल

■ **प्रखंड स्तरीय किशोर-किशोरियों के लिए फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन**

**सारवां/संवाददाता।**




नीड्स के कार्यकारी निदेशक मुरारी मोहन चौधरी के दिशा निर्देश में तथा प्रोग्राम मैनेजर मधु कुमारी की उपस्थिति में नीड्स संस्था द्वारा शुक्रवार को सारवां स्टेडियम में खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

डीकेए ऑस्ट्रिया के सहयोग से रूपांतरण परियोजना के तहत किशोर-किशोरियों के बीच खेल भावना और प्रतिभा को प्रोत्साहित करने तथा समाज में फैली लिंग भेद को समाप्त करने के उद्देश्य से फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में लड़कों की टीम से रक्ति पंचायत और लड़कियों की टीम से कुशमाहा पंचायत ने भाग लिया। प्रतियोगिता के दौरान सभी खिलाड़ियों ने अपनी उत्कृष्ट खेल कौशल और समर्पण का प्रदर्शन किया। कई रोमांचक मुकाबलों के बीच लड़कियों की टीम से कुशमाहा पंचायत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया। नीड्स संस्था ने इस आयोजन के माध्यम से युवाओं में खेल के प्रति रुचि बढ़ाने और उन्हें एक मंच प्रदान करने का प्रयास किया। संस्था ने विजेता और प्रतिभागी टीमों को सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस आयोजन की सफलता ने यह सिद्ध किया कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी खेल प्रतिभाएं उभरने के लिए तैयार हैं, यदि उन्हें सही अवसर और मंच मिले। नीड्स संस्था भविष्य में भी इस प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन करती रहेगी। इस प्रतियोगिता में मैच रेफरी के तौर पर प्रदीप कुमार तथा लाइनमैन में संतोष कुमार अनिशा कुमारी वोलेंटियर अजय कुमार, सदांनन्द् उपस्थित थे।

## झामुमो ने संथाली मोहल्ला में की बैठक, समस्याओं से हुए अवगत

**जसीडीह/संवाददाता।**



झामुमो देवघर जिला के निवर्तमान उपाध्यक्ष सरोज कुमार सिंह ने नगर निगम देवघर अंतर्गत जसीडीह स्थित वार्ड नंबर एक के संथाली मुहल्ला में शुक्रवार को मुहल्लावासियों के साथ बैठक की। इस दौरान जहां लोगों से मुहल्ला के बिजली, पानी आदि समस्याओं से अवगत हुए। वहीं झारखंड के हेमंत सोरेन की सरकार द्वारा जनहित में किये जा रहे कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया। श्री सिंह ने वार्ड निवासियों द्वारा उठाई गई विभिन्न समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना। इनमें बिजली की अनियमित आपूर्ति, पेयजल की कमी, पेंशन योजनाओं में देरी, सड़कों की खराब हालत, स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी जैसे मुद्दे प्रमुख थे। उन्होंने न केवल इन समस्याओं को गम्भीरता से सुना , बल्कि कई मामलों में ऑन-द-स्पॉट समाधान कराया। साथ ही कई समस्या ऐसे थे जिसका तत्काल समाधान संभव नहीं था जिसके समाधान कराने का आश्वासन दिया। न्होंने कहा कि हमारी पार्टी एवं हेमंत सोरेन सरकार का मुख्य उद्देश्य जनता की सेवा करना है। यदि कोई योजना जमीन पर ठीक से लागू नहीं हो रही है या लोगों को उसका लाभ नहीं मिल पा रहा है, इन सभी समस्याओं की जानकारी प्राप्त करने के लिए जनता दरबार जैसे मंच आवश्यक है। श्री सिंह ने हेमंत सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विशेष रूप से पेंशन योजना, आवास योजना, बिजली-पानी की सब्सिडी, महिला सशक्तिकरण कार्यक्रमों और स्वास्थ्य बीमा योजनाओं के बारे में जानकारी दी। साथ ही, उन्होंने लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ लेने में आने वाली बाधाओं को दूर कर लेने की बात कही। साथ ही कहा कि प्रशासन द्वारा जनता के साथ सीधा संवाद की जा रही है। उन्होंने स्थानीय प्रशासन को धन्यवाद देते हुए कहा जिला प्रशासन जनसमस्याओं को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र निवारण कर रही है जो काबिले तारीफ है। सरोज सिंह ने कहा कि जनता के हित में कार्य करना हेमंत सरकार की प्राथमिकता है और सरकार की प्राथमिकता को मूर्तरूप देना हम जैसे झामुमो के सिपाहियों का कर्तव्य है। इस अवसर पर काफी संख्या में मोहल्लेवासी उपस्थित थे।


**वर्ष :** 44, **अंक :** 85 -**आर.एन.आई.सं :** 39728/84, **Postal Reg. No.** : JH/DMK/10/2017-19, स्वत्वाधिकारी **प्रकाशक-मुद्रक** एवं **सम्पादक** विशाल कुमार द्वारा इंडियन पंच हाउस, अपर बिलासी टाउन, बी. देवघर-814113 (झारखंड) से प्रकाशित तथा मेसर्स इंडियन पंच प्रेस, अपर बिलासी टाउन, बी. देवघर-814113 (झारखंड) से मुद्रित। **टेलीफोन नं-** 06432 - 295110 **मो.**-7979889133 / 9471080619. E-mail-indianpunch2000@yahoo.com (* पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार एवं इनसे उत्पन्न सारे विवादो का निपटारा देवघर न्यायालय के अधीन होगा।)

## न्यूज अपडेट

### आठ लोगों पर बिजली चोरी की प्राथमिकी

**गोपीकांदर/निज संवाददाता।** गोपीकांदर के विभिन्न गांव में बिजली विभाग की टीम छापेमारी कर आठ लोगों पर बिजली चोरी का आरोप में प्राथमिकी दर्ज कराई है। गोपीकांदर थाना में बीते गुरुवार को आठ लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज किया गया है। बिजली विभाग के कनीय अभियंता कृष्ण ने थाना में दिए आवेदन में बताया है कि 26 मार्च को कुश्चिरा गांव में बिजली चोरी के खिलाफ अभियान चलाया गया। कुश्चिरा में अमित सिंह को बिजली चोरी करते हुए पाया गया जिसके खिलाफ 62 हजार 138 रुपये का जुमार्ना लगाया गया। इसके अलावे गंगानाथ हेम्ब्रम को 15 हजार 534, पप्पू पाल को 11 हजार 650, बिक्की शर्मा को 11 हजार 650, गढ़ियापानी गांव के चन्द्रशेखर हेम्ब्रम को चार हजार, पुरनाखोड़ा गांव के जगदीश राय को चार हजार, श्यामल देहरी को चार हजार और पलासबनी गांव के लखीन्द्र राय को सात हजार 768 रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। एसआई धर्मल मांझी ने बताया कि वर्तमान में काठीकुंड में पदस्थापित बिजली के कनीय अभियंता कृष्ण कुमार ने आठ लोगों के खिलाफ बिजली चोरी का प्राथमिकी दर्ज कराया है। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

### तीन पंचायतों में पेयजल संकट, नौ दिनों से जलटंकी से नहीं हो रही है आपूर्ति

**रानेश्वर/निज सनवाददाता।** प्रखंड के बाँसकुली पंचायत, गोबिंदपुर एवं बिलकांदी पंचायत में कोलारकांदा पेयजल टंकी से बीते 9 दिनों से पेयजल सप्लाई बंद रहने से उक्त पंचायत के दर्जनों गांव में पेयजल संकट छाने का आरोप जेएमएम कार्यकर्ता मोतालिब खान ने लगाया है। मोतालिब खान ने बताया कि उक्त पंचायत के लागभग 30 गांवों में इसी पेयजल टंकी से पाईप लाइन के तहत पेयजल उपलब्ध होता है। सभी लोगो के घरों में नल लगाया गया है। मोतालिब ने बताया की उक्त पंचायत के गांव के अधिकतर कूप का पानी सूख गया है। चापाकल का पानी पेय योग्य नही है। बताया कि कुछ सम्पन्न लोग पेयजल खरीद कर अपना प्यास बुझा रहे है। सेकड़ो लोग जोराया का पानी पीने को मजबूर है। विभाग के इस लापरवाही के कारण स्थानीय लोगो को पेयजल संकट से जूझना पड़ रहा है।

### वन विभाग की टीम ने 12 बोटा सखुआ की लकड़ी किया जब्त

**शिकारीपाड़ा।** थाना क्षेत्र में अवैध लकड़ी तस्करी का धंधा धड़ल्ले से फल फूल रहा है। वन विभाग की टीम के द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। बावजूद क्षेत्र में लकड़ी तस्कर माफिया तस्करी करने के लिए नई-नई तरकीब अपना रहे हैं। वन विभाग की टीम भी माफियाओं पर कार्रवाई करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रही है शिकारीपाड़ा वन विभाग की टीम सूचना मिलने के तुरंत बाद ही माफियाओं पर कार्रवाई करने के लिए जुट जाती है इसका प्रमाण शुक्रवार को लकड़ी तस्कर शिकारीपाड़ा के थाना क्षेत्र के बाबूपाड़ा में सखुआ की लकड़ी काटकर तस्करी करने के लिए रखे थे। वन विभाग की टीम को सूचना मिलने के बाद टीम ने तुरंत जाकर 12 बोटा सखुआ की लकड़ी जब्त किया है। उसे जप्त कर वन परिसर में लाकर रखा है। वही आगे की कार्रवाई की जा रही है। वही वन विभाग के टीम में शामिल तारिणी मंडल ने बताया कि लकड़ी माफिया को लकड़ी की तस्करी किसी कीमत पर करने नहीं दिया जाएगा जानकारी मिलने के तुरंत बाद ही कार्रवाई की जाएगी ग्रामीण व किसी भी व्यक्ति के द्वारा वन विभाग की टीम को संपर्क कर जानकारी दे सकते हैं ।

### ईद और रामनवमी को ले शांति समिति की बैठक

**रानेश्वर/निज संवाददाता।** रानेश्वर थाना परिसर में शुक्रवार को ईद पर्व एवं रामनवमी को लेकर शांति समिति की बैठक थाना प्रभारी बलराम कुमार सिंह के अध्यक्षता में हुई है। बैठक में मुख्य रूप से स्थानीय बीडीओ राजेश कुमार सिन्हा मौजूद थे। प्रशासन द्वारा शांतिपूर्ण ढंग से ईद एवं रामनावनी पर्व मनाने का अपील किया है। आपसी सौहार्द के साथ पर्व मनाने का अपील किया है।

# लोगों की समस्याओं को दूर करने के लिए प्रखंड स्तर पर लगाया जा रहा जनता दरबार : बसंत सोरेन

**दुमका/निज संवाददाता**

सदर प्रखण्ड में शुक्रवार को आयोजित जनता दरबार कार्यक्रम में दुमका विधायक बसंत सोरेन भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि प्रखण्ड स्तर पर जनता दरबार में लगनी ही चाहिये और प्रत्येक प्रखण्ड में आवेदन लिये जाने चाहिये। कई बार ऐसा होता है कि ग्रामीण क्षेत्र से लोग प्रखण्ड मुख्यालय पहुंचते हैं तो अधिकारी नहीं होते हैं, फील्ड में होते जिस कारण लोगों को परेशानियां होती है और उन्हें निराशा होती है। सप्ताह में दो दिन प्रखण्ड स्तर पर जनता दरबार लगाया जा रहा है जिसमें सभी पदाधिकारी रहते हैं और पानी, बिजली, आवास आदि जो भी समस्याएं रहती हैं उनका मौके पर निष्पादन का प्रयास किया जाता है। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का पूर्व में आयोजन किया जाता रहा है, यह उसी की एक कड़ी है। जामा निज संवाददाता के अनुसार प्रखंड मुख्यालय के सभागार में शुक्रवार को बीडीओ डॉ विवेक किशोर की अध्यक्षता और जिला भू अर्जन पदाधिकारी बिनोद कर्मकार, अंचलाधिकारी अशोक बड़ाईक मौजूदगी में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में मइया सम्मान योजना के 207, सर्वजन पेंशन के 1, आवास योजना के 5, आपूर्ति से 1 सहित अन्य से 3 आवेदन प्राप्त हुए। इस मौके पर प्रभारी कल्याण पदाधिकारी मानव कुमार गण, संजीव कुमार दास आदि मौजूद थे। गोपीकांदर निज संवाददाता के अनुसार गोपीकांदर प्रखंड कार्यालय में शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया जिसमें बीडीओ विजय प्रकाश मरांडी के साथ डीटीओ जयप्रकाश करमाली शामिल हुए। जनता दरबार में 34 आवेदन प्राप्त किये गए, जिसमे मंइयां सम्मान योजना, आवास, जन्म-मृत्यु के, मनरेगा, पेंशन, पेयजल समस्या और आधार अपडेट के आवेदन प्राप्त किया गया। इस दौरान नोडल पदाधिकारी विशाल कुमार, बीपीआरओ उमेश साह आदि मौजूद थे। शिकारीपाड़ा निज संवाददाता के अनुसार प्रखंड सभागार में शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। इसमें बीडीओ एजाज आलम, सीओ कपिल देव ठाकुर और शिकारीपाड़ा पूलिस ने लोगों की समस्याएं सुनी। जनता दरबार में 55 आवेदन आए जो आधार कार्ड, मईया योजना और अन्य सरकारी योजनाओं से जुड़े थे।


सदर प्रखंड के जनता दरबार में पहुंचे विधायक।

### जनता दरबार में 89 में से 17 आवेदन का निष्पादन

**रामगढ़/निज संवाददाता।** बीडीओ कमलेंद्र कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में रामगढ़ प्रखंड सभागार भवन में शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में जेएमएमएसवाई से 67, सर्वजन पेंशन से 15, पीएम किसान 03, अबुआ आवास से 04 शित कल 89 जन आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से 17 आवेदन का त्वरित निष्पादन किया गया। जेएमएमएसवाई के आवेदन के बारे में जानकारी दी गई कि अभी इसके पोर्टल में लॉग इन नहीं हो रहा है। लॉग इन होने पर शीघ्र ऑनलाइन कर दिया जाएगा। बताया गया कि जिन माता एवं बहनों का 3 माह के लिए एक मुस्त 7500 नहीं मिले हैं, उन्हें 31 मार्च तक राशि मिल जायेगी। साथ ही रामगढ़ क्षेत्र में बच्चा चोर की अफवाहों से सतर्क रहते हुए कानून हाथ में न लेने की सलाह दी गई। आसपास ऐसी कोई अफवाह का पता चलता है तो इसकी सूचना शीघ्र थाना प्रभारी को देते हुए जिम्मेदार नागरिक होने का कर्तव्य निभाने की अपील की गई। स्वास्थ्य शिविर में 23 लोगों ने बीपी, शुगर टेस्ट के साथ आवश्यक जेनेरिक दवाई प्राप्त कर स्वास्थ्य लाभ लिया। मौके पर स्वास्थ्य कर्मी सुनीता हेंब्रम, जीअनएम अनु मुर्मू, शिक्षा विभाग से राजीव गुप्ता, जेएसएलपीएस कुणाल किशोर, प्रभारी कृषि पदाधिकारी आशीष रंजन, प्रभारी कल्याण पदाधिकारी ब्रजेश कुमार सिंह, जनता दरबार नोडल अफसर आनंद कुमार मंडल आदि मौजूद थे।

## फिरौती के लिए अपहृत युवक बरामद, देसी कट्टे के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**सरैयाहाट/निज संवाददाता**

देशी कट्टे के बल पर पैसे के लिए युवक के अपहरणकर्ता को गुरुवार की रात सरैयाहाट पुलिस ने घटना की सूचना के महज चंद मिनटों में हथियार के साथ धर दबोचा। जानकारी के अनुसार गुरुवार की रात सरैयाहाट पुलिस को नया लोहमड़वा निवासी संजय शर्मा ने बताया कि उसके भाई अजय शर्मा ने उसे फोन पर बताया कि किसी अज्ञात लड़के के द्वारा उसका किडनैप कर नया ढोलगड़िया के नदी के पास झाड़ियों में छिपा कर रखा है। जिसके बाद पुलिस हरकत में आई और तत्काल उक्त स्थान पर पहुंची तो उक्त लड़का पुलिस वाहन को देखते ही भागने लगा। जिसके बाद पुलिस ने लड़के को खदेड़ कर पकड़ा। अपहृत युवक अजय शर्मा के अनुसार देशी कट्टे उसके सर पर सटा उसका अपहरण किया गया था और उसके बाद उससे पैसे की मांग की जा रही थी। पैसे नहीं देने पर उक्त लड़के ने उसे जान से मारने की धमकी दी थी। पुलिस ने लड़के के पास से एक पास से एक लोडेड देशी कट्टा बरामद किया है। पकड़ाए लड़के ने अपना नाम संजय राय(20) पिता रघुनाथ राय ग्राम कलहौड़िया थाना सरैयाहाट बताया है। पुलिस ने शुक्रवार को उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया। अपहरण और आर्म्स एक्ट में दो अलग अलग प्राथमिकी दर्ज। अपहरण के इस मामले में दो अलग अलग प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पहली प्राथमिकी अपहृत युवक के भाई संजय शर्मा ने कराई है जिसमें उसके भाई का पैसे के लिए हथियार के बल पर अपहरण की वजह बताई गई है। पुलिस ने उक्त आवेदन पर भारतीय न्याय संहिता 140(2), 140(3) के तहत मामला दर्ज किया गया है। जबकि थाना के पुलिस अवर निरीक्षक नेल्सन निरल मानकी के बयान पर उक्त लड़के पर 27 आर्म्स एक्ट और 140(2), 140(3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है। सरैयाहाट थाना प्रभारी ताराचंद ने बताया कि युवक के अपहरण की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तो पुलिस वाहन को देख एक युवक भाग रहा था, जिसे पुलिस ने खदेड़ कर पकड़ा। उसकी तलाशी लेने पर एक लोडेड देशी कट्टा बरामद किया गया है। आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।


गिरफ्तार अभियुक्त को कोर्ट ले जाती पुलिस।

## दुर्घटना में मौत के बाद शव रखकर सड़क किया जाम


शव रखकर सड़क जाम करते परिजन।

**काठीकुंड/निज संवाददाता**

काठीकुंड थाना क्षेत्र के चंद्रपुरा गांव के पास गुरुवार को देर शाम अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था। फूलों झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल दुमका में इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। शव का पोस्मार्टम कराकर ग्रामीणों और स्वजनों ने शुक्रवार को घटनास्थल पर शव को रखकर प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय के पास सड़क जाम कर दिया, जिसमें काफी संख्याओं में महिला पुरुष शामिल हुए। इस दौरान आवाजाही पुरी तरह ठप्प रही। बाद में थाना प्रभारी त्रिपुरारी कुमार के पहल पर मृतक कमलाकांत राय की पत्नी कलावती देवी, बेटा संजय राय, बेटी ललिता देवी, संधियां कुमारी को 1,70,000 रुपये मुआवजा देने का आश्वासन के बाद सड़क जाम को हटाया गया। जानकारी के अनुसार गंभीर रूप से घायल युवक की इलाज के दौरान शुक्रवार के सुबह मौत हो गई थी। मृतक युवक थाना क्षेत्र के रांगामटिया गांव का कमलाकांत राय अत्यंत गरीब व्यक्ति था। वह किसी तरह अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। प्रशासन ने गुरुवार को गंभीर रूप से घायल युवक को फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल दुमका में भर्ती कराया था, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार गुरुवार को चन्द्रपुरा गांव के पास रांगामटिया का कमलाकांत राय अपने गांव से पैदल तेलियाचक बाजार स्थित साप्ताहिक हाट जा रहा था। उसी दौरान चंद्रपुरा गांव के प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय के पास सड़क पार करते समय अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से गंभीर रूप से घायल हो गया था। थाना प्रभारी त्रिपुरारी कुमार ने घटनास्थल पर पहुंचकर घायल युवक को फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल दुमका में भर्ती कराया था, जहां इलाज के दौरान शुक्रवार को युवक की मौत हो गई।

## जामा थाना परिसर और कन्या मध्य विद्यालय में लगी आग


आग से हुई क्षति का जायजा लेते पदाधिकारी।

**जामा । संवाददाता**

जामा थाना परिसर एवं उससे सटे कन्या मध्य विद्यालय में शुक्रवार को अचानक आग लग गयी। तेज हवा के बीच आग पर बहुत मुश्किल से काबू पाया जा सका। जानकारी के अनुसार थाना के पीछे झाड़ी में किसी असामाजिक तत्व द्वारा आग लगा दिया गया। आग हवा के तेज झोंका से बढ़ते हुए थाना के पिछले हिस्से में रखे बाइक एवं गाड़ियों के तरफ बढ़ने लगा। आनन फानन में जेसीबी बुलाकर सभी गाड़ियों को उधर से हटाया गया। तबतक दमकल भी पहुंच गयी। इससे पूर्व थाना के कर्मियों द्वारा आग पर काबू पाने का प्रयास लगातार जारी रहा। दमकल के पहुंचने पर आग पर पूरी तरह काबू पाया जा सका। थाना प्रभारी अजीत कुमार ने बताया कि सभी कर्मचारियों के प्रयास से आग को फैलने से रोका जा सका। इसलिये आग झाड़ियों तक ही सीमित रह गयी। कोई नुकसान नहीं हो पाया है। पुनः आग कन्या मध्य विद्यालय के किचन एवं स्टोर रूम में खिड़की के सहारे पहुंच गयी। जिसकी सूचना मिलते ही बीडीओ डॉ विवेक किशोर, थाना प्रभारी एवं थाना के कर्मचारी पहुंचे। स्कूल बंद कर शिक्षक और छात्र घर जा चुके थे। आनन फानन में थाना प्रभारी ने हथौड़ा की मदद से किचन का ताला तोड़ा। फिर आग पर काबू पाया जा सका। तबतक खिड़की, किवाड़, स्टोर में रखे चार सिलेंडर, खाद्य पदार्थ सहित पुराने रजिस्टर वैगरह जलकर राख हो गये। ससमय आग पर काबू नहीं पाया जाता तो सिलेंडर फट सकती थी। जिससे बड़ा नुकसान हो सकता था। इसके उपरांत विद्यालय के शिक्षक भी पहुंचे और नुकसान का जायजा लिया।

### शॉट सर्किट से चश्मा दुकान में लगी आग

**दुमका/नगर संवाददाता।** शुक्रवार को शहर के टीन बाजार सब्जी मंडी रोड में स्थित एक चश्मा दुकान में बिजली के शॉट सक्रिट के कारण स्वीच बोर्ड में आग लग गयी। आध धू-धू कर फैलने लगी। आसपास के लिए दुकान में फायर एक्स्टिंग्वेटर नहीं था। बिजली की आपूर्ति जारी थी जिस कारण पानी से आग नहीं बुझाया जा सकता था। आग फैलने से लोग भागने लगे और अगल-बगल के दुकानदार दहशत में आ गये। इस बीच स्थानीय लोगों ने बालु डाल कर आग को काबु करने का प्रयास किया और पुलिस, दमकल एवं बिजली विभाग को सूचना दी। बिजली विभाग ने लाईन काट दी तो लोगों ने पानी के मदद से आग पर काबु पा लिया।

## जेएसएलपीएस के तहत एसवीइपी परियोजना का एफजीडी कार्यक्रम आयोजित

**रामगढ़/निज संवाददाता**

रामगढ प्रखंड के सभागार कार्यालय में शुक्रवार को झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी के तहत एसविइपी परियोजना का एफजीडी का कार्यक्रम किया गया ।इस कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी कमलेंद्र कुमार सिंहा की अध्यक्षता में किया गया तथा जेएसएलपीएस के राज्य कार्यालय से बीपीओ, जेएसएलपीएस एसविइपी सह डीपीआर इंचार्ज अंकित श्रीवास्तव,एसविइपी बीपीओ प्रेम कुमार तथा संतोष कुमार ,जिला कार्यालय से नितेश सचिन, जेएसएलपीएस प्रखंड कार्यालय रामगढ़ से बीपीएम प्रदीप कुमार रजक, कमल किशोर, बीपीओ शमशेर सिंह तथा एफटीसी ,सीसी ,पीआरपी , बैंक सखी जीसीआरपी , बीआरसी , एसविइपी मेंटर , पीजी मेंबर और श्रत्लठ बैंक मैनेजर उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम में फोकस ग्रुप डिस्कशन पर चर्चा किया गया ।साथ ही एसविइपी परियोजना पर चर्चा किया गया ।सीआरपी ईपी तथा बीआरसी ईपी को आगे कैसे काम करना है, पीजी ग्रुप के साथ सब सेक्टर डाटा पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया। तथा इस कार्यक्रम में सभी प्रतिभागीयों के साथ दुकान तथा अन्य गतिविधि के साथ कैसे सखी मंडल दीदीयों को नन फार्म के तहत आजीविका को बढ़ावा दिया जा सके इस पर गहन मंथन करते हुए सभी का राय भी लिया गया तथा आगे कार्य का प्लानिंग किया गया।

## नहीं रुक रहा बालू का अवैध उठाव व परिचालन

**मसलिया/निज संवाददाता**

मसलिया अंचल क्षेत्र के पश्चिमी भाग स्थित विभिन्न नदी और जोरिया के घाटों में इन दिनों बालू माफियाओं ने टूट मचाये हुए है ।जिसको को लेकर प्रसाशन तंत्र ने चुप्पी साधी हुई है। ताजा मामला अंचल क्षेत्र के पश्चिमी भाग के सीला नदी के गाड़ापाथर, घुरमुन्दनी, भोक्ताडीह, कुरवा व सीमावर्ती क्षेत्र के बंगड़ी आदि नदी घाटों से रोजाना अलसुबह से देर शाम तक ट्रैक्टर मालिक नदी घाटो से दर्जनों मजदूरों के सहयोग से ट्रैक्टरों में लोडकर दिन के उजाले में बेखौफ होकर अपनी गंतव्य स्थानों तक मोटी रकम लेकर पहुचा रहे है। जिसको लेकर ग्राम प्रधान से लेकर अंचल प्रसाशन व प्रसाशनिक आला अधिकारी ने चुप्पी साधी हुई है। गणमान्य नागरिक व बुद्धिजीवियों ने जानकारी देते हुए कहा कि नदी घाटो से अवैध बालू उठाव जब एनजीटी के समय प्रसाशन बंद करने में नाकाम रही है तो अब इन्हें कौन रोकेगा। इन माफियाओं ने नदियों की भौगोलिक स्वरूप को ही बदलकर रख दिया है। बाबजूद प्रसाशनिक कार्रवाही नही होना दुःखद है। इस संबंध अंचलाधिकारी रंजन कुमार यादव से मंतव्य जाने हेतु संपर्क किया गया पर संपर्क नही हो पाया। वही मसलिया थाना प्रभारी धनंजय प्रजापति से पुछेजाने पर बताया इसमे में क्या कर सकते है, यह अंचल प्रसाशन के अधीन आता है। बेहतर वही बात पाएंगे।



**विधायक बसंत और आलोक सोरेन हुए शामिल**

## झामुमो ने किया इफ्तार पार्टी का आयोजन

**दुमका/निज संवाददाता**

झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला इकाई की ओर से शुक्रवार को इंडोर स्टेडियम में इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दुमका विधायक बसंत सोरेन, शिकारीपाड़ा विधायक आलोक सोरेन, जिलाध्यक्ष शिव कुमार बास्की समेत समेत अन्य पार्टी के अलावा एसपी पीतांबर सिंह खेरवार, प्रशिर्क्षु आअपीएस डा मुस्तफा हाशमी, आईटीडीए के पीडी रवि जैंन, एसडीओ कौशल कुमार, डीटीओ जय प्रकाश करमाली एवं मुस्लिम धर्म गुरू शामिल हुए। विधायक बसंत सोरेन ने मुस्लिम समुदाय के लोगों के साथ इफ्तार पार्टी कर इबादत माह रमजान ईद का शुभकामनाएं दिया। सभी एक-दुसरे को गले लगा बधाईयां देते हुए भाईचारे का संदेश दिया। इस अवसर पर विधायक बसंत सोरेन ने ईद की बधाईयां देते हुए शांति व सौहादर्यपूर्ण महौल में ईद मनाने का अपील किया। उन्होंने किसी भी अफवाहों पर ध्यान नहीं देने हुए सौहादर्यपूर्ण महौल में ईद मनाकर शांति व प्रेम का संदेश देने का अपील किया।



इफ्तार पार्टी में शामिल दुमका विधायक बसंत सोरेन, शिकारीपाड़ा विधायक आलोक सोरेन, एसपी व अन्य पदाधिकारी।

### मुस्लिम धर्मावलंबियों ने अलविदा जुम्मा की नमाज पढ़ी

**दुमका/रानीश्वर/निज संवाददाता।** उपराजधानी दुमका जिला मुख्यालय समेत विभिन्न प्रखंडों में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने विभिन्न मसजिदों एवं ईदगाहों में शुक्रवार को रमजान के अवसर पर अलविदा जुम्मा का नवाज अता किया। शहर के जामा मस्जिद, दुधानी मस्जिद, डंगालपाड़ा मस्जिद समेत विभिन्न मस्जिदों में मुस्लिम समुदाय के लोगों नेनमाज अता किया। रानेश्वर निज सनवाददाता के अनुसार प्रखंड के मुस्लिम समुदाय के लोगो ने गांवों के मस्जिदों में रमजान महीना का अलविदा जुम्मा (अंतिम जुम्मा) का नमाज अता किया है। लकड़ाघाटी गांव के मस्जिद में गांव के इमाम मौलाना मोहम्मद साबिर हुसेन फैजी ने नमाज पढ़ाया है। अलविदा जुम्मा के नमाज में लोगो का भीड़ उमड़ा था। यहां के मोहलबोना गांव, आसनबनी, रंगालिया, जयताड़, डुमरा, बनियग्राम, पाथरा, तसरकट्टा, पाठजोड़, एकतल्ला, सुखजोड़ा, धानभाषा डंगालपाड़ा, हररखी आदि गांवों के मस्जिदों में जुम्मे की नमाज अता किया गया है।

## सात दिवसीय योग शिविर संपन्न

**मसलिया/निज संवाददाता।** प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मसलिया की ओर से आयुष्मान आरोग्य मंदिर सिमला के पोषक क्षेत्र अंतर्गत मध्य विद्यालय सिमला में आयोजित सात दिवसीय योग शिविर शुक्रवार को समापन हो गया। जहां छात्र-छात्राओं को योग शिक्षक केसरीनाथ हिंदुस्तानी ने विभिन्न प्रकार के आयामों की जानकारी दी। मौकेपर एएनएम हिना प्रवीण, विद्यार्थी गण के साथ-साथ विद्यालय के शिक्षको ने भी योग अभ्यास किया। योग शिक्षक ने बताए योगासनों का अभ्यास नियमित रूप से करने से शरीर स्वस्थ और रोगमुक्त रहते है। मौके पर छात्र-छात्राओं ने ताड़ासन, तितली आसन, चक्की आसन, सूक्ष्म व्यायाम, शिथिलीकरण का अभ्यास, ध्यान आदि का अभ्यास कराया।

## कायाकल्प मूल्यांकन के लिए गोपीकांदर सीएचसी का निरीक्षण

**गोपीकांदर/निज संवाददाता**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोपीकांदर में कायाकल्प मूल्यांकन के राज्य स्तरीय सदस्य लेकर डॉ मनीष कुमार के द्वारा तीन घंटे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोपीकांदर का निरीक्षण किया गया। सर्वप्रथम प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के द्वारा डॉ मनीष कुमार को सीएचसी कार्यालय में पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया ।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ विश्वनाथ मांडी ने बताया कि निरीक्षण के दौरान अस्पताल की साफ सफाई, दवा वितरण, दवा भंडारण, स्वास्थ्य कर्मियों का प्रशिक्षण लेवल, कार्य करने के तरीके,करुणा जांच, टीकाकरण, ओपीडी,इमरजेंसी वार्ड, प्रसव वार्ड, कोल्ड चैन एवम विभागीय संबंधित कागजातों में संलग्न रिपोर्ट, सीएचसी के विभिन्न प्रकार के बागवानी सहित सभी विभागों का निरीक्षण किया गया ।डा माण्डी ने बताया कि मूल्यांकन के दौरान विभागीय विशेष निर्देश दिए गए हैं बाकी सभी व्यवस्था सामान्य पाई गई है एवं जांच दल के सदस्य द्वारा इस पर संतुष्टि जताई। मौके पर डॉ पंचम लाल,बीपीएम बिनोद कुमार पांडे, बीडीएम प्रदीप कुमार, केटीएस प्रेमतोष बास्की, जीएनएम नमिता मिंज, जुली कांति मुर्मू, हेलेना टुडू, जोनाथन मुर्मू आदि उपस्थित थे।

